दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 31 मई 2025 कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 51 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

आपरेशन सिंदूर के बाद जो आतंकवादी डर से थर-थर कांप कर अपनी बिलों में जा छिपे थे वे संघर्ष विराम के बाद बाहर निकलने लगे हैं। शेर की खाल ओढ़कर ये गीदड़ भारत को धमकी दे रहे हैं। लश्कर-ए-तैय्यबा के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी ने कहा है कि वह शहादत से नहीं डरता है। हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद ने भारत को अंजाम भुगतने की धमकी दी है। लगता है इन गीदड़ों की मौत आ गई है इसलिए वे भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। वैसे इन मच्छरों को मसलने के लिए अज्ञात हमलावर ही काफी हैं।

जनप्रतिनिधियों की छवि को बेहतर बनाना पीए-पीएस का काम: डॉ.रमन सिंह

किसी को आबाद और बर्बाद कर सकते हैं सचिव और निज सहायक : डॉ. महंत

■ मंत्रियों और विधायकों के स्टाफ का प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा में मंत्रियों एवं विधायकों के सचिव और निज सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, पीए और पीएस की भूमिका अपने मंत्री और विधायकों की छवि बेहतर करने में होनी चाहिए, न की किसी को निपटाने में हो।

हर विभाग के कार्ययोजना की जानकारी होनी चाहिए : डॉ. रमन सिंह ने कहा, विधानसभा में आज एक दिवसीय पीए पीएस प्रशिक्षण शिविर रखा गया। इसमें करीबन 100 से अधिक अफसर शामिल हुए हैं। हमने सरकार बनने के बाद पहले मंत्रियों और विधायकों को प्रशिक्षण दिया और अब पीए और पीएस को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये इसीलिए महत्वूर्ण है क्योंकि तीन करोड़ में सिर्फ 100 लोग हैं, जो इस सरकार में विधायक और मंत्रियों के पास मौजूद है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिछले सरकार के कार्यकाल में प्रशिक्षण नहीं हुआ

पिछले सरकार के कार्यकाल में प्रशिक्षण नहीं हुआ, इसमें कहीं चूक हो गई क्या, इस सवाल पर चरणदास महंत ने कहा, हमारे पीए और पीएस को अगर अंधेरे में रखे तो हमसे कई काम भी गलत हो सकते हैं। नेता की हार और जीत में उनका सहयोग जरूरी होता है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में विधानसभा की कार्यप्रणाली पर विधानसभा सचिव ने जानकारी दी। बजट, प्रश्न, विधेयक, सुरक्षा के साथ अन्य विषयों पर भी जानकारी दी गई।

साय मंत्रिपरिषद की बैठक 4 को

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय मंत्रिपरिषद की बैठक 4 जून को दोपहर 12 बजे से मंत्रालय में होगी। साय मंत्रिपरिषद की इस 29वीं बैठक का एजेंडा फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि मानसून के आगमन के साथ खेती-किसानी की समस्याओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिए जाएंगे।

तीन न्यायाधीशों ने ली शपथ

नयी दिल्ली (वार्ता) उच्चतम न्यायालय में नवनियुक्त तीन न्यायाधीशों ने शुक्रवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने शीर्ष अदालत परिसर के एक सभागार में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया, न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। उनके शपथ ग्रहण करने के साथ ही उच्चतम न्यायालय के लिए कुल निर्धारित 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो गई। शपथ ग्रहण समारोह में शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों के अलावा अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता और गणमान्य लोग मौजूद थे।

ईडी उप निदेशक गिरफ्तार

भुवनेश्वर। सीबीआई ने ओडिशा में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक उप निदेशक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी पर भुवनेश्वर के एक व्यवसायी से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। अफसरों ने बताया कि ईडी के उपनिदेशक चिंतन रघुवंशी ने ढेंकनाल में पत्थर खनन का कारोबार करने वाले व्यवसायी रतिकांत राउत से उनके खिलाफ दर्ज ईडी के एक मामले में राहत दिलाने के लिए कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये की मांग की थी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई को सूचना मिली थी कि रघुवंशी व्यापारी राउत से रिश्वत की पहली किस्त लेने जा रहा है। इसके बाद एजेंसी ने जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

तुर्की एयरलाइन से जुड़ी रहेगी इंडिगो

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने आज कहा कि वह तुर्की की एयरलाइन के साथ लीज़िंग की व्यवस्था को अभी समाप्त नहीं करेगी लेकिन भारत की नियामक प्रणाली के अंतर्गत कोई ऐसे निर्देश मिले तो वह उस दिशा में जरूर कदम उठाएगी। इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने यहां कंपनी के सालाना परिणामों के बारे में जानकारी साझा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इंडिगो द्वारा लंबी दूरी के अंतरराष्ट्रीय मार्गों के लिए तुर्की वाहक से लीज पर लिए गए बोइंग 777 और 787 के उपयोग किया जाता है।

भारत-अमेरिका आर्मी में वार्ता

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत और अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण वार्ता हुई है। यह भारत-अमेरिका आर्मी-टू-आर्मी स्टाफवार्ता है, जिसका आयोजन 28 से 30 मई तक नई दिल्ली में किया गया। भारतीय सेना के मुताबिक, इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य मौजूदा समय में चल रहे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा करना है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का मूल्यांकन, सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, अंतर-संचालन क्षमता को सशक्त बनाना और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करना भी इस वार्ता का उद्देश्य था।

बस्तर के हर कोने तक पहुंचाएंगे विकास का उजाला: सीएम साय

सुकमा में 500 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की घोषणा की

■ हमने ईमानदारी से काम किया, इसलिए जनता के बीच रख रहे हैं सरकार का रिपोर्ट कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजते हुए विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब बस्तर के कोने कोने का विकास होगा और विकास के रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा जिले के तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान सुकमा जिले में 500 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की घोषणा की और 16 करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ.बसव राजु एस. भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतिम चरण में आप लोगों के बीच पहुंचकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यहां का वातावरण बड़ा सुंदर है और महुआ की सुंदर छांव शीतलता दे रही है। उन्होंने परंपरागत रूप से स्वागत करने पर सभी का आभार जताया। श्री साय ने कहा कि बस्तर से बदलाव की बुलंद आवाज ने माओवादियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। बस्तर में माओवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। नक्सलगढ़ के रूप जाना जाने वाले सुकमा में स्कूलों की घंटियां ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ने सुशासन शिविर में की बड़ी घोषणाएं

सुकमा दंतेवाड़ा मार्ग हेतु 230 करोड़ रूपए, .झीरम व्यापवर्तन योजना हेतु 32 करोड़ 50 लाख, कावराकोपा में पुलिया निर्माण हेतु 35 लाख, जैमर में पुलिया निर्माण 35 लाख, हमीरगढ़ में सामाजिक भवन 30 लाख, टहकवाडा में एक पुल- पुलिया 35 लाख, तोंगपाल में समूह के लिए प्रशिक्षण केंद्र 25 लाख, मारेंगा में सी सी सड़क हेतु 16 लाख, एलेननार में पंचायत भवन 25 लाख और पुलिया हेतु 3.50 लाख, धोबनपाल देवगुड़ी में बाउंड्री वाल हेतु 10 लाख, सीतापाल के स्कूल में बाउंड्री वाल हेतु 8 लाख, वारदेरास में पुलिया हेतु 16 लाख रूपए की घोषणा की।

योजनाओं की जानी हकीकत

मुख्यमंत्री साय ने तोंगपाल समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लिया। तोंगपाल की त्रिवेणी रावटे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें प्रति माह महतारी वंदन योजना की राशि मिल रही है। बच्चों के पालन पोषण में इस राशि के उपयोग की उन्होंने जानकारी दी। इसी तरह श्रीमती वेदमती कश्यप ने बताया कि हमारी समूह की दीदियां गणवेश सिलाई का काम करती हैं। तीन एकलव्य स्कूल के बच्चों की गणवेश सिलाई से उन्हें सालाना डेढ़ लाख रूपए से अधिक की कमाई हो रही है। शिविर में पहुंचे अन्य लोगों ने भी अपनी मांगे रखी और योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी दी।

खेलो इंडिया पहल के 10 खिलाड़ियों को मिले खेल किट

शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 10 खिलाड़ियों को खेल सामग्री (किट) प्रदान किए। इनमें 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ी और 2 हाकी खिलाड़ी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया एकेडमी रायपुर और सुकमा में जिले की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

नीट पीजी परीक्षा एक ही पाली में कराएं : सुको

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जून से होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-पीजी) 2025 दो की बजाय एक ही पाली में आयोजित कराने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता अदिति और अन्य की याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस नीट पीजी को आयोजित करने वाली संस्था 'नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन' (एनबीई) यह निर्देश दिया।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित न करें, क्योंकि इससे उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं मिलेंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

5 मई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था

इससे पहले पांच मई को अदालत ने उक्त याचिका पर एनबीई, राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब मांगा था। शीर्ष अदालत ने 22 मई को एक अन्य याचिका पर फैसला सुनाया था, जिसमें नीट पीजी काउंसलिंग में सीट-रोकने की व्यवस्था को बंद के लिए कई निर्देश जारी किए गए थे। शीर्ष अदालत ने परीक्षा के अंतरिम अंक, उत्तर कुंजी और सामान्यीकरण की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रकाशित करने का निर्देश दिया था।

हम निर्धारित समय तक नक्सलवाद को खत्म कर चुके होंगे : विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को खूंखार नक्सली कुंजम हिडमा की गिरफ्तारी को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में नक्सलवाद को समाप्त करने का लक्ष्य बहुत जल्द प्राप्त कर लिया जाएगा। विजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुझे यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि मौजूदा समय में जिस तरह से हमारे सुरक्षाबल काम कर रहे हैं, उसे देखते हुए हम यह लक्ष्य बहुत जल्द प्राप्त कर लेंगे।

केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया : उन्होंने नक्सलियों की तरफ से पांच हजार किलोग्राम बारूद लेने पर कहा कि वे लोग ज्यादा दूर तक नहीं गए होंगे। वे अभी झारखंड की सीमा तक ही पहुंचे होंगे। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रंप की धमकी बेअसर, आईफोन निर्यात में चीन से आगे निकला भारत

वाशिगंटन/वार्ता। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद भी भारत ने अमेरिका को आईफोन निर्यात के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि भारत ने अमेरिका को मासिक आईफोन निर्यात में चीन को पीछे छोड़ा हो। अमेरिका में भी भारत में बने आईफोन की मांग बढ़ रही है। इस वित्त वर्ष के पहले महीने में भारत ने अमेरिका को करीब 30 लाख आईफोन भेजे, वहीं चीन का आईफोन निर्यात 9 लाख यूनिट तक सिमट गया। मार्केट रिसर्च फर्म ओमडिया के डेटा के मुताबिक अमेरिका को आईफोन निर्यात में भारत चीन के काफी आगे निकल गया है।

भारत अमेरिका को सबसे ज़्यादा आईफोन भेजने वाला देश बना: मार्केट रिसर्च फर्म ओमडिया का डेटा बताता है कि भारत में बने आईफोन की दुनिया में मांग बढ़ रही है। अमेरिका आईफोन की सबसे बड़ी मार्केट है और भारत अमेरिका को सबसे ज़्यादा आईफोन भेजने वाला देश बन गया है। पहली बार भारत ने अमेरिका को आईफोन निर्यात में चीन को पीछे छोड़ दिया है।

ट्रंप के टैरिफ से भारत को फायदा

अब सवाल है कि आखिर ऐसा हुआ कैसे... इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई ट्रेड पॉलिसी...चीन के मुकाबले भारत में बने आईफोन पर टैरिफकम लगता है जिसकी वजह से एप्पल के लिए भारत में बने आइफोन चीन के मुकाबले ज़्यादा किफायती और फायदे का सौदा हो गए हैं।

देश की जीडीपी ग्रोथ रेट धीमी होकर 6.5% रही

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में धीमी होकर 6.5 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 9.2 प्रतिशत थी। सरकारी आंकड़े के मुताबिक, वहीं भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में धीमी पड़कर 7.4 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 8.4 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि धीमी होकर 7.4 प्रतिशत हो गई, जिससे 2024-25 के दौरान वार्षिक वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई।

जनवरी-मार्च की अवधि में वृद्धि एक साल पहले की तिमाही में 8.4 प्रतिशत विस्तार से कम थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 2024-25 में अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत बढ़ी।

गरमा-गरम

बिहार विस चुनाव... आतंक का फन फिर उठा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे : मोदी

आपरेशन सिंदूर तरकश का सिर्फ एक तीर

बिक्रमगंज (रोहतास) (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर बिहार की धरती से आतंकवादियों और उसके सरपरस्तों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि 'आपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फएक तीर है, आतंक का फन फिर उठेगा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे।

मोदी ने शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में करीब 48 हजार करोड़ रुपये की परियाजनों का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, दुश्मन जान ले कि 'आपरेशन सिंदूर' हमारे तरकश का सिर्फ एक तीर है। भारत की लड़ाई नहीं रुकी है और न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा तो बिल से खींचकर कुचलेंगे। चाहे सीमा पार हो या फिर सीमा के अंदर हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राण जाए पर वचन ना जाए। यानी एक बार वचन दे दिया तो वो पूरा होकर ही रहता है। प्रभु राम की यह रीति, नए भारत की नीति बन गई है। बिहार की धरती से देश को वचन दिया था कि आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। बिहार की धरती पर मैंने कहा था, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। आज जब मैं बिहार आया हूं तो अपने वचन पूरा करने के बाद आया हूं। हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है।

मोदी ने कहा कि भारत की बेटियों की सिंदूर की शक्ति क्या होती है यह पाकिस्तान ने भी देखा और दुनिया ने भी देखा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपए की सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के लोगों को साढ़े 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक की सौगातें दी जिनमें रेल, सड़क, गैस आपूर्ति, शिक्षा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कई परियोजनाएं शामिल है। मोदी ने राज्य के रोहतास जिले में यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन और कई का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य की नीतीश कुमार सरकार ने लोगों के जीवन में भारी बदलाव किया है।

इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन ने दिया भारत को समर्थन

■ आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे लड़ाई

जकार्ता/वार्ता। इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष के. एच. उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा, भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। हमने भारत के साथ चरमपंथ से निपटने का अनुभव साझा किया। दोनों देशों की आर्थिक विकास, राजनीतिक स्थिरता और शांति की एक जैसी आकांक्षाएं हैं।

अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। उन्होंने कहा, कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इसलिए इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है। उन्होंने भारतीय सांसदों से कहा कि इंडोनेशिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएनएस विक्रांत से राजनाथ सिंह ने भरी हुंकार, भारत अब सहन नहीं करता, देता है सीधा जवाब

पणजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि आज INS Vikrant पर अपने नौसैन्य योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता।

मैं यहां एक कृतज्ञ भारतीय के रूप में आया हूं

राजनाथ ने कहा, 'आज मैं यहां केवल रक्षा मंत्री के नाते नहीं आया हूं, बल्कि मैं यहां एक कृतज्ञ भारतीय के रूप में आया हूं। मैं आपके समर्पण को नमन करने, आपके शौर्य को सराहने और आपके परिश्रम को सलाम करने आया हूं। मैं आप सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देता हूं। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है।'

वैसे भी 'विक्रांत' का अर्थ ही होता है- अदम्य साहस, और अपराजेय शक्ति। आज आप सभी जांबाजों के बीच खड़े होकर मैं इस नाम के अर्थ को साकार होता देख रहा हूं। आपकी आंखों में जो दृढ़ता है, उसमें भारत की असली शक्ति झलकती है। महज कुछ ही समय में हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर मैं फिर दुहरा रहा हूं, हमने अपनी शर्तों पर अपनी सैन्य कार्रवाई को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। इस पूरे एकीकृत संचालन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है।

अबकी बार पाक ने की हरकत तो ऐसा देंगे जवाब पाक सोच भी नहीं पाएगा

राजनाथ सिंह ने पाक को फिर चेतावनी दी. उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौप दें। मुंबई हमले में हाफिज सईद शामिल था उसका हिसाब होगा. आतंकवाद के खिलाफ हम उन तरीकों का इस्तेमाल करेंगे जो पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता है. इस बार पाकिस्तान ने कोई हरकत की तो हमारी ओपनिंग नेवी करेगी. इस बार पाकिस्तान ने हरकत की तो नौ सेना भी आएगी और भगवान भी जानते हैं पाकिस्तान का क्या होगा. अगर नौ सेना इस बार आती तो पाकिस्तान के 4 टुकड़े हो जाते. 1971 में नौ सेना आयी थी तो दो टुकड़े हो गये थे।''

न्यूज गैलरी

दो साल के अंदर पीओके में भव्य श्री राम मंदिर बनेगा: स्वामी रामभद्राचार्य

चित्रकूट(आईएएनएस)। जगदुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने शुक्रवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि दो साल के अंदर पीओके मिलेगा और वहां पर भव्य श्री राम मंदिर बनाएंगे और कथा भी सुनाएंगे। इसके साथ ही जगदुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 11 साल पूरे होने और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठाने पर भी जवाब दिया।

सलमान खुर्शीद ने 370 को हटाए जाने के फैसले की सराहना की

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में एक प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था। अलग पहचान की भावना को बड़ी समस्या बताते हुए सलमान खुर्शीद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से हुए सकारात्मक परिणामों पर बात की। उन्होंने केंद्रशासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों में 65 फीसदी मतदाताओं की भागीदारी का भी जिक्र किया। उन्होंने इस क्षेत्र में उभरी समृद्धि की ओर इशारा करते हुए इन घटनाक्रमों को पलटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ पुरजोर तरीके से आवाज उठाई। उन्होंने कहा, 'कश्मीर में लंबे समय से एक बड़ी समस्या थी। इसका अधिकांश हिस्सा संविधान के अनुच्छेद 370 में सरकार की सोच में परिलक्षित होता था, जिससे किसी तरह यह धारणा बनती थी कि यह देश के बाकी हिस्सों से अलग है, लेकिन अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया और अंततः इस धारणा को समाप्त कर दिया गया।

बेंगलुरु हवाई अड्डे पर विश्वस्तरीय एमआरओ सुविधा बनाएगी इंडिगो

नई दिल्ली(वार्ता)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक करार किया है। एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इंडिगो ने अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एयरलाइन की निरंतर प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के तहत बीआईएएल, एयरलाइन के बढ़ते बेड़े के लिए रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इंडिगो को लगभग 31 एकड़ जमीन आवंटित करेगा। यह अत्याधुनिक संयंत्र संकरे और चौड़े आकार वाले दोनों तरह के विमानों की देखभाल के लिए सुसज्जित होगा जिससे बेंगलुरु हवाई अड्डे पर इंडिगो की रखरखाव क्षमताओं और परिचालन को और दक्ष बनाया जा सकेगा।

उत्तर-पश्चिमी चीन में 2023 में हुए गैस धमाके के 15 दोषियों को सजा

यिनचुआन (वार्ता)। उत्तर-पश्चिमी चीन के निंग्ज़िया हुई स्वायत्त क्षेत्र की एक अदालत ने वर्ष 2023 में एक बारबेक्यू रेस्तरां में हुए गैस विस्फोट मामले में 15 व्यक्तियों को शुक्रवार को सज़ा सुनाई। इस विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गई थी। क्षेत्रीय राजधानी यिनचुआन की ज़िंगकिंग डिस्ट्रिक्ट पीपुल्स कोर्ट के अनुसार गंभीर दुर्घटनाएं करने या झूठे प्रमाणन दस्तावेज़ प्रदान करने के अपराधों के लिए प्रतिवादियों को एक से छह साल तक की जेल की सज़ा दी गयी है।

नाइजीरिया में बाढ़ के कारण 21 लोगों की मौत, 10 लापता

अबुजा(वार्ता)। नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई भीषण बाढ़ में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी है और अन्य 10 लापता हैं। नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख इब्राहिम हुसैनी ने संवाददाताओं को बताया कि बुधवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद बाढ़ ने मोक्का क्षेत्र में भीषण तबाही मचायी, लेकिन तीन लोगों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि 50 से अधिक आवासीय घर जलमग्न हो गए या फिर बह गये, जिनमें कुछ लोगों के अभी भी फंसे रहने की आशंका हैं।

बिहार से आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का वादा किया था, उसे पूरा करके ही आया

रोहतास। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार यह एलान किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना को भी सीधा टारगेट किया गया था। उन्होंने कहा कि ÷पहलगाम में जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। जिन लोगों ने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। पाकिस्तानी सेना की छत्रछाया में आतंकी खुद को सुरक्षित मानते थे। हमारी सेना ने एक ही झटके में उनको भी घुटनों पर ला दिया। पाकिस्तान के एयरबेस, उनके सैन्य ठिकाने हमने कुछ ही मिनट में तबाह कर दिए।"

राम की रीति ही नए भारत की नीति बन गई

बिहार के रोहतास जिले के विक्रमगंज में पीएम मोदी की सभा थी। जिला मुख्यालय सासाराम है। सासाराम का नाम लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि "इसके तो नाम में ही राम है। राम राज्य में यह रीति थी- प्राण जाए पर वचन न जाए। राम की रीति अब नए भारत की नीति बन गई है। उन्होंने आगे इस बात को और साफ करते हुए कहा- "पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था। वचन दिया था। बिहार की धरती पर आंख में आंख मिलाकर कहा था कि आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। आज जब बिहार आया हूं तो अपना वचन पूरा करने के बाद आया हूं। यह नया भारत है, यह नए भारत की ताकत है।"

बीएसएफ पर गर्व, शहीद इम्तियाज को श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षेत्र से लेकर भावनाओं तक को छूने वाली बात कही। उन्होंने कहा कि यह वीर कुंवर सिंह की धरती है। यहां के नौजवान सेना-बीएसएफ में अपनी जवानी खपा देते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने हमारी सेना के साथ ही सीमा सुरक्षा बल, यानी बीएसएफ का भी अदम्य पराक्रम और साहस देखा है। बीएसएफ देश की सीमा पर सुरक्षा की अभेद्य चट्टान हैं। मां भारती की रक्षा बीएसएफ के जवानों के लिए सर्वोपरि है। 10 मई को देश की सीमा की रक्षा करते हुए इम्तियाज शहीद हो गए थे। मैं उन्हें आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं। आज बिहार की धरती से फिर दोहराना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर में लड़ाई देश के दुश्मनों से है, चाहे वह सीमा पार हों या भीतर हों- उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।"

हिंसा और अशांति फैलाने वालों का कर रहे खात्मा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "बीते सालों में हमने हिंसा और अशांति फैलाने वालों का कैसे खात्मा किया है, बिहार के लोग इसके साक्षी हैं। कुछ साल पहले तक सासाराम, कैमूर और आसपास के इन जिलों में क्या हालात थे. नक्सलवाद कैसे हावी था। इन लोगों का बाबा साहब के संविधान पर कोई विश्वास नहीं था। 2014 के बाद से हमने इस दिशा में और तेजी से काम किया। हमने माओवादियों को उनके किए की सजा देनी शुरू की. जब शांति होती है तभी विकास के रास्ते खुलते हैं।"

14 वर्षीय स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मिले पीएम मोदी

पटना। बिहार दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात पटना के जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर हुई। वैभव के साथ के माता पिता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने खुद वैभव और उनके परिवार के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं।

14 वर्षीय वैभव ने इस सीजन आईपीएल में तहलका मचा दिया था। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले वैभव ने राजस्थान रॉयल्स से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक लगाकर सबका ध्यान खींचा था। वह आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बने थे। साथ ही वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बने थे। उन्होंने यूसुफ पठान का रिकॉर्ड तोड़ा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव ने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंदों में 101 रन की पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने 11 छक्के और सात चौके लगाए थे। वैभव ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आईपीएल डेब्यू किया था।

पीएम मोदी ने वैभव को लेकर कही यह बात

पीएम मोदी ने वैभव और उनके परिवार के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है! उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।' वैभव ने पीएम मोदी के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद भी लिया।

17 महिला कैडेटों का पहला बैच एनडीए से स्नातक, पुरुष साथियों के साथ इतिहास की ओर बढ़ाए कदम

पुणे। एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तौर पर 17 महिला कैडेटों का पहला बैच शुक्रवार को पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक हो गया। बैच में 300 से अधिक पुरुष भी थे। यह पहला सह-शिक्षा बैच (को-एड बैच) है, जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। कैडेटों ने खड़कवासला में त्रि-सेवा प्रशिक्षण अकादमी के खेत्रपाल परेड ग्राउंड में 'अंतिम पग' का प्रदर्शन किया। इसे आम तौर पर 'नेतृत्व का पालना' के रूप में जाना जाता है। पूर्व सेना प्रमुख और मिजोरम के वर्तमान राज्यपाल जनरल वीके सिंह पासिंग आउट परेड के समीक्षा अधिकारी थे। यूपीएससी की ओर से 2021 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत महिलाओं को रक्षा अकादमी में आवेदन करने की अनुमति दिए जाने के बाद महिला कैडेटों का पहला बैच 2022 में एनडीए के 148वें कोर्स में शामिल हुआ था। अकादमी के कैडेट कैप्टन उदयवीर नेगी ने 148वें कोर्स की परेड की कमान संभाली। इस अवसर पर जनरल सिंह ने कहा, 'आज अकादमी के इतिहास में एक अनोखा महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि एनडीए से महिला कैडेटों का पहला बैच पास आउट हुआ है।

'धुंधली हो रहीं युद्ध और शांति के बीच की रेखाएं': नौसेना प्रमुख

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल उन्होंने कहा कि बिना युद्धविराम के संघर्ष छेड़ने के लिए अंतरिक्ष और साइबर डोमेन के साथ-साथ गैर-संपर्क युद्ध का उपयोग एक नई वास्तविकता है। भारत के रणनीतिक समुद्री ढांचे पर एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सागर यानी क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास का दृष्टिकोण एक व्यापक अवधारणा के रूप में विकसित हुआ है जो अब भारत की बढ़ती समुद्री पहुंच को दर्शाता है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय विजय बताते हुए कहा कि सभी भारतीय बलों ने मिलकर बेहद पेशेवर तरीके से इसे अंजाम दिया। उन्होंने कहा, हम सत्य के मार्ग पर चल रहे थे। मुझे लगता है कि ईश्वर भी इसमें हमारे साथ था। वायुसेना प्रमुख ने कहा, हमने जो ऑपरेशन सिंदूर चलाया, वह राष्ट्रीय विजय है। मैं हर भारतीय को धन्यवाद देता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय इस जीत की ओर देख रहा था। 'ऑपरेशन सिंदूर जैसा कि नौसेना प्रमुख ने कहा था, युद्ध का चरित्र बदल रहा है। हर दिन हम नई तकनीकें खोज रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें यह स्पष्ट रूप से बताया है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं और भविष्य में हमें क्या चाहिए।

पूंछ पीड़ितों से मिले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह

जम्मू। गृह मंत्री अमित शाह ने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्रशासन और सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि वे हर चीज का जवाब देने के लिए सक्षम हैं। अमित शाह ने कहा कि तीन दिन की आफ्त में प्रशासन जनता के साथ खड़ा हुआ था और एक प्रशासनिक अधिकारी को भी अपना बलिदान देना पड़ा। इससे पहले कल गृहमंत्री ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकवाद के सफाए, घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए राजभवन जम्मू में उच्च स्तरीय बैठक की थी। गृहमंत्री ने कहा है कि सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति है। भारत अपने लोगों की सुरक्षा और संप्रभुता को बचाने के लिए दुश्मन को घर में घुसकर मारने में विश्वास रखता है। गृहमंत्री बृहस्पतिवार को शाम साढ़े सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू पहुंचे। रात करीब साढ़े आठ बजे गृहमंत्री की अध्यक्षता में राजभवन जम्मू उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक शुरू हुई। इसमें अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकरोधी अभियान, भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई।

हमारी लड़ाई हमारे खिलाफ आतंक फैलाने वालों से

बोगोटा। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में मारे गए लोगों के लिए कोलंबिया की संवेदना पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने निराशा जताई है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कहा कि आतंकवादियों को मारने वालों और खुद की रक्षा करने वालों के बीच कोई समानता नहीं हो सकती। शशि थरूर सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत के दृढ़ संकल्प को व्यक्त करने के लिए सरकार के वैश्विक आउटरीच के हिस्से के रूप में कोलंबिया में हैं। उन्होंने कहा, 'हम कोलंबियाई सरकार की प्रतिक्रिया से थोड़े निराश हैं, जिसने आतंकवाद के पीड़ितों के प्रति सहानुभूति दिखाने के बजाय भारतीय हमलों के बाद पाकिस्तान में जान गंवाने वालों पर संवेदना व्यक्त की।' तिरुवनंतपुरम के सांसद ने दोहराया कि नई दिल्ली के पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के पीछे पाकिस्तानझ प्रायोजित आतंकवाद का हाथ था। हमले में आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा, 'हम केवल आत्मरक्षा के अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। हम परिस्थितियों के बारे में कोलंबिया से विस्तार से बात करके बहुत खुश हैं।

बैरिकेडिंग लगाई ...

अदालत के फैसले पर पूरे उत्तराखंड और देश के लोगों की निगाहें टिकी थीं

अंकिता हत्याकांड में 32 महीने बाद तीनों आरोपी दोषी करार, कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

कोटद्वार। बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) ने आज फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। इन पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है। वहीं, कोर्ट ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपये का अर्थ दंड और अंकिता के परिजनों को चार लाख रुपये देने का फैसला भी कोर्ट ने सुनाया।

उधर, न्यायालय का फैसला आने से ऐन पहले भीड़ ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर न्यायालय की ओर बढ़ने की भीड़ की कोशिश की। पुलिस पूरी ताकत से लोगों को अंदर जाने से रोकने का प्रयास कर रही है।

अदालत के फैसले पर पूरे उत्तराखंड और देश के लोगों की निगाहें टिकी थीं। कोटद्वार में इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए है। गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों से पुलिस फोर्स कोटद्वार बुलाई गई है। अदालत परिसर के बाहर की सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है।

बीती 19 मई को अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक अवनीश नेगी की ओर से बचाव पक्ष की बहस का जवाब देकर सुनवाई का सिलसिला समाप्त

तीनों हत्यारोपियों वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर आरोप तय होने के बाद 28 मार्च, 2023 से अभियोजन पक्ष की गवाही शुरू हुई। करीब दो साल और आठ महीने तक चली सुनवाई में अभियोजन पक्ष की ओर से विवेचक समेत 47 गवाह अदालत में परीक्षित कराए गए। हालांकि एसआईटी ने इस मामले में 97 गवाह बनाए थे, जिनमें से 47 अहम गवाहों को ही अदालत में पेश कराया गया। अदालत परिसर के चारों ओर व्यापक सुरक्षा प्रबंध।

किया गया था। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस व दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 30 मई की तिथि निर्धारित की थी। कोटद्वार स्थित एडीजे कोर्ट में 30 जनवरी, 2023 को मामले की पहली सुनवाई शुरू हुई थी। एसआईटी जांच के बाद अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 500 पेज का आरोपपत्र दाखिल किया गया।

कोतवाल रमेश तनवार ने बताया कि अदालत परिसर में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने के लिए पौड़ी जिले के साथ ही देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, उत्तरकाशी जनपदों से बड़ी संख्या में पुलिस बल, अधिकारी और डेढ़ कंपनी पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं।

बजबजाती हुई नालियों में पनपते मच्छरों से यदुनंदननगर निवासी परेशान

स्वच्छता, फॉगिंग पर लाखों रुपए खर्च, लेकिन इस क्षेत्र में महीनों से नहीं हुई साफ-सफाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर से लगे तिफरा यदुनंदननगर की बजबजाती नालियां और पनपते मच्छर स्वच्छता का अपना अलग गाथा बयां कर रहा है। इस क्षेत्र में महीनों से फॉगिंग नहीं हुआ है और न ही बजबजाती हुई नालियों की सफाई हो पाई है। क्षेत्रवासी भी इस बात को लेकर अफसोस कर रहे हैं कि आखिर हमें क्यों नगर निगम में शामिल कर लिया गया। वार्ड पार्षद भी चुनाव जीतने के बाद निष्क्रिय हो गए हैं और यहां के निवासियों की समस्याओं का सुध लेने वाला कोई नहीं है। साफ-सफाई के अलावा इस क्षेत्र में पार्किंग की भी गंभीर समस्या है।

लोग अपने वाहन घर के बाहर ही खड़ा कर देते हैं और गलियां सकरी होने के कारण आम लोगों को भारी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का माने तो डोर-टू-डोर कचरा का भी नियमित उठाव नहीं हो पाता है। मवेशियों का जमघट भी लगा रहता है और आम लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता के लिए काफी राशि खर्च की जाती है, लेकिन तिफरा यदुनंदननगर क्षेत्र में साफ-सफाई नहीं होने के कारण बीमारियां फैलने की आशंका लगातार बढ़ रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सप्ताह में कम से कम दो दिन फॉगिंग किया जाएगा तो मच्छर नहीं पनप पाएगा। इसके अलावा बरसात नजदीक है इसलिए नालियों की सफाई करना भी अति आवश्यक हो गया है। ये दोनों समस्याओं को लेकर हम एक बार फिर से वार्ड पार्षद और नगर निगम प्रशासन से भेंट करेंगे। सप्ताहभर के भीतर अगर नालियों की सफाई नहीं हुई तो बारिश के दौरान यहां रहना मुश्किल हो जाएगा। इस तरह तिफरा यदुनंदननगर क्षेत्र में बजबजाती हुई नालियों से हर रोज मच्छर पनप रहे हैं।

तिफरा यदुनंदननगर में एक साल से नहीं हुई फॉगिंग

नगर निगम प्रशासन द्वारा मच्छर से छुटकारा पाने के लिए लाखों रुपए खर्च किया जाता है, लेकिन यदुनंदननगर तिफरा के निवासी मच्छरों से इस तरह से परेशान हैं कि नगर निगम में शामिल होने के बाद अफसोस कर रहे हैं, क्योंकि जब तिफरा नगर पंचायत/पालिक था तो नगर पंचायत द्वारा मूलभूत की सभी समस्याओं को तत्काल दूर कर दिया जाता था। अभी तो हालत इस तरह से खराब है कि पिछले एक साल से इस क्षेत्र में फॉगिंग नहीं किया गया है, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। साथ ही घरों से कचरा भी नियमित रुप से नहीं उठाया जाता। इसकी शिकायत स्थानीय निवासियों ने वार्ड पार्षद सहित निगम प्रशासन से पहले ही की है। कुछ दिनों तक साफ-सफाई बेहतर रहा और आज स्थिति ज्यों का त्यों है।

न्यूज गैलरी

मोर गांव, मोर पानी अभियान से जागा जल संरक्षण का संकल्प

सीपत/नवप्रदेश। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रदेश के सभी ब्लॉकों के ग्रामों में मनरेगा के तहत विभिन्न प्रकार के कार्य कराए जा रहे हैं। जल संरक्षण को लेकर मोर गांव , मोर पानी महाअभियान के तहत व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही है। बरसात के पूर्व मस्तूरी विकासखंड के ग्राम सीपत में जल संवर्धन जल संचय एवं वृक्षारोपण करने हेतु मनरेगा की मजदूरों ने अपनी एक विशेष पहचान बनाकर इसके लिए जुट हुए है। भविष्य में जल संकट को देखते हुए विभिन्न प्रकार के जल स्त्रोतों को नदी, तालाबों, कुआं,नालों में जल को एकत्रित करने के लिए बरसात के पूर्व इस काम में जुटे हुए हैं। सभी जनप्रतिनिधियों , मनरेगा मजदूरों , श्रमिकों को जल संरक्षण का शपथ दिलाई गई। जिसमें सभी ने बढ़चढ़कर जल संरक्षण व संवर्धन की जिम्मेदारी ली। इसके अलावा सीपत के मनरेगा मजदूरों ने जल है तो कल है नारों के साथ जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। सरपंच श्रीमती मनीषा योगेश वंशकार ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन का आरंभ किए गए इस महाअभियान का उद्देश्य केवल जल बचाना ही नही बल्कि समाज मे जल के विवेकपूर्ण उपयोग की आदत विकसित करना और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन को बढ़ावा

'चेतना' अतुलनीय बिलासपुर, सुरक्षित बिलासपुर, आओ संवारे कल अपना कार्यक्रम का समापन

प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने मेडल व प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर पुलिस का जन जागरूकता अभियान ''चेतना'' अतुलनीय बिलासपुर आओ संवारे कल अपना कार्यक्रम का आज समापन किया गया। कलेक्टर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों के प्रोत्साहन के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। पुलिस एवं फ्यूजन स्केटिंग क्लब के संयुक्त प्रयास से एक माह तक साइंस कॉलेज ग्राउण्ड सरकण्डा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा ''चेतना'' अतुलनीय बिलासपुर सुरक्षित बिलासपुर आओ संवारे कल अपना कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके परिप्रेक्ष्य में फ्यूजन स्केटिंग क्लब एवं बिलासपुर पुलिस के संयुक्त प्रयास से साइंस कॉलेज ग्राउण्ड सरकण्डा में पिछले 1 माह से निःशुल्क स्केटिंग प्रशिक्षण का समर कैम्प के रूप में आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 बच्चों को कुशलता पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, कार्यक्रम के सफल आयोजन में फ्यूजन स्केटिंग क्लब के प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को स्केटिंग के बारिकीयों को सहजतापूर्वक आसान भाषाओं में समझाते हुये बच्चों को प्रशिक्षित किया गया।

अभिभावक बच्चों के मन में सकारात्मक विचार लाएं: अग्रवाल

कार्यक्रम के समापन अवसर पर बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुये बच्चों के भविष्य में आने वाली समस्याओं एवं उसके निराकरण के उपाय एवं बच्चों के कोमल मन में सकारात्मक विचारों के विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुये अभिभावकों को इस ओर विशेष ध्यान देने समझाईश देते हुये कार्यक्रम की सराहना किये। इसी कड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुये बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये बच्चों के उज्जवल भविष्य के सतत् विकास के लिए इस कार्यक्रम को एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

बच्चों के बीच हुई चित्रकारी प्रतियोगिता

आज 30 मई को कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रशिक्षण में शामिल सभी बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस प्रकार बिलासपुर पुलिस के कार्यक्रम चेतना आओ संवारे कल अपना का सफल आयोजन कर आज 30 मई को समापन किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक सरकण्डा सिद्धार्थ बघेल, थाना प्रभारी सरकण्डा निरीक्षक निलेश पाण्डेय, निलेश मददेवार रोलर स्केट्स स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट, फ्यूजन स्केटिंग क्लब प्रेसिडेंट सीमा पांडे, ए फ्रैंकलिन छत्तीसगढ़ रजिस्टर्ड कोच, शिरीन पॉल स्केटिंग कोच सहित अन्य शामिल थे।

सेंट जेवियर्स स्कूल की फीस लेकर फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटा (करगीरोड)/ नवप्रदेश। सेंट जेवियर्स स्कूल रानीसागर कोटा स्कूल फीस के नाम पर अभिभावकों से अपने अकाउंट में पैसा लेकर भाग जाने वाले आरोपी को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

करगीरोड (कोटा) कोटा थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत रानीसागर मौहारखार स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल रानीसागर मौहारखार के लेखापाल को चेतना अभियान के तहत सभी अपराध पर नियंत्रण कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह भा.पु.से. द्वारा निर्देशित किया गया है। प्रार्थी प्राचार्य सेंट जेवियर हाई स्कूल रानीसागर कोटा थाना उपस्थित आकर लिखित में शिकायत प्रस्तुत किया कि पूर्व में स्कूल में पदस्थ लेखापाल जाशिल एस.एम. जेहान पिता जाफर मोहम्मद उम्र 39 वर्ष निवासी मध्य नगरी चौक बिलासपुर थाना सिविल लाइन के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी के अभिभावकों से स्कूल फीस के नाम पर अपने खाते में पैसे लेकर स्कूल में जमा नहीं करके फरार हो गया है । जिस पर निर्देशानुसार अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नुपूर उपाध्याय एसडीएम कोटा के मार्गदर्शन पर आरोपी जाशिल एस.एम. जेहान पिता जाफर मोहम्मद उम्र 39 वर्ष निवासी मध्य नगरी चौक बिलासपुर थाना सिविल लाइन को विधिवत गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक तोपसिंह नवरंग, सहायक उप निरीक्षक ओंकार बंजारे, आरक्षक 1056 भोप साहू, का विशेष भूमिका रही।

पत्नी की अंकसूची पर कूटरचना कर पूर्व पति ने अपना डिटेल डाला और किया दुरुपयोग

■ एसएसपी से शिकायत कार्रवाई की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजकिशोर नगर बिलासपुर निवासी 40 वर्षीय शालिनी कलसा ने शुक्रवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पहुंचकर संकल्प तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने बताया की संकल्प तिवारी ने उनकी ग्रेजुएशन की अंकसूची जो की बीएचएससी होम साइंस जीडीसी गर्ल्स कॉलेज गुरु घसीदास विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई थी उस अंक सूची को संकल्प तिवारी ने फर्जी तरीके से कूटरचना कर नाम बदल दिया और बीएससी कंप्यूटर साइंस सीएमडी कॉलेज गुरु घसीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के रूप में अंकसूचित तैयार कर ली। उसमें संकल्प तिवारी ने जीडीसी गर्ल्स कॉलेज की जगह सीएमडी कॉलेज लिखवा लिया। रोल नंबर, एनरोलमेंट नंबर,अंकसूची का उत्तीर्ण वर्ष भी एक जैसा ही है। गुरु घसीदास विश्वविद्यालय की उनकी अंकसूची में कॉपीराइट मोनो दोनों है लेकिन संकल्प तिवारी की अंकसूची में यह दोनों नहीं है। शालिनी कलसा ने बताया कि संकल्प तिवारी उनके पूर्व पति हैं जिससे वह अब अलग हो चुकी हैं।

तिवारी 13 बी ब्लॉक सी1 हाइट्स सरजू बगीचा मसानगंज बिलासपुर में रहते हैं और उन्होंने उनकी अंकसूची की नकल करके फार्मा कंपनियों में एरिया मैनेजर के पद पर नौकरी कर रहे हैं। उन्हें इसकी जानकारी काफी समय बाद लगी जिसके बाद आरटीआई के जरिए उन्होंने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से जानकारी मांगी तब इसका खुलासा हुआ। इस संबंध में 22 नवंबर 2024 को उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया था जिस पर अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

स्वस्थ जीवनशैली अपनाने साइकलिंग जरूरी

स्वस्थ शरीर,स्वस्थ समाज के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए साइकिलिंग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने राइडिंग कम्युनिटी आफ बिलासपुर वर्ल्ड बायसीकिल डे 3 जून के अवसर पर दो दिन पहले 1 जून को आरसीबी साइक्लोथान 2025 का आयोजन करने जा रहा है। सायकिल रैली शाम साढ़े 4 बजे पुलिस ग्राउंड से शुरू होकर अग्रसेन चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग, व्यापार विहार,महाराणा प्रताप चौक, इंदु चौक, लिंक रोड होते हुए वापस पुलिस ग्राउंड में यह साइकिल यात्रा समाप्त होगी। लगभग 5 किलोमीटर की यात्रा इस दौरान तय की जाएगी।

उन्नत कृषि तकनीक से अवगत हुए किसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। किसानों को उन्नत तकनीकों, प्राकृतिक खेती की जानकारी देने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान में काठकोनी और बकरकूदा में कृषि जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में किसानों को धान की कतार बोनी, पैडी ट्रांसप्लांटर से रोपाई, तथा सोयाबीन की बीबीएफ पद्धति जैसी उन्नत तकनीकों पर भी किसानों को प्रशिक्षित किया गया।

सफाई, चौड़ीकरण और एनीकट निर्माण से बदल सकती है गोकने नाले की तस्वीर

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के सकरी क्षेत्र से निकलने वाला गोकने नाला न केवल एक प्राकृतिक जलधारा है, बल्कि यह शहर की जल प्रबंधन प्रणाली का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह नाला सकरी, हांफा, उसलापुर, घुरु, अमेरी और तिफरा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरता है और अंततः अरपा नदी में मिल जाता है लेकिन वर्तमान में यह नाला कई समस्याओं से जूझ रहा है। सबसे बड़ी समस्या है नाले के किनारे हुए अवैध निर्माण और अतिक्रमण। इसकी वजह से नाले की चौड़ाई काफी कम हो गई है, जिससे बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय निवासियों को इससे काफी परेशानी होती है, और शहर की साफ-सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। यदि प्रशासन और सरकार इस नाले के विकास की ओर गंभीरता से ध्यान दें, तो यह नाला न केवल जल निकासी में मददगार हो सकता है, बल्कि शहर के जलस्तर को भी सुधार सकता है। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। नाले की सफाई, गहरीकरण और दोनों किनारों का चौड़ीकरण करने से जल प्रवाह बेहतर होगा और बाढ़ की संभावना कम होगी। यदि नाले के दोनों किनारों पर सड़कें बन जाएं, तो परिवहन व्यवस्था सुधरेगी और स्थानीय निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। नाले में बीच-बीच में छोटे एनीकट बनाए जाएं ताकि बारिश का पानी थोड़ी देर रोका जा सके। इससे आसपास के गांवों में भूजल स्तर (वॉटर लेवल) बढ़ेगा, जो किसानों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो सकता है। आज जब जल संकट की स्थिति हर ओर चिंता का विषय बन चुकी है, तो गोकने नाले जैसे संसाधनों का संरक्षण और उपयोग न केवल शहर के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक पहल हो सकती है।

कुपोषण दूर करने चलेगा 'पोंठ लईका' अभियान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जनभागीदारी से कुपोषण मुक्त समाज बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने अभिनव पहल की है। पोंठ लईका अभियान के नाम से जिले में एक अभियान शुरू किया गया है।

प्रथम चरण में 250 आंगनबाड़ी केन्द्रों की मध्यम एवं गंभीर रूप से कुपोषित लगभग 4 हजार बच्चों को लक्ष्य में लिया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने प्रार्थना सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला में अभियान के अमल में लाने की रूपरेखा बताई। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों के व्यवहार परिवर्तन से कुपोषण के दुष्चक्र से बाहर निकालना संभव है। इसके लिए भारी भरकम बजट की जरूरत नहीं है। स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों और प्रचलित सरकारी योजनाओं के तालमेल से इस अभियान को सफल किया जा सकता है। अभियान का जिले में संचालन एम्स रायपुर, यूनिसेफ और स्को4एन के सहयोग से किया जायेगा। आगामी छह महीनों में लक्षित बच्चों को सुपोषित करने की समय-सीमा रखी गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी, यूनिसेफ के पोषण समन्वयक डॉ. महेन्द्र प्रजापति,एम्स रायपुर के समन्वयक वरूण एलेक्जेण्डर सहित महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

जनभागीदारी से कुपोषण मुक्त समाज बनाने की अभिनव पहल

कैंसर पीड़ित 6 साल के बच्चे की मौत, कलेक्टोरेट में बवाल

■ निगम ने मकान पर चलाया था बुलडोजर

बिलासपुर /नवप्रदेश। कैंसर पीड़ित 6 साल के बच्चे की मौत के बाद बवाल हो गया है। परिजन शव लेकर पहुंचे कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर हंगामा किया। दरअसल, नगर निगम ने 2 दिन पहले लिंगियाडीह में अतिक्रमण हटाने मकान पर बुलडोजर चलाया था। परिजनों का आरोप है कि जब परिवार मासूम का इलाज कराने रायपुर गया था, तब नगर निगम की टीम ने उनका मकान तोड़ दिया। इस बीच उनके आने का भी इंतजार नहीं किया गया। जब परिजन वापस आए तब उनका आशियाना उजड़ा मिला। जब परिवार रायपुर से अपने लौटा तो उनके रहने तक की व्यवस्था नहीं थी। निगम प्रशासन ने मानवता को शर्मसार करते हुए उनके मकान पर बुलडोजर चला दिया था। टीम में शामिल लोगों को मोहल्ले के लोगों ने समझाइश भी दी, लेकिन वो नहीं माने। इधर, शुक्रवार को जब बीमार बच्चे की घर के बाहर ही मौत हो गई तब लोगों का गुस्सा भड़क गया, जिसके बाद वो नारेबाजी करते हुए सीधे कलेक्ट्रेट पहुंच गए।

बैठक **कलेक्टर ने की जल संसाधन विभाग के कामकाज की समीक्षा, तेजी से कार्य पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश**

अधूरी सिंचाई योजनाएं भी भूजल के नीचे चले जाने का एक कारण

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में सिंचाई विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के सिंचाई परियोजनाओं के मरम्मत और रख रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधूरे कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि अधूरी सिंचाई परियोजनाएं भी भू जल के नीचे चले जाने का एक कारण है। सतही जल के संरक्षण में सिंचाई विभाग की अहम भूमिका है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्माण स्थल की सतत निगरानी के निर्देश दिए। कहा कि कामों की गुणवत्ता से कदापि समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने बारिश के पानी को रोकने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एडीएम आर ए कुरुवंशी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा डेम और एनिकट के गेट में जो भी मरम्मत कार्य किया जाना है वो जल्द कर ले। उन्होंने बारिश के पानी को रोकने के लिए फोकस करने कहा। नाला बंधान, पर्कुलेशन टैंक जैसे स्ट्रक्चर बनानें के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि भू जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। पानी के अंधाधुंध दोहन से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। हम भूमि के नीचे का पानी बहुत निकाल चुके हैं। अब हमें पानी भूमि के नीचे डालना है। राजनांदगांव जिले में इस दिशा में बहुत अच्छा काम हुआ है। हम समाज के लिए जो भी बेहतर कर सकते हैं, हमें करना चाहिए। पौधरोपण एवं जल संरक्षण हर तरह के कार्य का अनिवार्य हिस्सा है। किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करे। हर गांव में एक-एक पर्कोलेशन टैंक बनाना है। उन्होंने सभी सब इंजीनियर और एसडीओ को इस पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

गांव का पानी गांव में रुके

कलेक्टर ने कहा कि गांव का पानी गांव में रुकना चाहिए, यह हमारा लक्ष्य है। जब तक हम गांव वालों को अभियान से नहीं जोड़ेंगे तब तक हमें जल संरक्षण के कार्यों में सफलता नहीं मिलेगी। कलेक्टर ने अधूरे कामों को समय में पूरा करने के निर्देश दिए। कहा उनकी गुणवत्ता से कतई समझौता नहीं किया जाये। बैठक में जल संसाधन विभाग के ईई मधु चंद्रा सहित सभी एसडीओ एवं सब इंजीनियर उपस्थित थे।

सुविचार

यह सोचकर कमजोर न पड़ना कि आप अकेले हो, यह सोचकर डटे रहना कि आप अकेले ही काफी हो। - अज्ञात

अपने ही जाल में फंसे डोनाल्ड ट्रंप

जिस तरह मकड़ी अपने ही बुने हुए जाल में फंस जाती है ठीक वही स्थिति आज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हो गई है। अपने दूसरे कार्यकाल में डोनाल्ड ट्रंप अपने बड़बोलेपन के कारण तेजी से अपने लोकप्रियता खाते जा रहे हैं। न सिर्फ उनकी विश्वसनीयता खत्म हो रही है बल्कि अमेरिका का प्रभाव भी कम होने लगा है। डोनाल्ड ट्रंप की अजीबों गरीब कार्यप्रणाली से अमेरिका के लोग भी त्रस्त हो गये हैं। उनके अपने लोग भी उनका साथ छोड़ने के लिए विवश हो रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण ऐलन मस्क का अपने पद से इस्तीफा देना है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पद के चुनाव के पूर्व एलन मस्क डोनाल्ड ट्रंप के विश्वस्त सहयोगी के रूप में उनसे जुड़े थे और उनके चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली थी। इस तरह डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद का चुनाव जिताने में एलन मस्क ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। यही वजह है कि राष्ट्रपति पद का शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क को अपना विशेष सलाहकार बनाया था। किन्तु छह माह के भीतर ही एलन मस्क ने अपने पद से इस्तीफा देकर खुद को डोनाल्ड ट्रंप की सरकार से अलग कर लिया है। जाहिर है इससे अब डोनाल्ड ट्रंप का प्रचार तंत्र कमजोर होगा। इस बीच अमेरिका की एक अदालत ने वहां के व्यापारियों की याचिका पर सुनवाई के बाद डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ प्लान को अवैधानिक करार देकर उन्हें करारा झटका दिया है। कोर्ट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप अपने अधिकारों का दुरपयोग कर किसी पर भी टैरिफ नहीं बढ़ा सकते। कोर्ट के इस फैसले से डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका लगा है। वैसे यहां भी डोनाल्ड ट्रंप ने झूठ का सहारा लिया था और कोर्ट में यह दलील दी थी हिक भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने के लिए उन्हें टैरिफ बढ़ाना पड़ा था। उनके इस तर्क को कोर्ट ने अमान्य कर दिया है वैसे कोर्ट के इस निणर्य के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे लेकिन वहां से भी उन्हें राहत मिलने की संभावना कम है। गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की वित्तीय स्थिति को सुधारने के नाम पर दुनिया के कई देशों पर टैरिफ बढ़ा दिया था। जिसे लेकर उनके खिलाफ कई देशों ने मोर्चा खोल दिया था। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम कराने की सेखी बघार दी थी लेकिन रूस इसके लिए तैयार नहीं हुआ इससे नाराज होकर डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को पागल कह दिया और यह भी कहा कि वे आग से खेल रहे हैं। इस पर पलटवार करते हुए रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने तीसरे विश्व युद्ध की धमकी दे डाली। यही नहीं बल्कि रूस ने यूक्रेन पर अपने हमले और तेज कर दिये। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लुटने की भी कोशिश की लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया कि भारत ने पाकिस्तान के अनुरोध पर ही अस्थाई संघर्ष विराम पर अपनी सहमति दी है इसमें अमेरिका का कोई दखल नहीं है। इससे डोनाल्ड ट्रंप की दुनिया में खिल्ली उड़ी इसके बावजूद डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर विवादास्पद बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। भारत और अमेरिका के बीच मतभेद गहराते जा रहे हैं। इसे लेकर भी अमेरिका के विषेशज्ञों ने डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी अलोचना की है उनका कहना है कि भारत अमेरिका का मित्र राष्ट्र रहा है और उसने तीन दिनों के भीतर ही पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर अपनी सैन्य क्षमता का पूरी दुनिया को परिचय दे दिया है इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान के साथ खड़े दिख रहे हैं जो अमेरिका और भारत के संबंधों में दरार डाल सकता है। जो अमेरिका के हित में नहीं है। कुल मिलाकर डोनाल्ड ट्रंप अपनी सनक के चलते अपने मित्रों को और मित्र राष्ट्रों को अपने से दूर करते जा रहे हैं। वे यह भी भूल गये हैं कि पहली और दूसरी बार उन्हें राष्ट्रपति पद का चुनाव जिताने में अमेरिका में बसे भारतीय मूल के लाखों लोगों ने वोट दिया था और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अमेरिका प्रवास के दौरान एक तरह से उनका चुनाव प्रचार किया था। उस समय डोनाल्ड ट्रंप ने नरेन्द्र मोदी को अपना सच्चा दोस्त बताया था और भारत के साथ अमेरिका के व्यापार को दो गुनाह करने की बात कही थी। लेकिन उन्होंने अब टैरिफ बढ़ाकर भारत को भी नहीं बख्शा है और अब तो वे पाकिस्तान को वित्तीय मदद मुहैया करा कर भारत के साथ अपने संबंध और खराब करने पर तुले हुए हैं। इससे भारत को तो थोड़ा बहुत नुकसान होगा लेकिन अमेरिका को ज्यादा क्षति पहुंचेगी क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। ऐसे में भारत के साथ मतभेद बढ़ाना अमेरिका को महंगा पड़ सकता है। रही बात भारत की तो वह आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। और तीसरे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है ऐसे में भारत अमेरिका की चौधराहट कतई कबूल नहीं करेगा वैसे भी अमेरिका की बात तो कनाड़ा और यूक्रेन जैसे छोटे छोटे देश भी नहीं सुन रहे हैं। इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को दुनिया का चौधरी समझने का मुगालता पाले हुए हैं जो अमेरिका के लिए भविष्य में घातक सिद्ध हो सकता है।

नारी शक्ति की प्रतीक : रानी अहिल्याबाई होलकर और छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता

लक्ष्मी राजवाड़े
महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री

भारत के इतिहास में कुछ महिलाएं ऐसी रही हैं जिनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बन गया। उन्हीं में से एक हैं राजमाता अहिल्याबाई होलकर, जिनकी 300वीं जयंती पर हम श्रद्धा और गर्व के साथ उन्हें स्मरण कर रहे हैं।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं उन्हें सादर नमन करती हूं और उनके आदर्शों को आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में दोहराते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की नारी सशक्तिकरण योजनाओं की चर्चा करना चाहती हूं।

अहिल्याबाई होलकर : त्याग, सेवा और न्याय की मूर्ति

रानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। एक युवा विधवा के रूप में उन्होंने न केवल स्वयं को संभाला, बल्कि संपूर्ण मालवा राज्य को कुशलता से चलाया। वे प्रशासन, धर्म, सामाजिक समरसता और दान की मिसाल थीं। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, अयोध्या, बद्रीनाथ, द्वारका जैसे स्थानों पर पुनर्निर्माण कार्य कर भारतीय संस्कृति और आस्था की रक्षा की। उनके कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि यदि नारी को अवसर और अधिकार मिले, तो वे समाज और राष्ट्र दोनों को दिशा दे सकती हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प : हर नारी बने समर्थ

छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में, अहिल्याबाई होलकर के पदचिन्हों पर चलते हुए नारी सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

महतारी वंदन योजना – छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। अबतक लगभग 70 लाख महिलाओं को 15 किश्तो में 9788.78 करोड़ रूपए सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है।

महिला स्वावलंबन योजनाए - राज्य सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से स्वरोजगार योजनाएं प्रारंभ की और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की ठोस पहल की है। इन पहलों से लाखों महिलाएं अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं।

महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेंटर, फास्ट ट्रैक कोर्ट, विधिक सहायता जैसे उपाय सुनिश्चित किए गए हैं ताकि हर महिला को न्याय मिले और वह भयमुक्त जीवन जी सके।

हमारा लक्ष्य : सशक्त, सुरक्षित और सम्मानित नारी समाज

रानी अहिल्याबाई होलकर जी ने जिस समाज की कल्पना की थी। उसे साकार करने के लिए हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के चार स्तंभों पर कार्य करना होगा। छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है, ताकि हर बालिका अपने सपने को साकार कर सके और हर महिला समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा सके। अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि संकल्प का अवसर है। संकल्प इस बात का कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण करेंगे। मैं समस्त प्रदेशवासियों से अपील करती हूं कि वे इस अभियान में सहभागी बनें और नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति में बदलने की दिशा में योगदान दें। जब नारी सशक्त होगी तभी विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प साकार होगा।

पैसिव स्मोकिंग भी बन रही है मौत का कारण

श्वेता गोयल

बचपन से ही हम पढ़ते-सुनते आए हैं कि धूम्रपान तथा तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं और शरीर में कैंसर तथा कई अन्य बीमारियों को जन्म देते हैं लेकिन यह जानने-समझने के बाद भी जब हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते और विभिन्न तंबाकू उत्पादों का सेवन करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे व्यक्ति समझना ही नहीं चाहते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत नहीं पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली हनुमान की भांति समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है। धूम्रपान शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है। तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों से भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा करने के उद्देश्य से 'अपील का पर्दाफाश: तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' थीम के साथ मनाया जा रहा है।

एक ओर जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले डेढ़ दशक में तो वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी तेजी से गिरावट आई है। गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से अमेरिका की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और उसे इस कार्य में सफलता भी मिली। भारत में प्रतिदिन धूम्रपान से मरने वालों की संख्या सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मुकाबले 20 गुना है जबकि एड्स से देश में जितनी मौतें 10 वर्ष में होती हैं, उतनी मौतें धूम्रपान की वजह से मात्र एक सप्ताह में ही हो जाती हैं। करीब दस प्रतिशत व्यक्ति तो ऐसे होते हैं, जो खुद धूम्रपान नहीं करते लेकिन पैसिव स्मोकिंग के शिकार बनते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आगामी एक-दो वर्षों तक ही धूम्रपान की वजह से 50 करोड़ से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके होंगे और अगले 30 वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या प्रतिवर्ष 10 लाख से बढ़कर 70 लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है प्रतिवर्ष विश्वभर में 8000 से अधिक नवजात शिशु धूम्रपान के कारण असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान न करने वालों की अपेक्षा फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना 15 गुना अधिक होती है। नशे के दुष्प्रभावों पर छपी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में बताया गया है, ''सिगरेट के धुएं में करीब 4000 घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जिनमें पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि प्रमुख हैं, जो मानव शरीर पर तरह-तरह से दुष्प्रभाव डालते हैं। धूम्रपान से हृदय रोग, लकवा, हर प्रकार का कैंसर, मोतियाबिंद, नपुंसकता, बांझपन, पेट का अल्सर, एसीडिटी, दमा, ब्रोंकाइटिस, मिरगी, मेनिया, स्कीजोफ्रेनिया जैसे घातक रोगों का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1727 में 31 मई को ही फ्रांस, ब्रिटेन और नीदरलैंड ने पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किए थे। 1878 में आज ही के दिन जर्मनी का युद्धपोत एसएमएस ग्रोसर करफर्स्ट के डूबने से 284 लोगों की मृत्यु हो गई थी। 1889 में आज ही के दिन अमेरिका के पेंसिलवेनिया स्थित जांसटाउन में भीषण बाढ़ से 2,200 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई थी। 1900 में आज ही के दिन लार्ड रार्बट्स के नेतृत्व में ब्रिटिश सैनिकों ने जोहान्सबर्ग पर कब्जा किया था। 1907 में आज ही के दिन अमेरिका के न्यूयार्क शहर में पहली टैक्सी सेवा शुरू हुई थी। 1921 में 31 मई को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को स्वीकृत किया गया था। 1935 में आज ही के दिन पाकिस्तान के क्वेटा शहर में भीषण भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। 1959 में आज ही के दिन बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई थी। 1977 में आज ही के दिन भारतीय सेना के 1 दल ने पहली बार विश्व के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत शिखर कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

एक अजूबा नज़र

एक अजूबा नज़र में आया, एक अकेला देश हो गया यूं पगलाया सकल परिवेश, महान उसका वेश हो गया पुर्ज़ा-पुर्ज़ा हुई इंसानियत, यहाँ हर इक घबराया सा है सच और बुद्धिसम्मत कहना, सत्ता हेतु कलेश हो गया। - **केदारनाथ शब्द मसीहा**

तन्हा वीरान

तन्हा वीरान उदास रेतीली डगर क्या कहे जीवन चक्र पतझरी ये सफर हो अँधेरा गहन फूटे तभी रविकिरण रचो कुछ गीत जागेंगे जो हर प्रहर कन्धों पर अहम बोझा है भारी बहुत छोड़ लोभ गठरी यहीं कुछ पल तू ठहर चलाचल चलाचल करें नवसृष्टि सृजन गायें खुशी भरे मल्हार अब हम नगर उस परम तत्व दृढ द्वार में ही छिपे ढूंढ ले तू शतदल हो ना जाये कहर। - **ज्योत्सना सक्सेना**

खास पाती | सोचा था क्या और क्या पाया

सोचा था क्या और क्या पाया दिया सब कुछ न कुछ पाया हर तरफछलावा झुठी बातें मुस्कुराहटों के पीछे दोगली बातें छलावे की दुनियां दुनियां में मैं मुझे नहीं आता यूं लोगो सा होना नासमझी में पहले न समझती थी मैं चाले, षड्यंत्रों से भरी बाते लोगों के ढोंग नहीं ढोंगी हूं मैं मुझसे न बनती बनावटी बाते जो हूं जो थी वो ही हूं मै तुम्हे है तय करना कौन बनना तुम्हे है जो साथ रहना मुझसा रहो जो हो एक चेहरा वो ही रखो न दोगली बातें न षड्यंत्रों की मैं मै न हूं जो न सह सकती वैसे । - **वेणी मिश्र वेणी**

जहाँ अपना कोई समझता नहीं वहाँ प्रेम

जहाँ अपना कोई समझता नहीं वहाँ प्रेम बसता नहीं कभी - कभी अपने भी गैर की तरह व्यवहार बदलते हैं और गैर अपने बन जाते हैं अपने बहुत समय हमने गुमा दिए यह बात हमें समझ आती है उन्हें क्या समझ आएगी जो स्वार्थ में हमें समय मांगते हैं फिर भी कभी हमें शिकायत नहीं संवेदनाएं हमारी मरी नहीं मुश्किल के समय में हम अकेले ही रहे हैं संघर्ष के पल में कोई साथी साथ नहीं रहे यह सच है कि हमने अपना समय दान किया। - **लक्ष्मी नारायण लहरे**

किसने थी ये प्रथा चलाई काहे को ये

किसने थी ये प्रथा चलाई काहे को ये स्कूल बनाई आने-जाने का ये झंझट टीचर करती खूब पिटाई पढ़ो किताबें फिर दो टैस्ट फेल हुए तो पैसे वेस्ट घर में झंझट, बाहर झगड़ा कौन है वो जो लाया रगड़ा लाओ सिस्टम कोई ऐसा पढ-लिख लें और लगे ना पैसा खेलो-कूदो, मजे उड़ाओ घर में पढ़कर,खूब कमाओ। - **जे डी कुदाल**

कुछ पल, झिझकती है ज़िंदगी, किसी के

कुछ पल, झिझकती है ज़िंदगी, किसी के बिछड़ जाने से। ठिठक जाती है ज़िंदगी, कच्चे धागे मे उलझ कर। बढ़ जाती है डगर दर डगर, सांसों के आने जाने से। चल पड़ता है समय, कल से कल की ओर। यादों की तस्वीर बंद कर ,निस्पंद सी धड़कन मे। ढूंढता है फिर ये मन, हर अंधेरे कोने मे। उस गुज़रे वक्त को, बहते वक्त की धारा मे। मानता कहाँ है दिल न लौटती है धारा, न लौटा है वक्त। समय को मतलब नही किसी के होने न होने से।। - **शिखा लाहिरी**

थोड़ी जरूरतों का ख्याल मुझे है

थोड़ी जरूरतों का ख्याल मुझे है। जिंदगी ज्यादा मेरी फरमाइश नहीं है।। मैं जिम्मेदारियों में बंधा शख्स हूं। मेरी खुद की कोई ख्वाहिश नहीं है।। रिश्ते दिल से निभाए हैं हमेशा मैंने। मैने की कभी आजमाईश नहीं है।। रिश्तों में वहम तू लाई ÷जिंदगी÷। सिर्फ मेरे दिमाग की पैदाइश नहीं है।। अब बहुत टूट चुका हूं मैं कमल। और टूटने की मुझमें गुंजाइश नहीं है।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो। - **कमलकांत डोंगरे**

थोड़ी जरूरतों का ख्याल मुझे है

सफलता और असफलता दोनों ही परिस्थितियों में आप कुछ न कुछ सीखते अवश्य हैं। सफलता और असफलता दोनों ही दुनियाँ के समक्ष आप को ला खड़ा करते हैं। असफलता की स्थिति में दुनियाँ आप का उपहास करती है और सफलता की स्थिति में कई लोग सफलता पर प्रश्नचिन्ह लगा बैठते हैं, परन्तु असफलता की स्थितियों में आप, अपने प्रयासों में आभाव से अवगत् होते हैं। जीवन हर क्षण कोई न कोई सीख अवश्य देती है, यही सीख का संग्रह जीवन है। विद्यार्थी बनें रहना ही बेहतर है न? - **सुरेखा अग्रवाल**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

सड़क कथा

विजय कुमार गुप्ता

शहर सड़क चौक चौराहे बदलाव देखते,
नवीन व्यवस्था देने में शासन दौड़ रहा है।
यातायात दर्शन का नित्य ही पाला पड़ता,
अनेक वर्ग निज ढंगों से देखो तोड़ रहा है।
राजपाट करने वाले को सभी कहते राजा,
नई पुरानी पीढ़ी, नियमों का बजाते बाजा
अकड़ धौंस दिखाते हरदम सड़क पर जो
पुरातन ताकत बाप की बोले या हो ताजा
दौलत खिलाड़ी बेवजह बात मरोड़ रहा है
नियमों को धत्ता देकर मर्यादा फोड़ रहा है
नवीन व्यवस्था देने में शासन दौड़ रहा है
अनेक वर्ग निज ढंगों से देखो तोड़ रहा है
शहर की सड़क चौड़ीकरण का है स्वागत
नामी गिरामी ऐतिहासिक मूर्तियां यथावत
अनर्गल उदगार से खुद विरोध मूर्ति बनाते
सियासत छोड़ तारीफों की शून्य है लागत
ट्रैफ्फिक सहूलियत बाबद हाथ जोड़ रहा है
पर सियासत में मटका पुतला फोड़ रहा है

क्रमशः

QUIZ TIME

1) हाल ही में दिल्ली पुलिस का 78वां स्थापना दिवस कब मनाया गया?

2) हाल ही में 2025 बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?

3) चेंचू जनजाति मुख्य रूप से किस राज्य में निवास करती हैं?

4) डेड सी, जो समाचारों में देखी गई थी, किन दो देशों के बीच स्थित है?

5) हाली ही में चर्चा में रहे खोन नृत्य का संबंध किस देश से है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 16 फरवरी (2) इंडोनेशिया (3) आंध्रप्रदेश (4) इजरायल और जॉर्डन (5) थाईलैंड

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:37, सूर्यास्तः 07:11, चन्द्रोदयः 18:35, चन्द्रास्तः 28:46, अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः ग्रीष्म, शक सम्वतः 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः 2082 (सिद्धार्थी), मास :ज्येष्ठ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्रः पुष्य, योग : वृद्धि, प्रथम करण : वणिज (10:14 तक), द्वितीय करणः विष्टि (21:22 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : कर्क (15:42 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ केतु : सिंह

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:47 से 12:42, अमृत काल 19:12 से 20:43, सर्वार्थ सिद्धि योग 05:17 से 21:29, रवि योग 05:17 से 21:29, विजय मुहूर्त 14:34 से 15:30, गोधूलि मुहूर्त 19:11 से 19:31, सायाह्न सन्ध्या 19:13 से 20:13, निशिता मुहूर्त 23:54 से 24:35, राहुकाल 09:00 से 10:30, राहु वास दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड 15:44 से 17:28, दुर्मुहूर्त 08:04 से 08:59, होमाहुति बुध, दशा शूल पश्चिम, अग्निवास पृथ्वी, भद्रावास स्वर्ग (10:14 से 15:42), मृत्यु (15:42 से 21:22 तक)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन मन कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा।

वृषः आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

मिथुनः आज के दिन आप कुछ अभाव का अनुभव करेंगे फिर भी परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढाल लेना ही बेहतर समझेंगे।

कर्कः आज का दिन वैसे तो आपके लिये कुछ ना कुछ लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है।

सिंहः आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। दिन का पहला भाग नासमझी के कारण व्यर्थ खराब होगा।

कन्याः आज आपको लाभ की सम्भावना दिन के आरंभ से ही रहेगी कुछ शुभ प्रसंग घटने पर मानसिक रूप से निश्चिन्त रहेंगे।

तुलाः आज का दिन आपके लिये अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है।

वृश्चिकः आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा। आज आप की कार्य गति थोड़ी धीमी रहेगी।

धनुः आज दिनचार्य संघर्ष वाली रहेगी। दिन के आरम्भ से ही मन किस अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा।

मकरः आज का दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। आज एक समय मे मन दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी।

कुंभः आज के दिन से आप कुछ अधिक आशा लगाए रहेंगे दिन के मध्यान तक दिनचार्य सुव्यवस्थित रहेगी लेकिन मध्यान बाद से स्वभाव में लापरवाही आने के कारण अव्यवस्था बढ़ेगी।

मीनः आज बचते बचते कलह होने की संभावना है स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है। आप जल्दी से किसी विवाद में नही पड़ेंगे लेकिन वातावरण ही ऐसा बनेगा ना चाहकर भी क्रोध आयेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (ऊ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (ऊ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 063 का हल

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री ने सावरकर सौरभ स्मारिका का किया विमोचन

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित स्मारिका सावरकर सौरभ का विमोचन किया। स्मारिका सावरकर सौरभ का प्रकाशन अखिल भारतीय साहित्य परिषद, छत्तीसगढ़ द्वारा सावरकर जयंती के अवसर पर किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने सावरकर सौरभ स्मारिका के प्रकाशन पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद, छत्तीसगढ़ के सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि वीर सावरकर हमारे देश के सच्चे सपूत थे। उन्होंने मातृभूमि की सेवा में असंख्य कष्ट सहते हुए स्वतंत्रता की अलख जगाई। उनके साहसपूर्ण जीवन के प्रेरणादायी संस्मरणों से सभी को प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री को सावरकर सौरभ के संपादक और अखिल भारतीय साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के प्रांत संयोजक प्रभात मिश्र ने बताया कि इस स्मारिका में स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर के जीवनकाल की घटनाओं को संपादित कर स्मारिका का रूप दिया गया है। स्मारिका में विभिन्न लेखकों ने वीर सावरकर के जीवन के विभिन्न आयामों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए हैं।इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद, छत्तीसगढ़ से रामेश्वर शर्मा, शिवरतन गुप्ता, मनीष शर्मा, संतोष बरलोटा, भास्कर किन्हेकर ,अभय मिश्रा, कौशल साहू सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

पं. रविशंकर विवि के कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल हटाए गए

रायपुर/नवप्रदेश। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल को हटा दिया गया है। कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल की नियुक्ति को हाईकोर्ट ने अवैध ठहराया है। राहुल गिरी गोस्वामी ने वर्ष 2022 में याचिका दायर किया था। याचिकाकर्ता ने न सिर्फ पटेल की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे, बल्कि उनकी योग्यता को लेकर गंभीर आपत्तियाँ दर्ज कराई थीं। इस पर अदालत ने फैसला सुनाया कि शैलेन्द्र पटेल कुलसचिव पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक और प्रशासनिक योग्यता को पूरा नहीं करते, इसलिए उनकी नियुक्ति नियमों के विरुद्ध है। इस मामले की अंतिम सुनवाई छह मार्च 2025 को हुई थी, जिसके बाद निर्णय को सुरक्षित रखा गया था। अब अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए शैलेन्द्र पटेल की याचिका खारिज कर दी है और उनकी नियुक्ति को पूरी तरह अवैध करार दिया है।

देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी 31 मई को प्रातः 11 बजे राजधानी शहर रायपुर के केनाल लींकिंग रोड राजातालाब में लोटस अस्पताल के सामने स्थित देवी अहिल्या बाई होल्कर की मूर्ति के समक्ष उनका सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

शंकर नगर मार्निंग ग्रुप ने कलाकारों का स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। विगत दिनों प्रदर्शित हुई छत्तीसगढ़ी फिल्म÷ मोर छइंहा भूइंया 3÷ जो कि पूरे प्रदेश तहलका मचा रही है फिल्म की वरिष्ठ अभिनेत्री सुमित्रा साहू एवं अंजलि सिंह जिन्होंने फिल्म में परदादी व दादी के किरदार में अभिनय किया आज मार्निंग वॉक ग्रुप विद काफी में शंकर नगर चौपाटी के सदस्यों ने सौजन्य भेंट किया साथ ही स्वागत अभिनंदन कर ग्रुप के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया इस अवसर पर भाजपा शंकर नगर मंडल महामंत्री सुधीर चौबे,डी.आर.साहू,बी.आर.साहू, सीताराम वर्मा, सीताराम कुर्रे, रामानंद पाण्डेय,बबला ध्रुव, रामेश्वर साहू,बबला साहू, लंकेश वर्मा, राधे श्याम निषाद, दुबे जी,खोरबाहरा ध्रुव,मीना सेन, गायत्री चंद्राकर, संतोष, नवमी,धुरसों,कामेश, सुभाष एवं फिल्म के पी.आर.ओ.दिलीप नामपल्लीवार उपस्थित रहे

बेटियों के लिए सोशल हेल्थ की सुरक्षा जरूरी: वर्णिका

■ **सखी निवास के उद्घाटन व सेनेटरी पेड मशीन का शुभारंभ**

रायपुर/नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने महाराष्ट्र मंडल के पुनर्निर्मित सखी निवास के उद्घाटन और सेनेटरी पेड मशीन के शुभारंभ पर कहा कि आज यहां पुर्निनिर्मित सखी निवास का शुभारंभ होने जा रहा है। हमारा छत्तीसगढ़ संगम के नाम से जाना जाता है। यहां आने वाली प्रत्येक मातृशक्ति गंगा, यमुना वाली मातृ शक्ति बनकर निकले। यहां से वो बाहर निकले, तो लोगों को पता चल जाए कि यह महाराष्ट्र मंडल के सखी निवास की मातृ शक्ति हैं।

डॉ. वर्णिका ने कहा कि आज यहां सेनेटरी पेड मशीन का शुभारंभ भी होने जा रहा है। हमारे यहां इसे मासिक धर्म कहा जाता है, मासिक प्रक्रिया नहीं। हमारे यहां संतान वो संतति है, जिसमें आज की बेटी कल की माता होती है, जो भारत भाग्य विधाता हैं। इस संतति की उत्पत्ति की जिम्मेदारी जिस बालिका को प्रकृति ने सौंपी है, उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी है। बेटियों के लिए सोशल हेल्थ की सुरक्षा जरूरी है।

सखी निवास को सैनेटरी पेड मशीन दान देने वाली विशेष अतिथि समाजसेवी शुभांगी आप्टे ने कहा कि हमने रायपुर शहर में 10 सैनेटरी पेड मशीन लगाने का संकल्प लिया है और उसमें यह पहली मशीन है। भविष्य में भी यथायोग्य स्थान पर हम और सेनेटरी पेड मशीन लगाएंगे। शुभांगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के शुरुआती दिनों से ही स्वच्छ भारत अभियान चलाया।इसके लिए उन्होंने लोगों को जागरूक करने का राष्ट्रव्यापी बीड़ा भी उठाया है। इस अभियान को हम भी आगे बढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल के विशेष अतिथि कमल नारायण अग्रवाल, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन दंडवते, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, उपाध्यक्ष गीता दलाल, आध्यात्मिक समिति प्रभारी आस्था काले, शंकर नगर बाल वाचनालय प्रभारी रेणुका पुराणिक सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विश्व की दुर्गम सैन्य चोटी सियाचिन ग्लेशियर पर तिरंगा फहराया

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व की दुर्गम सैन्य चोटी सियाचिन ग्लेशियर पर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराकर मातृभूमि की सेवा करते हुए बलिदान देने वाले रायपुर निवासी शहीद राजीव पाण्डेय के आज 45वें शहादत दिवस पर राजधानी शहर के संजय नगर टिकरापारा में स्थित उनके मूर्ति स्थल के समक्ष नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जोन क्रमांक 6 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त आयोजन में पहुंचकर राजधानी की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने समस्त राजधानीवासियों की ओर से उन्हें सादर नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की।

सभी जिलों के कलेक्टर एवं अध्यक्ष आपदा प्रबंधन प्राकृतिक आपदा से बचाव की व्यवस्था करें

■ **बाढ़ नियंत्रण हाई पावर कमेटी की बैठक**

■ **मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ऋचा शर्मा**

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बाढ़ आदि नैसर्गिक विपत्तियों से निपटने हेतु गठित उच्च स्तरीय बाढ़ नियंत्रण समिति की बैठक आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बरसात के मौसम में राज्य के जिलों के विभिन्न स्थानों पर बाढ़ आने पर उससे निपटने की तैयारियों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बाढ़ के दौरान विभिन्न स्थानों पर राहत शिविरों की व्यवस्था सहित राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाली कार्यवाही एवं तैयारियों के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को आगामी मानसून 2025 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिए गए है। बैठक में राज्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में माह जून में मानसून सक्रिय होने की संभावना है। इसलिए सभी जिलों में वर्षा की जानकारी संकलित की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की गई है। इसका दूरभाष क्रमांक 0771-2223471 एवं फैक्स क्रमांक 0771-2223472 है। इसके अतिरिक्त बाढ़ नियंत्रण कक्ष से 0771-2221242 दूरभाष पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला स्तर पर भी बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना की गई है। बैठक में बताया गया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसिन, जीवन रक्षक दवाईयां, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा दलों का गठन सहित अन्य जरूरी सामग्री अभी से संग्रहित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दे दिए गए है। बरसात के दिनों में पेयजल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई एवं वहां पर ब्लिचिंग पावडर की व्यवस्था करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए गए है। इसी प्रकार से ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर ली जाए। जहां प्रतिवर्ष प्रायः बाढ़ आती ही है। इन क्षेत्रों में सतत् निगरानी रखने एवं अवश्यकता पड़ने पर वहां के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उनके ठहरने के लिए राहत शिविर आदि की समुचित योजना बनाने के निर्देश दिए गए है। बाढ़ से बचाव संबंधित उपकरणों की मरम्मत करने और जिन जिलों में मोटरबोट उपलब्ध है उनकी जानकारी शीघ्र ही राहत कार्यालय को दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए नगर सेना एवं नागरिक सुरक्षा के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में तमाम नालियों की साफ-सफाई बरसात के दिनों में निरंतर कराये जाने कहा गया है। नगरीय निकायों के अधिकारियों को अभी से ही शहरों की नालियों की साफ-सफाई करने कहा गया है। शर्मा ने कहा है कि नगरीय क्षेत्रों में जर्जर भवनों की निगरानी लगातार की जाए। इन भवनों में निवासरत लोगों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर बसाए जाने की भी व्यवस्था की जाए। ऐसे जिले जहां बड़ी नदियां बहती है वहां पर जल स्तर पर बराबर नजर रखी जाए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तोंगापाल पहुंचे

■ **समाधान शिविर में 16 करोड़ से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण**

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सुकमा जिले के विकासखंड तोंगापाल में आयोजित शिविर में अचानक पहुंचे। अपने मुख्या का इस तरह अचानक पहुंचने से ग्रामीणों में अत्यंत उत्साह का संचार हुआ। वे मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर पारंपरिक नृत्य करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। मुख्यमंत्री समाधान शिविर में लोगों से योजनाओं की फीडबैक लेकर 16 करोड़ 25 बढ़ाईपारा 4.80 किमी सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ 03 लाख 73 हजार, एल 53 चिंतलनार से किस्टारम 4.50 किमी सड़क हेतु 01 करोड़ 52 लाख 41 हजार, एल 80 बुरकापाल से तोकनपल्ली 3.86 किमी स्ड़क हेतु 01 करोड़ 24लाख 61 हजार, एल 67 मुकरम से तोंगपल्ली 5 किमी सड़क हेतु 01 करोड़ 24लाख 13 हजार की लागत से निर्माण कार्य किया गया है । इसके अलावा गादीरास से मानकापाल 12 किमी सड़क, 13 नग पुल पुलिया निर्माण हेतु 6 करोड़ 86 लाख 15 हजार, सुकमा दंतेवाड़ा 23 किमी से कासरगुड़ा 2 किमी सड़क निर्माण कार्य के लिए 01 करोड़ 34 लाख की लागत से निर्माण किया गया ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्ममंत्री के सचिव डॉ बसव राजू एस, कलेक्टर देवेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे ।

हाईकोर्ट का अंबेडकर अस्पताल पर सख्त रुख

■ **सुनवाई 10 जून तक टली, महाधिवक्ता ने समय मांगा**

रायपुर /बिलासपुर /नवप्रदेश। हाइकोर्ट ने प्रदेश की राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं और मरीजों को हो रही परेशानी को मीडिया रिपोर्ट के माध्यम से संज्ञान लेकर स्वास्थ्य सचिव से जवाब मांगा था। जिस पर जवाब आज पेश नहीं किया जा सका और महाधिवक्ता ने समय की मांग की। जिसे चीफ जस्टिस की बेंच ने स्वीकार कर लिया। दरअसल, 27 मई 2025 को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन में पूर्व में सुनवाई हुई थी। जिसमें मीडिया रिपोर्ट में प्रकाश में लाये गए मामले पर संज्ञान लेकर लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी, जिसमें कहा गया है कि प्रदेश के सबसे सरकारी अस्पताल अंबेडकर में टूटी हुई हड्डियों, दुर्घटनाओं में फ्रैक्चर, गंभीर चोटों और कैंसर के रोगियों को सर्जरी के लिए एक या दो दिन नहीं बल्कि 15 से 20 दिन तक इंतजार करना पड़ता है। कई बार मरीजों को ऑपरेशन थियेटर में ले जाने के बाद वापस लाया जाता है। इससे गंभीर रोगियों की जान का जोखिम बढ़ गया है। मरीजों के साथ मौजूद परिजनों का कहना है कि डॉक्टर और स्टाफ उन्हें बिना बताए ऑपरेशन थियेटर से वापस भेज देते हैं। ऐसा एक-दो बार नहीं, बल्कि कई बार होता है। अगर वे इसका विरोध करते हैं तो उन्हें निजी अस्पताल में जाकर इलाज कराने को कहा जाता है। मजबूरी में लोग इलाज होने तक मरीजों के साथ अस्पताल में ही रहते हैं। अंबेडकर अस्पताल में छोटे-बड़े ऑपरेशन थियेटर मिलाकर कुल 29 ऑपरेशन थियेटर हैं। सभी में सर्जरी के लिए सिर्फ 1-2 डॉक्टर हैं। अस्पताल में रोजाना दुर्घटना, कैंसर और गंभीर बीमारियों से पीड़ित दर्जनों मरीज आते हैं। कई मरीज ऐसे हैं जो एक महीने से ऑपरेशन का इंतजार कर रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के पास अपनी बारी का इंतजार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। कई बार मरीजों के परिजन अपना आपा खो देते हैं।डॉक्टरों और प्रबंधन के साथ तीखी नोकझोंक होती है। मारपीट तक की नौबत आ जाती है। हाइकोर्ट ने उपरोक्त मामले के मद्देनजर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने कहा था।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन

■ **6 जून से भिड़ेंगी छह टीमें, शशांक सिंह को मिली ये टीम**

रायपुर /बिलासपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) का आयोजन 6 से 15 जून 2025 तक रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें बिलासपुर बुल्स प्रमुख दावेदार है। बिलासपुर बुल्स टीम की कप्तानी इंडियन प्रीमियर लीग में किंग्स इलेवन पंजाब की ओर से खेल चुके मशहूर ऑलराउंडर शशांक सिंह के हाथों में सौंपी गई है। टीम की आधिकारिक लॉन्चिंग पार्टी 29 मई को शहर के निजी होटल में की गई। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के सचिव मुकुल तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम 3 जून तक बिलासपुर के रेलवे सेरसा मैदान पर अभ्यास कर रही है, जहां खिलाड़ियों ने फिल्डिंग, बैटिंग, बॉलिंग और प्रैक्टिस मैचों के जरिए खुद को प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार किया है।

4 जून को टीम रायपुर रवाना होगी, जहां उनका पहला मुकाबला 6 जून को होगा। इसके अलावा बिलासपुर बुल्स के अन्य मैच 8 जून, 9 जून और 11 जून को भी खेले जाएंगे। सभी मुकाबले शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम, रायपुर में होंगे।

इस टूर्नामेंट की खास बात यह है कि सभी टीमों के साथ राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी कोच शामिल किए गए हैं, जिससे खिलाड़ियों को उच्च स्तर की मार्गदर्शन और ट्रेनिंग मिल रही है। सबा करीम विवेक राजदान, अकय मेहरा, जैसे विश्व विख्यात कामेंटेटर मैच की आखों देखा हाल सुनाएगें। बीसीसीआई से चयनित एंपायर मैच की एंपारिंग करेंगे।

वहीं एंटीकरप्सशन बीसीसीआई का चैनल मैच का नियंत्रण करेगा। सीपीएल के सभी मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेलीविजन पर किया जाएगा। जिससे राज्य और देशभर के दर्शक इस रोमांचक प्रतियोगिता का आनंद घर बैठे ले सकेंगे।

तैयारियां... 31 मई तक सम्पूर्ण सफाई का लक्ष्य दिया

अपर आयुक्त ने वर्षा पूर्व नालों की सफाई को लेकर बैठक ली

■ **गंदगी मिलने एवं डस्टबीन नहीं रखने पर 64100 रू. जुर्माना वसूला**

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विष्वदीप के निर्देष पर आज नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता द्वारा वर्षा पूर्व नालों की सफाई के संबंध में आवश्यक बैठक रखी गयी। जिसमें अपर आयुक्त द्वारा नालों की सफाई के विभिन्न चरणों की जानकारी, नालों की सफाई में आ रही विभिन्न परेशानियों एवं समाधान के बारे में चर्चा की गई। अपर आयुक्त ने 31 मई 2025 तक विभिन्न चरणों की संपूर्ण सफाई का लक्ष्य दिया गया । निर्देशित किया गया कि किसी भी नाले, नालियों का बहाव न रूके, कहीं भी जलभराव की स्थिति न हो। नालों में गंदगी पाये जाने एवं डस्टबीन नहीं रखने पर जुर्माने की जानकारी ली गई । दिनांक 1 मई से 28 मई तक की स्थिति में कुल 64100 रू. का जुर्माना काटा गया। अपर आयुक्त ने कार्यवाही तेज करने एवं ऐसे पशु पालकों, जिनके द्वारा अनावश्यक रूप से रोड में मवेशी को छोड़ दिया जाता है, पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित दिये गये।

नगर निगम आयुक्त द्वारा जोनों में दिये गये आवश्यक संसाधन एवं कर्मचारी की विषेष कार्य योजना के तहत पूर्व तैयारी कर कार्य कराने निर्देश दिये गये हैं।

कालीनगर में बारिश पूर्व नाला सफाई करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने नगर निगम जोन क्रमांक 2 अंतर्गत राजीव गाँधी वार्ड क्रमांक 13 अंतर्गत काली नगर बस्ती क्षेत्र के नाले की बारिश पूर्व सफाई का प्रत्यक्ष अवलोकन वार्ड पार्षद एवं निगम वित्त विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लावनिया सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया और स्थल समीक्षा के दौरान कालीनगर बस्ती के नाले की बारिश पूर्व सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को स्थल पर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक निर्देश दिए।

इन्फ्लुएंजा की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए निर्देश

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसे लक्षणों वाले मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (इली) और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (सारी) के प्रभावी सर्वेक्षण और प्रबंधन के निर्देश जारी किए हैं। सभी शासकीय और निजी अस्पतालों को आईएचआईपी पोर्टल पर इन प्रकरणों की अनिवार्य रूप से दर्ज करने के लिये कहा गया है।

वहीं मितानिनों के माध्यम से समुदाय स्तर पर ऐसे लक्षणों की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है । स्वास्थ्य कर्मियों को इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (इली) और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (सारी) के इलाज व प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ रेस्पिरेटरी एटीकेट्स के तहत मास्क के अनिवार्य उपयोग की भी हिदायत दी गई है। वहीं अस्पतालों में जरूरी दवाइयों और सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं । जिन मरीजों पर लक्षणात्मक उपचार का असर न हो या जिन्हें अन्य बीमारियां भी हों, उन्हें कोविड-19 जांच के लिए भेजा जाएगा और जरूरत पड़ने पर उनके सैंपल एम्स, रायपुर में जीनोम सीक्वेंसिंग हेतु भेजे जाएंगे। सभी धनात्मक मामलों की रिपोर्टिंग करते हुए राज्य सर्वेलांस इकाई को प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्राथमिक लक्षणों का न करें नजर अंदाज-

चिकित्सकों के मुताबिक तेज बुखार, खांसी और जुकाम एन्फ्लुएंजा-ए संक्रमण के प्राथमिक लक्षण माने जाते हैं। इस तरह के लक्षण सामने आने पर लोगों को बिना किसी देरी के चिकित्सकों से परामर्श करना चाहिए। इससे बचाव के लिए लोगों को अपने आस-पास साफ-सफाई रखनी चाहिए। इसके अलावा बाहर जाते समय मास्क लगाना चाहिए।

न्यूज गैलरी

मां धूमावती सिद्धपीठ में अखंड ज्योति स्थापना

रायपुर/ नवप्रदेश। मां धूमावती सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महराज नीरज सैनी पुजारी ने जानकारी दी कि मां धूमावती सिद्धपीठ में एक वर्षीय अखंड ज्योति कलश स्थापित किया जाना है।मां धूमावती जयंती के शुभ अवसर पर मंगलवार दिनांक 3 जून 2025 को स्थापित किया जाएगा जो भी धर्मप्रेमी इस अध्यात्म कार्य का हिस्सा बनना चाहते है तथा सर्वसमस्या निवारण मनवांछित फल प्राप्ति मनोकामना पूर्ति एवं आत्मकल्याण निमित्त सौभाग्य प्राप्ति अखंड ज्योति कलश स्थापना कर सकते हैं। इन सभी के कल्याण हेतु मंत्र जाप पाठ हवन पूजन सिद्धपीठ में किया जावेगा एक वर्षीय अखंड ज्योति कलश स्थापना सेवा राशि 2500 रूपए प्रतिवर्ष है।

ग्राम मंगनार में हुआ ''हर घर जल'' प्रमाणीकरण उत्सव

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। जिला दंतेवाड़ा में विगत दिवस विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत मंगनार में हर घर जल उत्सव का आयोजन कर ग्राम पंचायत को हर घर जल प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम जल जागरूकता अभियान संबंधी जानकारी देते हुए ग्राम जल स्वच्छता समिति, जल बहिनी, और प्लंबर के उत्तरदायित्वों की जानकारी देने के साथ-साथ जल जीवन मिशन योजना के संचालन संबंधी ग्रामीण और वार्ड पंच, शिक्षक एवं सरपंच व सचिव द्वारा चर्चा किया गया। इस मौके पर सरपंच द्वारा ग्राम की जल वाहिनियों को एफ्टीके किट प्रदाय किया गया। इस दौरान हर घर जल उत्सव में विभाग के कर्मचारी और गांव के सभी वार्ड पंच, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण महिलाएं और सरपंच व सचिव उपस्थित थे।

2 जून से 7 जून तक होगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार 02 जून से 07 जून 2025 दिन शनिवार तक 06 दिवस हेतु स्थान डैनेक्स बारसूर में प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक प्रतिदिन प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैम्प हेतु सिलाई आपरेटर के 80, नॉन ऑपरेटर के 70 पदों में नियुक्तियां की जाएगी। इस संबंध इच्छुक आवेदिका, आवेदक प्रातः 10 से 06 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साईज फोटो सहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

नगरपालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में समाधान शिविर

बीजापुर /नवप्रदेश। बीजापुर नगरपालिका अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 हेतु समाधान शिविर का आयोजन माध्यमिक शाला संजय पारा परिसर में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिविर में उपस्थित वार्ड वासियों को उनके प्रकरणों के निराकरण की जानकारी एवं शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराते हुऐ पात्रतानुसार लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।शिविर में बाल विवाह मुक्त बीजापुर एवं बेटी-बचाओं, बेटी पढ़ाओं की शपथ ली गई। इस दौरान सीएमओ श्री बंशीलाल नुरेटी सहित वार्ड पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी मौजूद थे।

नारायणपुर, कोंडागांव राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

■ नवप्रदेश समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद ठेकेदार ने शुरू कराई पेंच वर्क एवं डायवर्शन में डामरीकरण

नारायणपुर/ नवप्रदेश। जिले बहुप्रतीक्षित कोण्डागांव-नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के निर्माण कार्य को लेकर नवप्रदेश ने लगातार लापरवाही एवं कार्य में अनियमितता संबंधित खबर प्रकाशित किया जिसके बाद मेसर्स गणेश प्रसाद खेतान कंपनी ने अपने ठेकेदार को फटकार लगाई और तत्काल कार्य की गुणवत्ता को ठीक करने के निर्देश दिए एवं सभी डायवर्शन मार्ग में गिट्टी बिछाकर पेंच वर्क किया प्रारंभ जिससे कि मानसून में गाड़ी न फंसे और जाम की स्थिति निर्मित न हो सके।इस परियोजना की कुल लंबाई 48 किलोमीटर है, जिसे 147.70 करोड़ की लागत से मेसर्स गणेश प्रसाद खेतान नामक एजेंसी के माध्यम से निर्मित किया जा रहा है। निर्माण में 69 पुलिया और 10 माइनर पुल शामिल हैं।जिसमें से 35- 40 पुलिया निर्माणाधीन है जिसमें तेज गति से काम किया जा रहा है कुछ पुलिया का काम 50 फीसदी पूर्ण हो चुका है जिनको जून माह के अंतिम करने का लक्ष्य रख कर निर्माण कार्य किया जा रहा है।

प्री मानसून में 2 दिन लगातार सड़क रही जाम-

नारायणपुर जिले में मानसून से पहले ही बारिश की शुरुवात हो चुकी थी जिसके चलते ठेकेदार द्वारा अनुमानित समय से पहले ही बारिश होने के चलते जिलेवासियों एवं लौह अयस्क परिवहन में लगे वाहनों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ा जिससे ठेकेदार ने सबक भी सिखा और अपने कार्य की रफ्तार भी बढ़ाई ताकि निर्धारित समय तक सड़क का कार्य पूरा हो सके।

जिला प्रशासन नारायणपर अंतागढ़ रूट से परिवहन की नहीं दी मंजूरी,

नारायणपुर जिले में वर्तमान में दो खदान अंजरेल माइंस एवं आमदाई माइंस से लौह अयस्क परिवहन हेतु 600 से अधिक ट्रक एवं हाइवा वाहन एक मात्र मार्ग कोंडागांव नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही परिवहन कार्य हेतु निर्भर है अचानक बारिश हो जाने से घंटों लग जाती है जाम, मानसून के दौरान जाम लगने या बारिश के मौसम में परिवहन कार्य हेतु विकल्प के तौर पर स्थानीय परिवहन संघ के ट्रक एवं हाइवा मालिको ने नारायणपुर अंतागढ़ मार्ग से परिवहन कार्य हेतु रूट परिवर्तन की गुहार भी लगाई है लेकिन जिला प्रशासन भी स्थानीय ट्रक एवं हाइवा मालिको के परेशानी दूर करने में नाकाम रही जिससे कई वाहन मालिकों पर अभी से बारिश में होने वाली आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी है ।

भाजपा की तेंदूपत्ता नीति पर कांग्रेस का हमला गरीबों के पेट पर चोट, नीयत में खोट

■ कांग्रेस ने वन अधिकारियों पर भी लगाए गंभीर आरोप

भोपालपटनम, बीजापुर/नवप्रदेश।। नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य की समयावधि बढ़ाए जाने के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्णय पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने भाजपा सरकार की तेंदूपत्ता नीति पर सवाल उठाते हुए इसे ÷गरीबों के पेट पर चोट÷ और ÷नीति एवं नीयत में खोट÷ करार दिया है।

ताटी ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि तेंदूपत्ता का संग्रहण सीजन आमतौर पर 1 मई से शुरू होकर लगभग एक सप्ताह तक चलता है। इसके बाद संग्रहित पत्ता गुणवत्ताहीन हो जाता है और उसकी उपयोगिता समाप्त हो जाती है। ऐसे में संग्रहण की समय-सीमा बढ़ाना अव्यावहारिक है।

वन अधिकारियों पर निष्क्रियता और मिलीभगत के आरोप

कांग्रेस नेता ने वन अधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जानबूझकर मौसम का बहाना बनाकर तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विलंब से शुरू किया गया, जिससे यह कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ और इसका सीधा असर संग्रहण कार्य में लगे गरीब ग्रामीणों की आमदनी पर पड़ा है। ताटी ने विशेष रूप से भद्राकाली समिति के अंतर्गत आने वाले ग्राम भद्राकाली, चंदूर, तारलागुडा और तारुड़ में आज तक तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू न होने पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने इसे वन अधिकारियों की घोर लापरवाही का परिणाम बताया।

श्रमिकों की मजदूरी और फड़ मुंशी के भुगतान में कटौती का आरोप

ताटी ने तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में ग्रामीणों की घटती रुचि के पीछे के कारणों का भी खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पहले ठेकेदार द्वारा मजदूरों को उलटाई, पलटाई और वाचर का भुगतान किया जाता था, जो अब बंद कर दिया गया है। इसी तरह, फड़ मुंशी को पहले 13,500 रुपये का भुगतान होता था, जिसे अब घटाकर मात्र 6,000 रुपये कर दिया गया है।

सबसे महत्वपूर्ण आरोप यह है कि पहले तेंदूपत्ता श्रमिकों को 620 रुपये प्रति गड्डी के हिसाब से भुगतान होता था, लेकिन बढ़ती महंगाई के बावजूद इसे कम करके 550 रुपये प्रति गड्डी कर दिया गया है। ताटी ने यह भी उल्लेख किया कि इन सभी प्रक्रियाओं में वन समिति के अध्यक्षों के अधिकारों को समाप्त कर दिया गया है, जो न्यायसंगत नहीं है।

सीमा पार तस्करी और नकद भुगतान की मांग

पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने यह भी आरोप लगाया कि वन अधिकारियों की अरुचि के कारण प्रदेश का तेंदूपत्ता बिना किसी रोक-टोक के पड़ोसी राज्यों तेलंगाना और महाराष्ट्र की ओर खुलेआम जा रहा है। उन्होंने इसमें वन अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका और मिलीभगत की आशंका जताई।

ताटी ने बीजापुर जिले में स्थित विभिन्न बैंक शाखाओं को अपर्याप्त बताते हुए तेंदूपत्ता श्रमिकों को उनके पारिश्रमिक का भुगतान नकद में किए जाने की मांग की है, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

सुशासन तिहार 2025-समाधान शिविर आयोजन हुआ बड़े बचेली में

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश । शासन की महती योजनाओं का सीधा जनता को लाभ पहुँचाने एवं लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने मान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के अनुकरणीय पहल सुशासन तिहार 2025 का आयोजन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। इस कड़ी में नगर पालिका बड़े बचेली के वार्ड 15 बंगाली केम्प के दुर्गा मंडप में वार्ड 13,14,15 में प्रथम चरण में प्राप्त 64 आवेदन का निराकरण शिविर में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविन्द कुंजाम, नगर उपाध्यक्ष श्री सतीश प्रेमचंदानी, मण्डल अध्यक्ष श्री अमलेन्दु चक्रवर्ती के द्वारा शासन के योजनाओं का विस्तार से समझाया गया। इस कार्यक्रम में नवीन राशन कार्ड, आधार अपडेट, राजस्व प्रकरण, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि श्री कुंजाम द्वारा शिविर के प्रत्येक पंडाल मे अधिकारियों से सम्पर्क कर योजनाओं को एवं सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली एवं सुझाव दिया गया। इस शिविर में नगर पालिका के पार्षद श्री दीपक सरकार, पार्षद श्री धंसिंग नाग, पार्षद श्रीमती झिलकी नाग, पार्षद श्रीमती बिना साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कृष्णा राव, उप अभियंता श्री संतोष नेगी एवं महिला बाल विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कायाकल्प बाह्य मूल्यांकन सफलतापूर्वक आयोजित

बीजापुर /नवप्रदेश। जिला अस्पताल, बीजापुर में आज कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत बाह्य मूल्यांकन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह मूल्यांकन स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता, और रोगी देखभाल व्यवस्थाओं की कसौटी पर अस्पताल के प्रदर्शन का आकलन करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस मूल्यांकन का नेतृत्व राज्य स्तर के मूल्यांकनकर्ताओं डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. कौशल प्रसाद, श्री आनंद साहू, श्री शुभम तिवारी, श्री मनीष नायक और श्री गौरव कुमार ने किया। स्वास्थ्य विभाग के मानदंडों के अनुरूप अस्पताल के विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष, ओपीडी, वार्ड, प्रयोगशाला, शौचालय, रसोई, अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र, और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विशेष ध्यान स्वच्छता प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण उपाय, पर्यावरणीय स्वच्छता, बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन, और रोगी सुरक्षा उपायों पर केंद्रित रहा।

अस्पताल प्रशासन द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजी प्रमाण, स्वच्छता मानकों के पालन, और रोगी केंद्रित सेवाओं की गुणवत्ता की सराहना की गई। मूल्यांकन दल ने अस्पताल प्रबंधन की प्रतिबद्धता, नवाचार, और टीम वर्क की भावना की सराहना की, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार संभव हुआ है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण हितग्राहियों को लक्षित कर लाभान्वित करें: कलेक्टर

■ जल जीवन मिशन के तहत ''हर घर जल'' प्रमाणित ग्रामों में विद्युतीकरण आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा कलेक्टर ने

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को सीधा लाभ देने के लिए विद्युत विभाग लक्ष्य निर्धारण कर इस महत्वाकांक्षी योजना को कार्यान्वित करें। इसके लिए विभागीय अंभियताओं का दायित्व है कि अपने-अपने अनुभाग में उपभोक्ताओं को इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर दिए गए लक्ष्य की पूर्ति करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत पूर्ण हो चुके ''हर घर जल'' प्रमाणित ग्रामों में विद्युत वितरण कार्य को व्यक्तिगत रूचि लेते हुए प्राथमिकता देवें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित ट्रांसफार्मर में खराबी आने पर उसको बदलने के प्रक्रिया को अविलंब पूरा करने, स्मार्ट मीटर लगाने, के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि अविद्युतीकृत मजरे, पारे, टोले का सर्वे कार्य के दौरान पारो, टोलो में जनसंख्या, परिवारों की संख्या तथा नजदीकी विद्युत उप केन्द्र से निर्धारित दूरी की जानकारी भी प्रस्ताव में दर्षाए। बैठक में इसके अलावा कलेक्टर ने नियद नेल्लानार चयनित ग्रामों में विद्युतीकरण, सुशासन तिहार के तहत विभाग के समक्ष आए आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी चाही।

पेज 1 का शेष

जनप्रतिनिधियों की छवि ...

इसलिए उसकी सरकारी योजनाओं की जानकारी, प्राधिकरण के खर्च और हर विभाग के कार्ययोजना की जानकारी होनी चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाए क्या है, ये सब उनके जानकारी में होनी चाहिए, जिससे विधायक और मंत्री भी उनका लाभ ले सकते हैं।

वे छोटे-छोटे काम और बड़े बड़े निर्णय ले सकते

विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा, पीएस और पीए जनप्रतिनिधि के साथ-साथ आम जानता से नेताओं के परफार्मेंस को बेहतर कर सकता है, ये उनकी जिम्मेदारी होती है। सारे विषय विधानसभा में बेहतर काम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। विधायक और मंत्री की छवि उसके पीए और पीएस द्वारा बनाई जाती है. उन्होंने कहा, विधायक को सक्रियता दिखाना चाहिए। उन्हें अपने क्षेत्र की एक एक जानकारी रहनी चाहिए। विधायक को अपनी प्राथमिकता तय कर लेनी चाहिए, वे छोटे-छोटे काम और बड़े बड़े निर्णय ले सकते हैं।

नेताओं की अच्छाई और बुराई को बताएं पीए, पीएस : महंत

प्रशिक्षण शिविर को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन तक कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए। पीए और पीएस का प्रशिक्षण इसीलिए भी होना चाहिए कि विधायक और मंत्री को अगर बर्बाद करना है तो वही लोग करेंगे और अगर आबाद करना है तो भी वही लोग करेंगे।

महंत ने कहा, इस बार 51 नए विधायक हैं। उनके सिर्फ कागज ले लेना और कागज को पीए को दे देना और चिट्ठी लिखाना, इससे सिर्फ काम नहीं चलता है। इनको हमारे साथी के रूप में काम करके हमारी अच्छाई और बुराई को बताना चाहिए, इसीलिए सभी विधायक और मंत्रियों के पीए और पीएस की ट्रेनिंग की आवश्यकता है। मंत्री, विधायक के बाद अब पीए और पीएस का प्रशिक्षण कराया जा रहा है।

बस्तर के हर कोने तक...

बज रही हैं, बच्चे निर्भीक होकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। श्री साय ने कहा कि प्रदेशव्यापी इस अभियान का उद्देश्य योजनाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना है। आज देखने आया हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य आपके गांव में सुचारू रूप से चल रहा है या नहीं, महतारी वंदन योजना की राशि माताओं-बहनों को समय पर मिल रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान वे मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष रूप जानकारी ले रहे है।

नीट पीजी परीक्षा...

पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि दो पालियों में परीक्षा होने से मनमानी होगी और सामान्यीकरण प्रक्रिया को नियमित तरीके से लागू नहीं किया जा सकता। इतना ही नहीं दो पालियों की परीक्षा में प्रश्नपत्र कभी भी एक ही कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते।

हम निर्धारित समय तक...

के 11 साल पूरे होने को अद्भुत और अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा, यह बात अगर मेरी जगह आंकड़े कहें, तो ज्यादा बेहतर रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है। हम अपनी सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच बेबाकी से रखेंगे और उन्हें बताएंगे कि किस तरह से हमारी सरकार आपके लिए फिक्रमंद रहती है।

आपरेशन सिंदूर तरकश...

उन्होंने कहा, जिस पाकिस्तान सेना की क्षत्रछाया में आतंकी खुद को सुरक्षित मानते थे हमारी सेनाओं ने एक ही झटके में उनको भी घुटनों पर ला दिया। पकिस्तान के एयरबेस, उनके सैन्य ठिकाने हमने कुछ ही मिनट में तबाह कर दिए। यह नया भारत है, ये नए भारत की ताकत है।

इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी ...

के इतिहास की गहराई में भारतीय सभ्यता की छाप है, इसलिए दोनों देशों को लोगों के स्तर पर भी सहयोग करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने अब्दल्ला की बातों को भारत के लिए सहानुभूतिपूर्ण बताया। झा ने कहा कि अब्दल्ला ने ओआईसी (इस्लामिक देशों के संगठन) में भारत के मुद्दों पर समर्थन देने का भरोसा जताया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की तुलना में भारत में मुस्लिम आबादी ज्यादा है। फिर भी पाकिस्तान ओआईसी में भारत के खिलाफ प्रस्ताव लाने की कोशिश करता है।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम)

NIT NO.07/2025-26

ज्ञा.क्र. 1489/टेण्डर/वलेलि/ग्रा.यां.सेवा/2025 बिलासपुर, दिनांक 27/05/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग (सिविल कार्य)/ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015/01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर आनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर दिनांक 11.06.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम/ स्थान	ठेके की अनुमानित लागत (प्रत्येक 1 कार्य के लिए) (लाख में)
1	2	3
169032	डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल का परिवर्तन परिवर्धन कार्य, गोढ़ी, वि.ख. बिल्हा	29.13
169034	डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल का परिवर्तन परिवर्धन कार्य, देवरीखुर्द, वि.ख. तखतपुर	29.10
169037	डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल का परिवर्तन परिवर्धन कार्य, वेदपरसदा, वि.ख. मस्तूरी	29.14
169039	डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल का परिवर्तन परिवर्धन कार्य, गोबरीपाट, वि.ख. कोटा	29.13

Note -

निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी-252601237/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बिलासपुर

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि./यां. ला.मं. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 169344/निविदा सूचना क्र. 06/व.ले.लि./2025-26 दिनांक, 29.05.2025 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 16.06.2025 17:30 तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

निविदा सूचना क्रमांक	निविदा सिस्टम क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
06/SAC/25-26 Dt. 29.05.25	169344	रायगढ़ जिले के विकासखण्ड खरसिया अंतर्गत मांण्ड नदी में निर्मित मांण्ड व्यपवर्तन योजना के मुख्य जलद्वारों को नया लगाने एवं अन्य वि./या. उपकरणों का मरम्मत एवं जीर्णोद्वार कार्य।	347.40 लाख

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 05.06.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गए Pre Bid Qulification Certificate (Valid up to 30.09.2025) का उपयोग अनिवार्य है।

3. निविदा पूर्व अर्हता के संबंध में निविदा प्रपत्र फार्म बी. के कंडिका 2.1.1 (स.क्र. 4 एवं 5) एवं एनेक्चर 1 (पूर्व अर्हता एवं फार्म बी. दस्तावेज) में वर्णित अनुसार प्रमाण पत्र संलग्न करें।

जी-252601269/7

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. ला.म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी,
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

इनकम टैक्स रिटर्न एवं असेसमेंट वर्ष के लिए रिटर्न फाइल करने की अंतिम तिथि15 सितंबर तक बढ़ी

कोण्डागांव/नवप्रदेश। आयकर अधिवक्ता आदर्श चौहान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 इनकम टैक्स रिटर्न फाइनेंशियल ईयर 2024-25 अथवा असेसमेंट वर्ष 2025-26 के लिए रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 थी। जिसे केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को डेढ़ महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। अब 15 सितंबर 2025 तक रिटर्न फाइल कर सकते हैं। इस तारीख के बाद रिटर्न फाइल करने पर 5000 रुपये तक पेनल्टी लगेगी ।इन संशोधनों के कारण सिस्टम डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होगी। इसके अलावा 31 मई 2025 तक जो टीडीएस फाइलिंग होगी, उनके क्रेडिट जून की शुरुआत में दिखेंगे। इससे रिटर्न फाइलिंग के लिए वास्तविक समय बहुत कम मिलेगा। इन बातों को ध्यान में रखते हुए तथा टैक्सपेयर्स की आसानी के लिए टैक्स फाइलिंग की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 की जा रही है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गोलावंड के रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

कोण्डागांव/नवप्रदेश। शैक्षणिक सत्र - 2025-26 हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, गोलावंड, जिला-कोण्डागाँव, कक्षा 7, 8, 9 और 11 मे रिक्त सीटों के सापेक्ष अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। कक्षा 7 से 9 तक चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर जबकि कक्षा 11 हेतु चयन मेरिट के आधार पर किया जाना है। प्रवेश फार्म वितरण 02 जून 2025 से होगा। इसे विद्यालय की वेबसाईट या विद्यालय आकर प्राप्त किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी विद्यालय के वेबसाईट httpsÑ//emrsgolawand.netlify.app पर उपलब्ध है।

जुगानीकलार में कलार समाज का पंचवर्षीय महासभा सम्मेलन सम्पन्न,

कोंडागांव/नवप्रदेश।जिले के जुगानीकलार गांव में बुधवार को कलार समाज का पंचवर्षीय महासभा सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। सम्मेलन में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से समाजजन, पदाधिकारी, माताएं-बहनें एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने कहा कि हर समाज की मजबूती उसके रीति-नीति, परंपरा और संगठनात्मक संरचना पर निर्भर करती है। इस प्रकार के महासभा सम्मेलन समाज की दिशा और दशा तय करने का सबसे श्रेष्ठ मंच होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होती है। जब महिलाओं को सम्मान और प्राथमिकता दी जाती है, तब समाज स्वतः उन्नति की ओर अग्रसर होता है।

बड़ेराजपुर क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही जमकर बारिश

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के विश्रामपूरी क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में पिछले तीन दिनों से जमकर बारिश हो रही है खेतों और नहरो में भी जलभराव हुआ है और किसानों को गर्मी से भी राहत मिली है इसी कड़ी में विकासखंड बड़ेराजपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरवेल, बालेंगा, पिढ़ापाल गम्हरी धामनपुरी पिटीसपाल तितरवंड किबड़ा में भी जमकर बारिश हुई हरवेल और पिटीसपाल सड़क किनारे खेतों में भी पानी भर गया ।लगातार हो रही बारिश से किसानो को खरीफ फसल की तैयारी करने परेशानी हो रही है तो वंही लगातार बारिश से मक्का में नमी की मात्रा बढ़ गई ।मक्के में अधिक नमी होने से व भीगे मक्के को व्यापारी खरीदी करने से कतरा रहे है ।होने किसान मक्के के फसल को व्यपारियो को बेच नही ।

जिला स्तरीय संविदा पद की नियुक्ति हेतु दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 2 जून

एमसीबी/नवप्रदेश। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 का क्रियान्वयन के लिए संचालित नवा बिहान योजना अंतर्गत जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छत्तीसगढ़) में रिक्त पदों पर पदपूर्ति जिला स्तरीय पदों पर महिला संरक्षण अधिकारी की संविदा भर्ती के संबंध में जारी विज्ञापन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला स्तरीय महिला संरक्षण अधिकरी 01 स्वीकृत संविदा पद की पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण / मूल्यांकन उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा कर तत्संबंध में अंतिम तिथि 02 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में दावा-आपत्ति आमंत्रित की जाती है। पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के वेबासाईट www.manendragarh-chirmiri-bharatpur.cg.gov.in व कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। मुक्तिधाम, मंदिर परिसर में नए प्रसाधन कक्षों, नदी संगम क्षेत्र सौन्दर्यीकरण कार्य, मंदिर परिसर स्थित संग्रहालय , चौपाटी स्थल, हाईस्कूल में सिंथेटिक ट्रैक निर्माण, श्रद्धालुओं के लिए रहवास स्थल, कारली स्थिति पोटाकेबिन कन्या आवासीय विद्यालय एवं पीजी कॉलेज में निर्माणाधीन यूथ हॉस्टल में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में तकनीकी निर्देश तथा समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए

दंतेवाड़ा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज दंतेवाड़ा नगरीय क्षेत्र का निरीक्षण दौरा किया। निरीक्षण की शुरुआत उन्होंने मुख्यालय के मुक्तिधाम से किया। ज्ञात हो मुक्तिधाम में विभिन्न आवश्यक निर्माण कार्य जैसे आहता निर्माण, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, शौचालय निर्माण, ट्रस कार्य पर शीट और पत्थर फिटिंग, घाट एवं गार्डनिंग निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इन निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने कहा इन सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित सब-इंजीनियर एवं ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही या कार्य में अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

म्यूरल आर्ट का अवलोकन

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने माँ दंतेश्वरी मंदिर के नदियों के संगम स्थल परिसर में सौंदर्यीकरण कार्यों के तहत निर्माणाधीन रिटर्निंग वॉल तथा वॉल में प्रदर्शित किये जाने वाले म्यूरल आर्ट का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को सौंदर्यीकरण कार्यों में स्थानीय परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर में ही संग्रहालय को देखा ज्ञात हो कि मंदिर परिसर स्थल में स्थित इस संग्रहालय में माई दंतेश्वरी मंदिर, भैरमबाबा मंदिर,बारसूर स्थित बत्तीसा मंदिर,ढोलकल गणेश प्रतिमा की हुबहु प्रतिकृतियां स्थापित की गई है। इसके साथ ही यहां छत्तीसगढ़ के आदिम सांस्कृतिक लोक नृत्य कला,परंपराओं को भी दर्षाया गया है। जिसका मंदिर आने वाले श्रद्धालुजन अवलोकन कर सकेगें। कलेक्टर ने यहां सभी प्रतिकृतियों के समक्ष उनकी विशेषताओं को भी उल्लेखित करने का निर्देष अधिकारियों को दिया।

मांग पूरी नहीं, तो करेंगे अनिश्चितकालीन चक्काजाम

अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग पर चलने वाले माइंस की ट्रकों-हाईवा को रोकने की मांग

अंतागढ़ / नवप्रदेश। नगर से सटे ग्राम कलगांव व आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने अंतागढ़ के तहसीलदार को अंतागढ़ -नारायणपुर मार्ग में चल रहे मांईस की ट्रकों व हाईवा को रोक लगाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया है। दरअसल आज सुबह- सुबह एक हाईवा ने बैल को कुचल कर फरार हो गया जिससे ग्रामीण आक्रोशित होकर पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा देने की मांग करते हुए चक्काजाम कर दिया, आनफानन में परिवहन संघ द्वारा पीड़ित को 50 हजार का मुआवजा राशि दिलवाया गया तब कहीं जाकर चक्काजाम हटाया गया।

परिवहन संघ की ओर से 50 हजार का मुआवजा राशि प्रदान करते हुएवहीं इस हादसा के बाद ट्रक व हाईवा को रोक लगाने की मांग शासन-प्रशासन करते हुए ग्रामीणों का कहना है कि अंतागढ़ - नारायणपुर सड़क की खस्ताहाल स्थित को देखकर पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इस मार्ग पर माइंस की ट्रकों व हाइवाओ को आने-जाने के लिये पूर्णतः बंद रखा था पर सरकार बदलते ही इस मार्ग पर धड़ल्ले से माइंस की ट्रकों व हाइवाओं का बेलगाम होकर पुरी छूट मे परिवहन होना क्षेत्र के जनता को दिये गये आश्वासन का मजाक है आज अंतागढ़ से नारायणपुर की सड़क मार्ग पुरी तरह से जर्जर हालत में है ओर मौत के कुआं जैसा है इसका जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन व माइंस प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है हम कलगांव के ग्रामवासियों को आजादी के दशकों बाद कलगांव से अंतागढ़ सार्टकट नई सड़क का उपहार मिला था पर इस मार्ग को भी अमदई माइंस की ट्रकों व देव माइनिंग की हाइवाओ ने चंद दिनो में खराब कर दिया है साथ ही आये दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है ड्राइवरो को समझाइश देने पर धमकी व गाली-गलौज पर उतर आते हैं गाड़ी मालिक शराब खोर व नौसिखिये ड्राइवरो को गाड़ी थमाकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो रहे हैं समस्त कलगांव वासीयों की मांग लगातार रही है की बेरिकेडिंग की जाये या ब्रेकर लगाया जाये पर स्थानीय प्रशासन अबतक अपनी जिम्मेदारी से बचती रही है ओर लगातार ट्रको व हाइवाओ का बेलगाम रफ्तार दुर्घटनाये व कभी खम्भे कभी उस खम्भे को तोड़कर फरार हो जाती है गांव वाले परेशान हैं व धूल मिट्टी से व रफ्तार से दुर्घटना व बीमार होने डर सता रहा है इसलिए हम सब ग्रामवासियों की मांग है की बेरिकेडिंग व मुख्य सड़क पर ब्रेकर्स लगाया जाये साथ ही माइंस की ट्रकों व हाइवाओ को अंतागढ़ से नारायणपुर रोड़ पर जब तक सड़क नहीं तब तक पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाये।

ग्राम पंचायत तोयनार में समाधान शिविर का सफल आयोजन

बीजापुर / नवप्रदेश। ग्राम पंचायत तोयनार में समाधान शिविर का आयोजन तोयनार थाना के सामने मैदान में किया गया। सुशासन तिहार 2025 में ग्राम पंचायत तोयनार, मिड़ते, मोरमेड़, पापनपाल, धनोरा से 1055 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसका विभागवार निराकरण की जानकारी दिया जाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में बाल विवाह मुक्त शपथ, नशा मुक्त शपथ भी कराई गयी। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों में निराकरण कर आवश्यक सामग्री एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। सुशासन तिहार में खाद्य विभाग द्वारा कमला आरकी को राशन कार्ड दिया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रोणित पोन्दी को व्हील चेयर एवं दुर्गम को श्रवण यंत्र वितरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा अयांसी

कुड़ियम, मायरा तेलम, अनोक कुड़ियम, प्रतीक्षा तेलम, अंशिका मांझी एवं निहारिका बाड़से को जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आशा सल्लूर को व्यक्तिगत शौचालय एवं वने कोरसा को पेंशन प्रमाण पत्र तथा कोसी कुड़ियम एवं राकेश कुड़ियम को प्रधानमंत्री आवास वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग अर्न्तगत गीता परम एवं सुधरी कुड़ियम को गोदभराई तथा ऋषभ वाचम एवं भावी दुर्गम को अन्नप्राशन्न किया गया।

सेंट्रल लायब्रेरी का राज्यपाल ने किया निरीक्षण

कांकेर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज कांकेर जिला प्रवास के दौरान पुराने कचहरी के समीप स्थापित किए गए नवीन सेंट्रल लायब्रेरी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने लायब्रेरी में पहुंचे विद्यार्थियों से चर्चा की तथा उनकी भावी कार्ययोजना के बारे में पूछा साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए किताबों से सदैव मित्रता रखने की नसीहत दी। इस दौरान राज्यपाल ने लायब्रेरी की आगंतुक पंजी में अपना नाम दर्ज किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना एवं गर्वनर के परिसहाय (एडीसी)निशांत कुमार कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी भी उपस्थित थे।

विधायक ने अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत 810 KL क्षमता की जलागार निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया

कोंडागांव/नवप्रदेश। नगरपालिका कोण्डागांव क्षेत्र के जल आपूर्ति व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में अमृत मिशन 2.0 के तहत जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 810 केएल (किलोलीटर) क्षमता का उच्च स्तरीय जलागार (ओवरहेड टैंक) निर्माण कार्य के लिए 122.45 लाख रुपए लागत के निर्माण कार्य का भूमि पूजन बुधवार

को विधायक लता उसेण्डी ने भूमि पूजन किया ।इस अवसर विधायक ने कहा कि यह जलागार नगरवासियों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि अमृत मिशन 2.0 के तहत शहर की समग्र जलप्रदाय व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से आधुनिक बनाया जा रहा है।इस अवसर की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नारपति पटेल, उपाध्यक्ष जराकेतु उसेण्डी, वार्ड पार्षद सोमामणि पोयाम व समस्त पार्षद उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने इस योजना को नगर के विकास में मील का पत्थर बताते हुए कार्य शीघ्र और गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने का संकल्प जताया। जलागार निर्माण के पूर्ण होने के बाद स्थानीय नागरिकों को जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, विशेषकर गर्मी के मौसम में जब जल की मांग बढ़ जाती है। यह पहल न केवल कोण्डागांव की जल समस्याओं को दूर करने में सहायक होगी, बल्कि भविष्य में बढ़ती जनसंख्या की जरूरतों को भी पूरा करने में सक्षम होगी। इस दौरान विभागीय अधिकारी सहित जन प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

'विकसित कृषि संकल्प यात्रा का विधायक लता उसेंडी ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना

कोंडागांव/नवप्रदेश।विकसित कृषि संकल्प यात्रा÷ का जिले में आज बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने एसडीएम कार्यालय परिसर से शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने आज सुबह तीन किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पूर्व विधायक श्री सेवकराम नेताम भी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। यह रथ निर्धारित शिविरों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी। इस रथ में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प यात्रा में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक जैविक खेती, उन्नत बीज, उन्नत कृषि यंत्र संतुलित उर्वरक, जल संरक्षण, मूल्य संवर्धन, पशु पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी फसलों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कायाकल्प कार्यक्रम 2025 का किया गया मुल्यांकन

अंतागढ़ / नवप्रदेश। भारत सरकार के गाईडलाइन के अनुसार अस्पताल की स्वच्छता एवं गुणवत्तापूर्ण मानकों के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर के 8 विभागीय बिन्दुओं में कायाकल्प का मुल्यांकन किया जाता है। दिनांक 29 मई 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में ÷÷कायाकल्प कार्यक्रम 2025÷÷ का राज्य स्तरीय संचालकों का टीम के द्वारा मूल्यांकन हेतु राज्य से डॉ. रणवीर बघेल, राज्य सलाहकार एनएचएम एवं डॉ. आनंद वर्मा राज्य सलाहकार एनएचएम रायपुर, जिला स्तरीय अधिकारी रोहित कुमार वर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. के. के. ध्रुव नोडल जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी कांकेर के द्वारा अस्पताल के समस्त विभागों का क्रमशः भ्रमण किया गया। तत्पश्चात् संबंधित स्टाफनर्स से विभागवार रिकॉर्ड एवं दस्तावेज के साथ प्रैक्टिकल मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. रामटेके, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक नोमेत कुमार गावड़े, एवं विभाग के चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, नर्सिंग सिस्टर, स्टाफ नर्सेस, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, रेडियो ग्राफर, बीडीएम, अन्य कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि सभी उपस्थित रहे।

विकसित कृषि संकल्प अभियान' शिविर ग्राम सेलेगांव में आयोजित

कांकेर /नवप्रदेश। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कृषकों को जागरूक करने विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, जिसके परिपालन में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम सेलेगांव के बाजार स्थल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में फसल बीमा के डिस्ट्रिक मैनेजर श्री अशोक साहू द्वारा उन्नत कृषि तकनीक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी किसानों को दी गई। कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया

कि शिविर में खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों के मध्य जागरूकता का निर्माण एवं प्राकृतिक खेती करने की गुर बताई गई। साथ ही किसानों को सम्पन्न बनाने की दिशा में किसान कल्याण तथा कृषि वैज्ञानिकों, कृषि उद्यानिकी, पशु पालन एवं मछली पालन विभाग के सहभागिता से अभियान को क्रियान्वित किया जा रहा है।

सियासत... **विपक्षी राजनीति अन्य दल सहित छात्र नेता भी सड़क मरम्मत को लेकर लगे है श्रेय लेने की होड़ में**

कांग्रेस के सभी विंग नेताओं पर भारी एनएसयूआई छात्र नेता

नारायणपुर/नवप्रदेश। आज कल जिले में एक तरफपूरा विपक्ष पार्टी तो दूसरे तरफ छात्र नेता विरोध करते नजर आ रहे है, लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से और ज्ञापन देने के मामले में इनमें समझो एक होड़ सी लगी हुई है। कांग्रेस , आम आदमी पार्टी, सीपीआई अन्य विपक्षी दल सहित एन एस यू आई नेता कांग्रेस पार्षद अपनी अलग अलग बात दावा कहते नजर आ रहे है कोंडागांव नारायणपुर रोड में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में हो रहे मरम्मद कार्य को लेकर अपने अपने दावे पेश कर श्रेय लेने की होड़ सी लगा रखी है।

सच्चाई तो ये भी है कि जिले के कुछ पत्रकारों के द्वारा भी सड़क निर्माण में हो रहे लापरवाही की प्रमुखता से इस खबर को आगे लाया गया जिस पर जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्यवाही की गई। पिछले डेढ़ वर्षों में देश- प्रदेश का राजनीतिक माहौल पूरी तरह से कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टी के प्रतिकूल रहा है। बात चाहे विधानसभा,लोकसभा चुनाव की हो या नगरीय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की हर चुनाव में कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी। ऐसे में स्वाभाविक है,कि कांग्रेसी नेताओं के तेवर पूरी तरह से ठंडे पड़ गए हैं। भूपेश सरकार में सप्लाई और ठेकेदारी करने वाले नेता अब भाजपा के खेमे में किसी तरह से घुसपैठ की तैयारी में लगे हैं,तो वहीं कट्टर कांग्रेसी नेता भाजपा की दमनकारी नीति से डरकर घर में दुबक कर बैठने को मजबूर हैं। नारायणपुर जिले की राजनीतिक समीक्षा करें,तो विधानसभा चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हार के साथ ही बीते 25 साल में पहली बार नगरीय निकाय का चुनाव हारने वाली कांग्रेस ने अपने किले का आखिरी किल भी गंवा दिया है।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ने संभाला मोर्चा

कांग्रेस का छात्र विंग एनएसयूआई हमेशा ही छात्र हित और बेहतर शिक्षा के मुद्दे पर ही आवाज उठाते नजर आता है,लेकिन नारायणपुर जिले में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विजय सलाम इन दिनों अपने कार्यक्षेत्र की लक्ष्मण रेखा लांघकर जिले के सभी मुद्दों पर आवाज उठाते दिखाई दे रहे हैं। फिर बात चाहे जिले की लचर स्वास्थ सुविधा, खराब सड़क,बिजली-पानी की समस्या की हो या सभी निर्माण एजेंसियों में हो रहे कार्यों और विभिन्न विभागों में सप्लाई की।

सायकल रैली का आयोजन 01 जून को.

कांकेर । जिला खेल अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी 03 जून को विश्व सायकल दिवस के अवसर पर फिटनेस को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कराने के उद्देश्य से 01 जून रविवार को प्रातः 07 बजे से सायकल रैली का आयोजन जिला खेल परिसर (खेलो इंडिया सेंटर) सिंगारभाट कांकेर के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 303/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 30/05/2025

-: द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनु. व्यय राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्य अवधि	रिमार्क
169384	विवेकानन्द जी की मूर्ति का जीर्णोद्वार कार्य	24.91	18683.00	04 माह	”

टीप :- 1. निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट Http://eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।
2. ई-प्रोक्यूरमेंट बीड समिट करने की अंतिम तिथि 16.06.2025 को समय शाम 5:00 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सम्मिट करने की अंतिम तिथि 19.06.2025 समय शाम 5:00 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 20.06.2025 समय दोपहर 3:00 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

मोर गांव मोर पानी के तहत जिले में किया जा रहा जल का संरक्षण

■ जलस्त्रोतों की साफ-सफाई के साथ ही गांव-गांव में पानी का सदुपयोग करने की दे रहे संदेश

धमतरी/नवप्रदेश। भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। इसे देखते हुए शासन के निर्देशानुसार ''मोर गांव मोर पानी'' महाअभियान चलाया जा रहा है। जल संकट से उबरने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी को जल संकट से जूझना न पड़े। यह सब संभव है मोर गांव मोर पानी महाअभियान से। एक ओर लोग भीषण गर्मी से तरबतर होते जा रहे हैं वहीं मोर गांव मोर पानी महाअभियान से लोगों की उम्मीद नई आशाओं की किरण बनकर जागी है। धमतरी जिले का यह भागीरथ प्रयास जनजागरुकता का प्रत्यक्ष समदर्शी है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की पहल पर माँ अभियान के तहत महानदी के उद्गम स्थल में वनांचल सिहावा के गणेश घाट सहित आसपास के क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई आदि किया जा रहा है, जिससे भूजल स्तर में बढ़ोत्तरी हो और पर्यटन की दिशा में आगे बढ़े। ठीक उसी तरह मोर गांव मोर पानी महाअभियान को जन आंदोलन का रूप दिया गया है। गिरते भूजल स्तर और सूखते जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने की इस पहल में जमीन से जुड़ा हर समुदाय अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं अन्य मंत्रीगण, पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह या गांव की जल संचयन वाहिनी की दीदियों ने गांव-गांव में जल बचाने अभियान को गति दी जा रही है। पंचायत स्तर पर ग्रामीणजन द्वारा श्रमदान करके सोखता गड्ढा का निर्माण किया गया। इस महाअभियान को सार्थक करने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने लोगों से अपील की है।

जल की महत्ता बताते हुए कहा कि जिले के सभी गांवों में वॉटर हार्वेस्टिंग संरचना के लिए के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। दीवार लेखन, रैली और ग्राम सभाओं के माध्यम से गांव-गांव में मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत प्रस्तावित नारे का दीवार लेखन कराया गया। आज बचाबो पानी, कल बचही जिंदगानी। सूखा के दर हटाना है, पानी के मोल समझाना है। पानी हे प्रकृति के उपहार, एला झन कर बेकार।बिन पानी खेती नई, बिन खेती रोटी नई। बूंद-बूंद जोड़ेंगे, जलधन संजोएंगे। गांव में जल रहेगा, तभी तो कल सजेगा। बारिश का पानी सहेजें, भूजल का स्तर बढ़ाएं। किसान की शान जल संरक्षण अभियान। सूखती धरती का यही है समाधान जल बचाओ अभियान। पानी रोको, भविष्य संवारो। जल संरक्षण से ही गांव की उन्नति है। अबकी बार, जल का हो विचार। जल है तो कल है। पानी जोड़ो, सूखा रोको। हर बूंद अनमोल है। पानी बचेगा तो खेती बचेगी। जल बचाओ, गांव बचाओ। उक्त नारे का दीवार लेखन से जल संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता देखी जा रही है।

देवी अहिल्या बाई होलकर की जयंती पर स्वच्छता दीदियां सम्मानित

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन 29 मई को जनपद पंचायत कार्यालय अभनपुर में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य अन्नू तारक, जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, ग्राम तुता सरपंच भरत बैस, जनपद सीईओ राजेंद्र पांडे के अलावा जनपद पंचायत अभनपुर के सभापति व सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी अहिल्या बाई होलकर के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई ने स्वयं को पूर्ण रूप से समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।

न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

धमतरी/नवप्रदेश। देश के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार 2025 के तहत आगामी 31 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए पोर्टल https://awards.gov.in को लाईव भी कर दिया गया है। पोर्टल पर दो विकल्प दिए गए हैं। पहला विकल्प आवेदक बच्चा स्वयं फॉर्म भर सकता है और दूसरा कोई अन्य जैसे माता-पिता, अधिकारी, शिक्षक आदि भी बच्चो का नामांकन कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि इस पुरस्कार के लिए 5 साल से 18 साल तक की आयु के भारतीय नागरिक अथवा भारत में रहने वाले बच्चे पात्र होंगे। इसके साथ ही घटना, उपलब्धि आवेदन, नामांकन की प्राप्ति की अंतिम तिथि से दो साल के भीतर होनी चाहिए और आवेदक को किसी भी श्रेणी में पहले उसी पुरस्कार का प्राप्तकर्ता नहीं होना चाहिए। इस पुरस्कार का उद्देश्य दूसरो के लिए असाधारण बहादुरी, क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चों को प्रोत्साहित करना है।

जिले के तीन वनग्राम बनेंगे राजस्व गांव सर्वे पूरा

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के तीन वनग्रामों को राजस्व गांवों का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता पर है। जिले की मगरलोड तहसील के 3 वनग्रामों को राजस्व ग्रामों का दर्जा देने सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही इन गांवों के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिए गये है। इन गांवों में मगरलोड तहसील के ग्राम मूलगांव, बोदलबाहरा और सोनारिनदैहान गांव शामिल है। इन तीनों गांवों के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायतों में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा-आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद मिले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

खेलते-खेलते गहरे कुएं में गिरी मासूम डूबने से हुई मौत

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लाक अंतर्गत रानीगांव में डेढ़ साल की मासूम भूमि की दर्दनाक मौत हो गई बताया जा रहा है सिहावा थाना अंतर्गत रानीगाँव में रेखराज निषाद के घर के पीछे बाड़ी में डेढ़ साल की मासूम और पड़ोस की मासूम मिलकर खेल रही थी तभी मासूम भूमि निषाद उम्र एक साल 8 माह खेलते खेलते गहरे कुएँ के पास जा पहुँची कुएँ के पास पहुँचने से मासूम के पैर फिसल गई अपने आप को संभाल पाती गहरे मौत के कुए में समा गई माशूम की डूबने की ख़बर परिजन मिली तब तक बहुत देर हो चुकी थी कुएँ में क़रीब 4 फीट पानी था जिसके कारण मासूम पानी पी चुकी थी डूबने से दर्दनाक मौत हो गई मासूम की मौत से घर वालो का रो रोकर बुरा हाल हैं..सिहावा थाना पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए नगरी भेजा दिया।

सुदूर वनांचल में शिक्षा, संस्कृति और नवाचार का अनोखा संगम

बिरकोल प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास में बच्चे ले रहे हैं आधुनिक शिक्षा

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सुदूरवर्ती वनांचल में स्थित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की सीमा से लगे गाँव बिरकोल में संचालित प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बिरकोल आदिवासी विभाग द्वारा, छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत संचालित किया जा रहा है। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों को शैक्षणिक सुविधा, सुरक्षित आवास और समुचित देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जाती है। घने जंगलों और पहाड़ियों की गोद में बसा यह छात्रावास प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, जो बच्चों को शांत और एकाग्र वातावरण प्रदान करता है। वर्तमान में छात्रावास अपने नवीन स्वामित्व भवन में संचालित हो रहा है, जिसमें अध्ययन कक्ष, भोजनालय, पुस्तकालय, खेल सामग्री तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए छात्रावास में अनेक योजनाबद्ध गतिविधियों की व्यवस्था की गई है, जो उनके शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं शैक्षणिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में सहायक हैं। प्रत्येक दिन की शुरुआत प्रातःकालीन सैर और योगाभ्यास से होती है, जिससे बच्चों में न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि उनके भीतर अनुशासन, आत्मनियंत्रण और एकाग्रता जैसी मूलभूत योग्यताओं का भी विकास होता है। छात्रावास परिसर में विकसित किया गया किचन गार्डन आकर्षण का केंद्र है। इसमें हाइड्रोपोनिक तकनीक के माध्यम से बिना मिट्टी के गोभी, पालक, धनिया, मिर्च आदि सब्जियाँ उगाई जा रही हैं। यह तकनीक पोषक तत्वों से भरपूर जल घोल के माध्यम से पौधों की वृद्धि सुनिश्चित करती है। साथ ही मिट्टी आधारित बागवानी भी समानांतर रूप से की जा रही है, जिससे बच्चों को जैविक खेती का प्रत्यक्ष अनुभव मिल रहा है।

छात्रावास में विभिन्न त्योहारों, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों को पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इन अवसरों पर बच्चों और अधीक्षक की सहभागिता से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें गीत, नृत्य, नाटक आदि के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ को प्रोत्साहन मिलता है। इन आयोजनों में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी भोजन पकाया जाता है, जिससे बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव का अनुभव होता है। छात्रावास में संचालित बचत बैंक की अवधारणा बच्चों को छोटी उम्र से ही धन की महत्ता और उसके उचित प्रबंधन की शिक्षा देने का एक प्रभावशाली माध्यम है। इस प्रणाली के अंतर्गत छात्र अपने दैनिक या साप्ताहिक जेब खर्च से एक निश्चित राशि बचाकर उसे बचत बैंक में जमा करते हैं। यह नियमित जमा करने की प्रक्रिया न केवल उन्हें धन संचय की आदत सिखाती है, बल्कि आर्थिक अनुशासन और आत्मनियंत्रण जैसे गुणों का भी विकास करती है।

बच्चों की सुरक्षा को अत्यधिक प्राथमिकता दी गई है। इसी उद्देश्य से छात्रावास परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे हर गतिविधि पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। यह व्यवस्था न केवल बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि उनके माता-पिता को भी मानसिक शांति प्रदान करती है।यह छात्रावास बच्चों के लिए केवल एक निवास स्थान नहीं है, बल्कि एक ऐसा स्नेहिल परिवेश है, जहां वे आत्मीयता और अपनापन महसूस करते हैं। प्रत्येक बच्चे के जन्मदिन को विशेष रूप से मनाया जाता है, जिससे उनमें आत्मसम्मान, खुशी और सामाजिकता की भावना विकसित होती है।

पी.एमश्री अंग्रेजी मा.विद्यालय नगरी में 12 दिवसीय समर कैंप

नगरी/नवप्रदेश। समर कैंप उमंगो की उड़ान उत्साह पूर्ण समापन हुआ। पी.एमश्री शास.श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी मा.विद्यालय नगरी में 12 दिवसीय समर कैंप दिनांक 13 मई से 24 मई तक 24 मई को समापन जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल डागा (अध्यक्ष-शाला विकास एवं प्रबंधन समिति), संस्था के प्राचार्य एस.के प्रजापति, प्रकाश चंद साहू (बीआरसी), सदानंद मेहेर (अजीम प्रेमजी फाउंडेशन) जोहन नेताम लोचन साहू , गिरधारी साहू, शशि बैरागी,सुषमा अडिल निशा साहू,चैन चौधरी,योगेश्वरी ध्रुव,ज्योति साहू, सीमा जैन,भावना जैन,सैमुअल मसीह, कुमारी कल्याणी साहू एवं शांता साहू उपस्थित रहे। अध्यक्ष डागा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि समर कैंप में सीखे हुए हर ज्ञान को अपने दोस्तों व भाई-बहनों को भी शेयर कर उन्हें भी लाभ दिलाने व गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किये।

प्राचार्य श्री एस.के. प्रजापति जी ने समर कैंप में बच्चों के उत्साह व सीखने की लगन की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दिए।बीआरसी प्रकाश चंद साहू ने बच्चों के स्किल डेवलपमेंट हेतु आयोजित इस कैंप में विभिन्न गतिविधीयों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दिए। जोहन नेताम ने समर कैंप में सिखाए गतिविधियों व ज्ञान को सतत अभ्यास करने के लिए कहा।इस समर कैंप में बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य,भावनात्मक शक्ति का विकास,एकाग्रता की शक्ति,मेमोरी पावर,रचनात्मकता, गणित,विज्ञान,अंग्रेजी व सामान्य ज्ञान की रुचि का विकास व अन्य जीवनोपयोगी कौशलों के विकास हेतु प्रतिदिन योग,आदि के द्वारा बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किये।

समाधान शिविर में आसपास की पंचायत के लोग समस्या लेकर पहुंचे

■ शिविर में लोगों द्वार गांव की छोटी छोटी मूलभूत सुविधाओं के मांग करते में दिखाई दिए

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के बेलर गांव में आयोजित समाधान शिविर में आयोजन किया गया जिसमें राज्य सरकार के मुखिया विष्णु देव साय के विषेश निर्देश पर इन दिनों पूरे छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार-2025 की गूंज है, इस अभियान का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए शासन-प्रशासन को जन-जन तक पहुंचाना है। जिले में 5 मई से शुरू हुए समाधान शिविरों का आयोजन 31 मई 2025 तक किया जा रहा है जिसमे दिन गुरुवार को सुशासन समाधान शिविर का आयोजन बेलर में आयोजित किया गया था जिसमे समाधान शिविर के 14 ग्राम पंचायतम बरबांधा, बेलरगांव,भुरसीडोंगरीबोराई,घुरावड़,घुटकेल,कसपुर,कट्टीगांव,लिखमा,मैनपुर,नवागांव(के), जैतपुरी,फरसगांव सभी ग्राम पंचायत के बड़ी संख्या में लोगों पहचे।

समाधान शिविर में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा लोगों व अधिकारी के बीच दिखाई दी

सबसे बड़ा मुदा सामने आये नगरी विकास खण्ड के बोराई क्षेत्र के लोगों की मांग सिविल अस्पताल बोरई से डॉक्टर की कमी को लेकर लोगों दिखाई शिविर में ग्रामीणों का कहना है 3 पद डॉक्टर के हैं मगर एक डॉक्टर है रात्रि में कोई नहीं रहते हैं दूसरी मामला बेलर गांव में खेल मैदान गांव से कुछ दूरी पर बना हुआ विगत 10 वर्षो अधीक हो गया कई शिविर में आवेदन करते आ रहे जान जनप्रतिनिधि के द्वारा आश्वासन में दिया जाता हैआने-जाने रास्ते नहीं होने के कारण आज तक कोई आयोजन नहीं हो पाया है जिसको लेकर गांव के युवाओं द्वारा समाधान शिविर में पहुंचे

किसानों के द्वारा बटवारा नामा को लेकर किसान शिविर पहुंचे अपनी परेशानी बताइए। वही जिला पंचायत अध्यक्ष नियम अनुसार तत्काल पटवारी को निर्देश दिए। वही गांव के लोगों के द्वारा तहसीलदार को रेत परिवहन अवैध पैसा वसूली लेकर मामला सामने आया वही तहसीलदार का कहना है कि इन लोगों द्वारा गलत आरोप लगा रहे हैं।

अग्निवीर अभ्यर्थियों के लिए 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर 3 जून से

धमतरी/नवप्रदेश। अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन धमतरी द्वारा 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण स्थानीय नत्थूजी जगताप नगर निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 3 जून से शुरू होकर 12 जून 2025 तक चलेगा।

युवा पत्रकार धनीराम निराला ने नेपाल में जीता रजत पदक

भटगांव/नवप्रदेश। नेपाल स्पोट्र्स कराते अकैडमी के द्वारा दो दिवसीय 11वीं धनबहादुर अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप दिनांक 24 एवं 25 मई 2025 को नेशनल स्टेडियम दशरथ रंगशाला नेपाल में आयोजित किया गया था। जिसमें दी सोतोकान कराटे डो स्पोट्र्स फेडरेशन के खिलाड़ी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच आशीष भारद्वाज की देखरेख में छत्तीसगढ़ के धनीराम निराला ने सीनियर पुरुष 75 केजी भार वर्ग कुमीते में तृतीय स्थान प्राप्त कर कास्य पदक जीता और छत्तीसगढ़ सहित भारत का नाम रोशन किया। वहीं विजेता खिलाडी धनी राम निराला को मुख्य अतिथि हीरा सिंह डोंगल रिटायर असिस्टेंट डायरेक्टर स्पोट्र्स अथॉरिटी नेपाल पदक व प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। इस खुशी मे श्रमजीवी पत्रकार संघ ने धनीराम निराला विजेता का पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और गले मिलकर बधाई एवं शुभकामनायें दिए।

विकसित कृषि संकल्प अभियान, जिला अध्यक्ष अरुण सार्वा ने दिखाई हरी झंडी

नगरी/नवप्रदेश। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत यह रथ प्रतिदिन 4-5 ग्राम पंचायतों में जाकर लगभग डेढ़ हजार से अधिक किसानों के साथ वैज्ञानिक दल सीधा संवाद करेंगे, संवाद में उन्नत तकनीकों, नई किस्मों और सरकारी योजनाओं, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, किसानों को मृदा स्वस्थ्य कार्ड में सुझायी गयी विभिन्न फसलों में संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूक एवं शिक्षित, कृषि-ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शनः केवीके, आईसीएआर संस्थान और इफको, कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग पर प्रदर्शन किसानो के बीच जागरूक पैदा करने के लिए आई.सी.टी. का उपयोग, धान की सीधी बुवाई (डी.एस.आर), सोयाबीन की फसल में मशीनीकरण जैसी अन्य उन्नत फसल तकनीकों का प्रसार, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज उर्वरक दिलाये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जायेगी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि उक्त अभियान में अधिक से अधिक किसान शामिल होकर अपने खेती-किसानी के कार्य में आधुनिकता को शामिल करने एवं शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरुण सार्वा वरिष्ठ भाजपा नेता अमर सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, गरिमा नेताम जनपद अध्यक्ष महेश गोटा उपाध्यक्ष हृदय साहू,कमल डागा भाजपा नेता,मंडल अध्यक्ष मनोहर मानिकपुरी,अमर सिंह पटेल, राकेश चौबे, सतीश बबलू साहू,जनपद सदस्य हनीफ खान, विकासखंड कृषि ध्रुव जी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भाजपा युवा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समेत 7 नेता पार्टी से निष्कासित

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा युवा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समेत 7 नेता पार्टी से निष्कासित पार्टी दफ्तर में तोड़फोड़ से जुड़ा है मामला में जिला पंचायत अध्यक्ष के टिकट को लेकर पार्टी नेताओं के बीच जमकर विवाद हुआ था। इसी मामले पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी रामू रोहरा ने यह आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ बीजेपी ने तोड़फोड़ मामले में 7 नेताओं को 6 साल के लिए निष्कासित किया। धमतरी कार्यालय में आगजनी और विवाद के बाद पार्टी ने कड़ा अनुशासनात्मक कदम उठाया। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने निष्कासन आदेश जारी किया।रायपुरः भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ इकाई ने बड़ा कदम उठाते हुए पार्टी के 7 पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इस कार्रवाई की जद में आये नेताओं में युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य निखिल साहू, नगरी मंडल के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र धेनुसेवक, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील निर्मलकर शामिल है।

हत्या का प्रयास ...

गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया और हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट

प्राण घातक हमला करने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिवकुमार धारी के नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा प्राण घातक हमला कर, हत्या का प्रयास करने वाले 02 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। 20.अप्रैल.2025 को गणेश राम साहू ग्राम पवनी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19.अप्रैल.2025 को ग्राम पवनी से ग्राम पचरी हमारे गांव के दरशराम साहू के बेटा महेश्वर साहू के शादी में शामिल होने गये था। जिसमें सभी लोग परिवार सदस्य सहित अपने अपने साधन से ग्राम पचरी गये थे जिसमें मोहल्ले का धर्मेन्द्र साहू भी गया था रात्रि करीबन 10.00 बजे मेरे पड़ोसी धर्मेन्द्र साहू को ग्राम पवनी के ही डिकेश और विक्की साहू ने धर्मेन्द्र को मारने पीटने की धमकी दे रहा था। और धर्मेन्द्र को डिकेश और विक्की एवं गोलू साहू तीनों एक राय होकर मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट करने लगे जिससे धर्मेन्द्र के सिर,कान में गंभीर चोट आई थी जिसे दक्ष अस्पताल बिलाईगढ़ में भर्ती कराया गया था।

डॉक्टर साहब व्दारा उसकी स्थिति नाजूक देखकर उसके ईलाज हेतु बिलासपुर रिफर किये हैं। कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया प्रार्थी की निशानदेही पर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आहत धर्मेन्द्र साहू के अस्पताल से डिस्जार्च उपरान्त कथन लिया गया जिन्हाने अपने कथन मे बताया कि दिनांक 19.04.2025 को ग्राम पवनी से ग्राम पचरी हमारे गांव के दरशराम साहू के बेटा महेश्वर साहू के शादी में शामिल होने गये थे जहा पूरानी चुनावी रंजीश को लेकर डीगेश साहू, गोलू साहू, विक्की साहू ने रात्रि मे हत्या करने की नियत से प्राणघातक हमला कर हाथ मुक्का, लात व पत्थर से मारपीट करने लगा तब मै बेहोश हो गया मुझे बिलासपुर के स्वातिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ मेरा ईलाज हुआ है। आहत धर्मेन्द्र साहू के चोट का बेड हेड टिकट को पेश करने पर जप्त किया जाकर दक्ष हास्पिटल में प्रतिवेदन भेजकर क्यूरी कराया गया जिससे आहत को उक्त चोट से मृत्यु संभाव्य होना एवं तत्काल आक्सीजन नही मिलने पर मृत्यु हो जाता बताया गया जिस पर प्रकरण मे धारा 109 (1) बीएनएस जोडी आहत धर्मेंद्र कुमार के द्वारा घटना समय को पहने हुये खुन लगे हुये शर्ट को पेश करने पर गवाहो के समक्ष जप्त की गई आरोपीगणो डिकेश साहू विक्की साहू को तलब कर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जिसमे आरोपी विक्की साहू से घटना में प्रयुक्त चूडा को पेश करने पर गवाहो के समक्ष जप्त किया।

न्यूज गैलरी

21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन 2 जून से

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन 02 जून से 21 जून तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में सुबह एवं शाम को किया जाएगा। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि बास्केटबॉल, फुटबॉल, ताईक्वांडो, बैडमिंटन, क्रिकेट, व्हॉलीबॉल, एथलेटिक्स, मलखम्ब, बॉक्सिंग, किक बॉक्सिंग, लॉन टेनिस और स्केटिंग सहित 12 खेलों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

पात्र अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा व सत्यापन 2 जून को

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत में लेखापाल के पद पर संविदा भर्ती के लिए 04 पात्र अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन 02 जून को प्रातः 10 बजे से कार्यालय जिपं के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिपं सीईओ ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए जिला एवं जनपद पंचायत कार्यालय मुंगेली के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

कार्यों में लापरवाही बरतने वाले 70 ठेकेदारों को नोटिस जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। कार्यों में लापरवाही बरतने वाले 70 ठेकेदारों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं, कि संबंधित ठेकेदार जल्द से जल्द अधूरे कार्यों को पूर्ण करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विगत दिनों जल जीवन मिशन के मोहम्मद कैसर अब्दुल हक मुंगेली प्रवास पर आए थे। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर कुन्दन कुमार के साथ जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा की।

बिजली संबंधी निराकरण के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा बिजली संबंधी समस्या के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि नगर पालिका मुंगेली क्षेत्र के लिए 8871379576, नगर पालिका लोरमी क्षेत्र के लिए 9981775339, नगर पंचायत बरेला और जरहागॉव क्षेत्र के लिए 9171884719, नगर पंचायत सरगांव एवं पथरिया क्षेत्र के लिए 9171884662 और गोड़खाम्ही क्षेत्र के लिए 9171884757 जारी किया गया है। इसके साथ ही टोल फ्री नम्बर 1912 पर कॉल कर विद्युत संबंधी समस्या दर्ज कराई जा सकती है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने दी विधिक प्रावधानों की जानकारी, पारदर्शिता व दक्षता को बताया चुनावी सफलता की कुंजी

दिल्ली में आयोजित निर्वाचन प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के 96 अधिकारी शामिल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की आठवीं श्रृंखला का शुभारंभ आज नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (IIIDEM) में हुआ। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के 96 निर्वाचन अधिकारी सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश से आए बूथ लेवल अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइज़र्स, ईआरओ तथा डीईओ को संबोधित किया। उन्होंने निर्वाचन व्यवस्था को पारदर्शी, सुसंगत और विधिसम्मत बनाए रखने में इन अधिकारियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।उल्लेखनीय है कि यह अब तक का सबसे बड़ा प्रशिक्षण बैच है, जिसमें कुल 373 प्रतिभागी शामिल हैं दृ जिनमें से उत्तर प्रदेश से 118, मध्यप्रदेश से 130, छत्तीसगढ़ से 96 और हरियाणा से 29 अधिकारी हैं। इस श्रृंखला के माध्यम से आयोग दो माह में अब तक 3,720 से अधिक मैदानी चुनाव अधिकारियों को प्रशिक्षण दे चुका है।अपने संबोधन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 तथा आयोग द्वारा समय-

समय पर जारी निर्देशों की जानकारी को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करेगा कि चुनाव की समस्त प्रक्रियाएँ विधिक प्रावधानों के अनुरूप संपन्न हों। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि प्रशिक्षण के दौरान वे लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 (ड्ड) (जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर के समक्ष प्रथम अपील) और धारा 24(ड्ड) (राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील) की प्रक्रिया से भी परिचित रहें। उन्होंने बीएलओ व पर्यवेक्षकों को सलाह दी कि वे क्षेत्रीय सत्यापन के समय इन प्रावधानों की जानकारी मतदाताओं को भी दें।उल्लेखनीय है कि 6 से 10 जनवरी 2025 के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (स्स्त्र) के बाद छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से किसी प्रकार की अपील प्राप्त नहीं हुई दृ जो क्षेत्रीय अधिकारियों के सतर्क, व्यवस्थित और तकनीकी रूप से दक्ष होने का प्रमाण है।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता पंजीकरण, फॉर्म प्रबंधन और चुनाव प्रक्रियाओं के व्यावहारिक पक्ष को मजबूत करना है। इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को ईवीएम वीवीपैट और मॉक पोल से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर विशेष सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा।

आईटी टूल्स के उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईटी टूल्स के उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया है। इससे अधिकारी डिजिटल प्रक्रिया, डेटा प्रबंधन और निर्वाचन प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता प्राप्त कर सकेंगे, जिससे भविष्य के चुनाव अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाए जा सकेंगे।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण श्रृंखला लोकतंत्र की मजबूती में एक और ठोस कदम है, जिसमें छत्तीसगढ़ के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह सुनिश्चित करता है कि आने वाले चुनावों में भी निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारी एवं कर्मचारी पारदर्शिता और प्रभावशीलता के उच्चतम मानकों का पालन करेंगे।

जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने हेतु एक ऐतिहासिक कदम के रूप में विकसित कृषि संकल्प अभियान् का शुभारंभ किया गया है। इसी क्रम मे विगत दिवस जिले के विकासखंड सक्ती, विकासखण्ड जैजैपुर और विकासखण्ड डभरा मे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया ।

विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ जिले के विकासखंड सक्ती, विकासखण्ड जैजैपुर और विकासखण्ड डभरा में सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा श्रीमती कमलेश जांगड़े, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा किसान रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक पद्धतियों को बढावा देने के साथ किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढाकर आधुनिक कृषि तकनीकों से जोडने की दिशा में एक विशेष पहल है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में तीन रथों को तैयार कर रवाना किया गया है, जो 15 दिवस के भीतर 78 पंचायतों तक पहुंचेंगे। प्रतिदिन किसान रथ दो-दो ग्राम पंचायतों में जाकर जिले के किसानों को विभागीय योजनाओं, नवीनतम तकनीकों एवं कृषि संबंधित समस्याओं के समाधान से संबंधित जानकारी प्रदान करेगा ।

साथ ही यह किसान रथ कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य विभागों की प्रमुख योजनाओं को फलैक्स के माध्यम से एवं संकल्प अभियान के लिये तैयार आडियों को गांव में घूम-घूमकर प्रसारित एवं प्रचारित भी करेगा। विकसित कृषि संकल्प अभियान में कृषि विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, कृषि विज्ञान केंद्र एवं स्थानीय किसान उत्पादक संगठन एफपीओ के कार्यकर्ता प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। विशेषज्ञ वैज्ञानिक एवं प्रशिक्षित कर्मी किसानों को उनकी कृषि समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान प्रदान करेंगे।

इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य निर्मल सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य सुशील सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा परदेशी खूंटे, उप संचालक कृषि शशांक सिंदे, एसडीएम सक्ती अरुण कुमार सोम, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, जनपद पंचायत जैजैपुर सीईओ सुश्री वर्षारानी चिकनजूरी, जनपद पंचायत डभरा सीईओ सी के आदिले सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न किसान, बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

समस्या के समाधान के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे आमजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में सुशासन तिहार अंतर्गत आमजनों से प्राप्त शिकायतों एवं मांग के संबंध में प्राप्त आवेदनों का गुणवतापूर्ण निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला तन्मयता से कार्य कर रहा है। जिसके निराकरण की जानकारी समाधान शिविरों के माध्यम से आमजनों को दी जा रही है। इसी कड़ी में आज विकासखण्ड शंकरगढ़ के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रेहड़ा प्रांगड़, बलरामपुर के अंतर्गत पंचायत भवन रनहत, कुसमी के पंचायत भवन मदगुरी एवं नगरपालिका क्षेत्र रामानुजगंज लरंगसाय टॉउन हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शिविरों में पहुंचे। जहां संबंधित विभागों के द्वारा निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल भी लगाया गया, जहां आमनागरिक अपनी समस्या अनुसार संबंधित स्टॉल में पहुंचकर समाधान की जानकारी प्राप्त किए। साथ ही विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शिविर में पंजीयन काउंटर के माध्यम से नये आवेदन भी लिए लिए गए प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथासंभव समाधान भी किया गया। शेष आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा शीघ्र निराकरण किया जाएगा। रेहड़ा समाधान शिविर में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा शामिल हुई। संबंधित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी समाधान शिविरों में पहुंच आमजनों की समस्याओं के निराकरण की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। जनप्रतिनिधियों द्वारा आमजनों से समाधान शिविर में भागीदारी दिखाते हुए अपनी समस्याओं का समाधान के साथ जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत रनहत समाधान शिविर में देवी अहिल्या बाई होल्कर जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छाग्राही दीदीयों को उपहार भेंट किया गया। साथ ही पानी बचाओ संकल्प शपथ कार्यक्रम मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन, अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2025 का हुआ समापन

सक्ती/नवप्रदेश। 1 मई से प्रारंभ हुए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आज सुबह सक्ती के सेजस स्कूल मैदान में समापन हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सक्ती जिला कलेक्टर अमृत विकास तोपनो कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के नोडल तथा जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार , भाजपा सक्ती नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक , जिला सक्ती के सांसद प्रतिनिधि रंजन सिन्हा , युवा मोर्चा पदाधिकारी गजेन्द्र राठौर , जिला फुटबाल संघ के सचिव दीपक , जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव एन पी गोपाल , कराते संघ से स्नेहाशीष डे, जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज आदि मंचासिन थे। अपने उद्बोधन में जिला कलेक्टर ने बच्चों को खेल से जुड़ने तथा अनुशासित रहते हुए हमेशा खेलों से जुड़े रहने की बात कही ।ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में सीखे खेलों को हमेशा जीवंत रखने की बात कहते हुए जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला । समापन समारोह में कराते के प्रतिभागियों के द्वारा तथा एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के द्वारा अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम के अंत में एक माह तक चले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को तथा संबंधित खेलों के प्रशिक्षित कोचों को प्रशस्ति पत्र मंचस्थ अतिथियों के हाथों प्रदान किया गया। इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में लगभग 300 प्रतिभागियों ने खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए।कार्यक्रम का सफ़ल संचालन व्याख्याता देवाशीष बनर्जी ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्ती नोडल भोग सिंह कंवर , डभरा नोडल राजेश नायक,जैजैपुर नोडल खगेश भारद्वाज, विनोद उरांव , बाबू लाल सिदार , किशन रातें, मोहन सिंह राठिया, कलेश्वरी साहू, बबीता गोंड, अजय किशोर शाहा, किशोर तिर्की, चंद्र प्रकाश तिवारी , मोहन प्यारे पटेल , रामनारायण धीवर, एम विकास देवांगन, राजेश यादव , भास्करन नायर, जय प्रकाश बघेल , रविंद्र मिश्रा धनेश पटेल, हरि पटेल का योगदान रहा ।

निधन
ईश्वर दादवानी

मुंगेली/नवप्रदेश। दाऊपारा निवासी ईश्वर दादवानी बेबू का 28 मई की रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। वे कोटू दादवानी के कजिन ब्रदर एवं शिवम दादवानी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार दाऊपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

घर-घर जाकर बनाए गए आयुष्मान वय वंदना कार्ड

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के एक ही दिन में 02 हजार 600 से अधिक आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाए गए। वय वंदना आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आज जिले में विशेष महाअभियान चलाया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आज विशेष महाअभियान चलाया गया। इस दौरान जिलेभर में एक ही दिन में 02 हजार 600 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस महाअभियान का उद्देश्य है कि जिले के प्रत्येक पात्र वरिष्ठ नागरिक को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 05 लाख रुपये तक की

निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। कलेक्टर ने कहा कि वय वंदना कार्ड धारकों को देशभर के चिन्हांकित अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस अभियान को जन-स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी पहल बताया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 16 हजार 374 वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके विरुद्ध आज के अभियान में बड़ी संख्या में कार्ड बनाए गए। उन्होंने बताया कि जिन वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड किसी कारणवश नहीं बन पाए हैं, उनके दस्तावेजों की पूर्ति के बाद सभी स्वास्थ्य केंद्रों में यह कार्य लगातार जारी रहेगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि कई बुजुर्ग स्वास्थ्य कारणों या अन्य वजहों से शिविर स्थलों तक आने में असमर्थ थे। ऐसे में घर-घर जाकर वय वंदना कार्ड बनाए गए। इस हेतु प्रत्येक कर्मचारी को न्यूनतम 20 कार्ड बनाने का लक्ष्य सौंपा गया था। अभियान को सफ्ल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षित कर्मियों, रोजगार सहायकों, वीएलई, शिक्षकों, मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं, तथा पंचायत सचिवों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी।

कलेक्टर ने किसान रथ को दिखाई हरी झंडी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का आयोजन 12 जून तक किया जाएगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस अभियान के अंतर्गत किसान रथ को जिला कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि किसानों को नवविकसित फ्सल किस्मों व कृषि तकनीकों की जानकारी देना तथा फ्सल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य पत्रक के अनुसार रासायनिक उर्वरकों के संतुलित व वैकल्पिक उपयोग के संबंध में जागरूक करना अभियान का उद्देश्य है। इस दौरान कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं तथा कृषकों के द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी ली जाएगी। इसके आधार पर अनुसंधान के लिए कार्यनीति का निर्धारण किया जाएगा। कृषि विभाग के उपसंचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि अभियान के सफ्ल आयोजन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विभाग, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को शामिल कर टीम का गठन किया गया है। यह टीम गॉवों में शिविर का आयोजन कर किसानों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा करेगी और किसानों को खरीफ में

कृषि कार्यों के लिए जानकारी प्रदान करेगी। इस दल द्वारा रूट चार्ट के आधार पर प्रतिदिन 02 चिन्हांकित ग्राम पंचायतों सहित जिले के 78 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन कर नवीन कृषि तकनीकों के संबंध में किसानों को जागरूक किया जाएगा। वैज्ञानिकों तथा विषय-विशेषज्ञों के प्रत्येक दल के साथ एक-एक कृषि रथ भी इस अभियान में शामिल किया गया है। इस दौरान ड्रोन तथा स्थानीय स्तर पर निर्मित किए कृषि आदानों के जीवंत प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम समन्वयक आरएल शर्मा, मस्त्य पालन विभाग के सहायक संचालक आलोक श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा विभाग से नूतन पंचखंडे, कृषि विभाग की सहायक संचालक वीणा ठाकुर, डीपीडी आत्मा निवेदिता गवेल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

आयोजन केंद्रीय मंत्री व विधायक ने श्रीवास समाज को दी 20 लाख की सौगात, समाज की एकता और विकास पर दिया बल

संत शिरोमणी सेन महाराज की 725वीं जयंती पर मुंगेली में भव्य शोभायात्रा का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। संत शिरोमणी सेन महाराज के 725वी जयंती के अवसर पर मुंगेली में शोभायात्रा का आयोजन सर्व श्रीवास समाज के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि शिक्षा से समाज का विकास हो सकता है।

आज समाज संगठित हो रहा है जिससे सभी समाज का विकास तेजी से हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री साहू ने कहा कि श्रीवास समाज आदिकाल से ही सभ्य और संस्कारित रहा है। समाज भवन के सांसद मद से 10 लाख देने की घोषणा करता हूं। विशिष्ट अतिथि मुंगेली विधायक पुन्नू लाल मोहले ने कहा कि श्रीवास समाज से मेरा जुड़ाव परिवार की तरह है। उन्होंने जयंती पर समाज के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनो तक पहुंचे इसका प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार गांव, गरीब के लिए विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

मैं श्रीवास समाज के लिए विधायक मद से 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा करता हूं। अध्यक्षता कर रहे प्रांत अध्यक्ष त्रिलोक श्रीवास ने भाषण देकर कहा कि सेन समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। महापद्मनंद, सम्राट अशोक सहित

विभिन्न महाप्रतापी राजा सेन श्रीवास से ही थे। वर्तमान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सरकार ने सेन समाज को गौरवान्वित किया। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि सेन श्रीवास समाज इतना संगठित हो रहा है। मेरा श्रीवास समाज से गहरा लगाव है। जो समाज संगठित रहेगा, उसका विकास उतनी तेजी से होगा। सर्व सेन श्रीवास समाज मुंगेली के जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास एवं शहर अध्यक्ष गोलू श्रीवास समस्त पदाधिकारी के नेतृत्व में मुंगेली में सर्वसेन समाज के द्वारा सेन जयंती समारोह प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, शैलेश पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भास्कर, पार्षद अजय साहू, दिलीप सोनी, मंडल अध्यक्ष मुंगेली सौरभ बाजपाई, बिलासपुर श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डधारी सुषमा श्रीवास, तहसीलदार ऋतु श्रीवास, शिक्षक रमेश श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनहरण श्रीवास, नितेश भारद्वाज महामंत्री, कार्तिक राम श्रीवास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम से पूर्व श्रीवास भवन मुंगेली से संत शिरोमणी सेनजी महाराज एवं इष्टदेव बजरंग बली के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शोभायात्रा प्रारंभ हुई।

राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना में 4 आवेदकों को 80,000 रुपए की मंजूरी

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा स्थाई समिति जनपद पंचायत की मासिक बैठक सभापति पुष्पलता पद्मिनी मोहले की अध्यक्षता में जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत कुल 287 आवेदक को पात्रता की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही 177 आवेदनों को पात्रता की नियम शर्तें पूरी नहीं करने के कारण अपात्र हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत परिवार के कमाऊ वयस्क सदस्य की मृत्यु पश्चात जनपद कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण पश्चात 4 आवेदकों को 20000 प्रति आवेदक के मान से 80000 रुपए राशि की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक में सभापति पुष्पलता पद्मिनी मोहले के अतिरिक्त पूर्व उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य पवन पांडेय, समिति सदस्य राजशेखर साहू, सदस्य खोरबहरीन लालाराम साहू, शिक्षा स्थाई समिति की सचिव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई एवं शिक्षा स्थाई समिति के पदेन सदस्य, समाज शिक्षा संगठक कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे।

तंबाकू से भारत में हर साल 77 हजार नए मामले और 52 हजार मौतें, प्रारंभिक जांच बेहद आवश्यक

अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर व अपोलो समूह ने ओरा लाइफ मुंह के कैंसर की प्रारंभिक पहचान के लिए स्क्रीनिंग प्रोग्राम की शुरुआत

बिलासपुर/नवप्रदेश। तंबाकू अब केवल व्यक्तिगत आदत नहीं रहा–यह एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल बन चुका है। वैश्विक रूप से ओरल कैंसर (मुंह का कैंसर) के एक-तिहाई मामले भारत में दर्ज होते हैं। आंकड़े चौंकाने वाले हैं हर साल 77,000 नए मामले और 52,000 मौतें, और केवल 50 प्रतिशत जीवित रहने की दर–जो विकसित देशों की तुलना में कहीं कम है। यह संकट शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में तंबाकू सेवन में वृद्धि से और गहरा होता जा रहा है, जिसे हाउसहोल्ड कंजम्पशन एक्सपेंडिचर सर्वे (2022-23) ने पुष्टि की है।

वर्ल्ड नो टोबैको डे के अवसर पर, अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर ने ओरालाइफ स्क्रीनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की है, जो मुंह के कैंसर की प्रारंभिक पहचान, जन जागरूकता और उच्च जोखिम वाले समूहों–जैसे तंबाकू उपयोगकर्ता, शराब सेवन करने वाले, एचपीवी-16 संक्रमण वाले और पूर्व मौखिक घावों वाले लोगों–के लिए लक्षित हस्तक्षेप पर केंद्रित है। इसके अलावा, अपोलो कैंसर सेंटर ने ईशा फाउंडेशन के साथ मिलकर एक अनूठी पहल शुरू की है जो लोगों को तंबाकू की लत से मुक्त होने में मदद करती है। इसमें मिरेकल ऑफ माइंड ऐप शामिल है, जिसे सदुरु द्वारा डिज़ाइन किया गया है, और एक सावधानीपूर्वक तैयार किया गया 6-सप्ताह का कार्यक्रम है जो तंबाकू की आवश्यकता को स्वाभाविक रूप से कम करने में मदद करता है। डॉ. अमित वर्मा, सीनियर कंसल्टेंट, डॉ अमोल पटगांवकर, कंसलटेंट,सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, अपोलो कैंसर सेंटर, ने कहा तंबाकू उपयोगकर्ताओं में ओरल कैंसर होने की संभावना 6 से 7 गुना अधिक होती है।

छत्तीसगढ़ में 40 से 50 हजार कैंसर के केस

एक सर्वेक्षण के अनुसार मुंह का कैंसर भारतीय पुरुषों में सबसे आम है और महिलाओं में भी इसके मामले बढ़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक घटनाएं दर्ज होती हैं, जबकि केरल में सबसे कम। महाराष्ट्र (विशेष रूप से 40-60+ आयु वर्ग), और छत्तीसगढ़ में, लगभग 40000 से 50000 कैंसर के केस साल भर में का इलाज किया जाता है जिसमें 4000- 5000 नए केसेस होते हैं। ओरल कैंसर के मरीजों में जीभ की जड़ और मुंह की नींव में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं–जो अत्यधिक मेटास्टेटिक साइट्स मानी जाती हैं। पूरे भारत में बक्कल म्यूकोसा (गालों की अंदरूनी सतह, होंठ और मुंह) सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है। पुरुषों और महिलाओं में अनुपात 2:1 है, लेकिन महिलाओं में बिना धुएं वाले तंबाकू का उपयोग बढ़ रहा है। डॉक्टर पी पी मिश्रा, सीनियर कंसल्टेंट, नाक कान गला विभाग ने बताया कि मुख कैंसर की बात करें तो सबसे आसानी से दिखने वाला कैंसर छालों के रूप में दिख सकता है। इन छालों को मरीज इग्नोर करते हैं। इनमें से कुछ कैंसर में परिवर्तित हो जाते हैं।

समय पर कैंसर का इलाज संभव

अर्नब एस रहा संस्था प्रमुख अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर, ने कहा हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य के प्रति सक्रिय रुख को बढ़ावा देना है। यदि समय पर पता चल जाए, तो ओरल कैंसर का इलाज कहीं अधिक प्रभावी और कम जटिलताओं के साथ किया जा सकता है। यह पहल सभी 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, विशेष रूप से तंबाकू उपयोगकर्ताओं, से स्क्रीनिंग कराने का आह्वान है।

न्यूज गैलरी

सोने-चांदी सहित नकदी चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक माह पूर्व हुई चोरी के प्रकरण सुलझाने में सरकण्डा पुलिस को सफलता मिली है। सरकंडा पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार रूप सिंह राजपूत पिता स्व. चंदन सिंह उम्र 48 वर्ष निवासी अरविंद नगर बंधवापारा सरकण्डा का 30 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 अप्रैल को वह अपने परिवार सहित दशागात्र कार्यक्रम में शामिल होने घर में ताला लगाकर ग्राम पोड़ी गया था, कि आज सुबह घर के सामने किराना दुकान वाला फोन कर बताया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है, तब वह घर आकर देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था, आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम सहित कुल 95000रू. का सामान कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, अज्ञात आरोपी की पता तलाश पर आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के अवलोकन पर दो व्यक्ति स्कूटी में आते दिखाई दिये जिनके संबंध में पतासाजी किया रहा था कि 29 मई को सूचना मिला कि तारबहार क्षेत्र का निगरानी बदमाश आस्टिन प्रकाश उर्फ छोटू अटल आवास अशोक नगर तरफ घूमते हुये दिखाई दिया।

उच्च शिक्षा सचिव से मुलाकात कर कुलपति, प्रभारी कुलसाचिव और अन्य गड़बड़ियों में शामिल अधिकारियों के खिलाफ की शिकायत

एयू में भर्ती नियमों में अनियमितता का आरोप, एनएसयूआई ने जताया विरोध

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार और भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के मामले में एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव एस. भारतीदासन से मुलाक़ात कर विश्वविद्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार, आर्थिक अनियमितता, प्रशासनिक एवं वित्तीय कुप्रबंधन के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की माँग की है।

उन्होंने कुलपति प्रो. ए.डी.एन. बाजपेयी, उप कुलसचिव एवं प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे समेत कई अधिकारियों के ख़िलाफ़ जाँच और सख़्त कार्रवाई का ज्ञापन सौंपा है। रंजेश सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक पदों पर भर्ती में आरक्षण नियमों का उल्लंघन हुआ है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के रिक्त पदों को भरा हुआ बताकर ग़लत आरक्षण रोस्टर तैयार किया गया और 14 जून 2024 को विज्ञापन, फिर 5 जुलाई 2024 को शुद्धिपत्र जारी किया गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में विचाराधीन रिट याचिकाओं के बावजूद आनन-फ़ानन में साक्षात्कार कर नियुक्ति की गई, जिसमें अपात्र अभ्यर्थियों को भी पात्र घोषित किया गया। इस पूरी भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के व्यापक आरोप लगे हैं। विश्वविद्यालय ने छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना टेंडर निजी फर्म एम.आई.सी.एस., भोपाल को करोड़ों रुपये का भुगतान किया है। उप कुलसचिव शैलेन्द्र दुबे ने कुलसचिव के पदनाम से फर्म को अनुबंध जारी किया, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ गई है। आई.यू.एम.एस. लागू करने के लिए भी नियमों का उल्लंघन कर मुंबई की फर्म को अवैध राशि 50लाख रूपये नियम विरूद्ध अग्रिम राशि दी गई ऑडिट आपत्ति बाद भी समायोजन नहीं किया गया, जिसे मोटे कमीशन की बात खुद ब खुद साबित होता है।

कुलपति ने किया धन का दुरुपयोग

कुलपति प्रो. ए.डी.एन. बाजपेयी पर भी विश्वविद्यालय के धन का दुरुपयोग करने के आरोप लगे हैं। बताया गया है कि वे देश-विदेश में बिना अनुमति यात्रा करते हैं, अपने प्रचार के लिए अनावश्यक सेमिनार, वर्कशॉप आयोजित करते हैं और खुद के फोटो वाले कैलेंडर और बैनर लगवाते हैं। विश्वविद्यालय की संपत्तियों का भी निजी उपयोग करने के आरोप लगे हैं। शैलेन्द्र दुबे की नियम विरुद्ध उप कुलसचिव पद पर पदोन्नति भी विवादित है।

समिति गठित कर जांच के निर्देश

रंजेश सिंह ने उच्च शिक्षा विभाग के सचिव से माँग की है कि इस पूरे मामले की शीघ्र जाँच हो, जाँच के दौरान शैलेन्द्र दुबे को निलंबित किया जाए, कुलपति प्रो. बाजपेयी को विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत हटाया जाए, ग़लत पदोन्नति निरस्त की जाए और नियमित कुलसचिव की नियुक्ति की जाए। उन्होंने दोषी अधिकारियों के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की भी माँग की।

साढ़े 6 टन कबाड़ सहित चार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। 6 टन 60 किलो अवैध कबाड़ सहित चार आरोपियों को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जब्त कबाड़ की कीमत 71750 रूपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा की मीटिंग लेकर जिले में हो रही चोरियों पर अंकूश लगाने एवं अवैध करोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में क्षेत्र में हो रहे चोरी के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (सरकंडा) सिद्धार्थ बघेल के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक निलेश पाण्डेय के द्वारा 29 मई को अभियान चलाकर क्षेत्र में संचालित कबाड़ दुकान का चेकिंग किया गया, चेकिंग पर कबाड़ संचालक संतोष रजक के पास 1 टन 70 किलो टिन, लोहे का पाईप, व अन्य कबाड़ सामान

किमती 26750 रू., इसी प्रकार कबाड़ संचालक सुरज पटेल के कब्जे से 2 टन 7 किलो लोहे का पाईप, टिन, साइकल का टूकड़ा व अन्य कबाड़ किमती 25000रू., असगर खान के कब्जे से 63 कि.ग्रा. अवैध कबाड़ किमती 10000रू. एवं संतोष सोनी के कब्जे से 2 टन 20 किलो कबाड़ कीमत 10000 रू. का बरामद हुआ जिसे पृथक-पृथक विधिवत् कार्यवाही करते हुये जप्त कर आरोपियों द्वारा चोरी के सामान खरीदने में सुधार नहीं करने पर आरोपियों के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

गांजा के थोक व्यापारी के खिलाफ एनडीपीएस का अपराध दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। गांजा बेचने वालों को गांजा मुहैया कराने वाले एक आरोपी को मोपका पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस के मामलों मे इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन करते हुये गांजा तस्कर को ग्राम मटियारी सीपत से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मुखबीर की सूचना पर गांजा बेचने के आरोपी बाई वर्मा, महेन्द्र वर्मा उर्फ बांडिया को अपने घर के सीढ़ी के नीचे एक सफेद रंग के झोले में नीले रंग के पॉलिथीन में कुल वजन 3.385 किलोग्राम जिसमे से शुद्ध मादक पदार्थ गांजा का वजन 1.960 किलोग्राम को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया था। उक्त प्रकरण में आरोपीगण जीतन बाई वर्मा और महेन्द्र वर्मा उर्फ बांडिया निवासी भाटापारा मोपका को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। उक्त आरोपियो से पूछताछ के दौरान बताया गया कि गांजा मुहैया कराने वाले / गांजा सप्लाई करने वाले ग्राम मटियारी थाना सीपत निवासी कृष्ण उर्फ हल्की शिकारी पवार से मादक पदार्थ गांजा खरीद कर फुटकर में बेचते है। प्रकरण में थाना प्रभारी सरकंडा निलेश पाण्डेय, मोपका थाना प्रभारी उनि भावेश शेंडे के नेतृत्व में उक्त प्रकरण में मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले के सकूनत पर बिलासपुर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर घेराबंदी करते हुए गांजा सप्लायर विक्रेता कृष्ण उर्फ हल्की शिकारी पिता शिव कुमार उम्र 38 वर्ष वार्ड न 16 ग्राम मटियारी सीपत को अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार किया है।

गांजा की तस्करी करते महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार

अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने वाले दो आरोपियों को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला व एक युवक शामिल हैं। आरोपियो के कब्जे से 1.100 ग्राम गांजा जिसकी कीमत 18700 रूपये बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सकरी निरीक्षक प्रदीप आर्य के नेतृत्व में थाना सकरी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ एवं नशा के कारोबार करने वालो की पतासाजी हेतु मुखबीर लगाए गया था। 29 मई को मुखबीर से सूचना मिली कि चोरभटठी खुर्द की रहने वाली कांति पांडेय एवं संतरा रंग का कपडा पहना दाडी मुझ वाला अधेड उम्र का बाबा अपने घर में मादक पदार्थ गांजा बिक्री कर रह है कि मुखबीर सूचना के निशानदेही पर चोरभटठी खुर्द में एनडीपीएस के नियमों का पालन करते हुए रेड का कार्रवाई किया गया।

गाय को बचाते बाइक सवार गिरा, घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। चतरो-चकाई मुख्य मार्ग पर घघरा मोड़ के पास एक व्यक्ति बाइक से गिरकर घायल हो गया। हादसा भेलवाघाटी थाना क्षेत्र में हुआ। घायल की पहचान बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खुरचुटा गांव निवासी 45 वर्षीय मुंशी बेसरा के रूप में हुई है। वह अपने घर खुरचुटा से बाइक से चकाई जा रहा था। रास्ते में अचानक सामने आई गाय को बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित हो गई। वह गिरकर घायल हो गया।

बीमारियों को लेकर वायरोलॉजी लैब को अपडेट करें

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश में फैलती बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है शासन द्वारा मेडिकल कॉलेज के वायरोलॉजी विभाग को डेंगू स्वाइन फ्लू कोविड सहित अन्य गंभीर बीमारियों को लेकर एक बार फिर से सतर्क रहने और लैब की पूरी तरह से तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी विषम परिस्थितियों में भविष्य मे निपटा जा सके। कोविड की बढ़ती संख्या को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार के द्वारा जारी एडवाइजरी एवं राज्य शासन के

दिशा निर्देश अनुसार वायरोलॉजी डिपार्टमेंट को दुरुस्त किया गया है छत्तीसगढ़ में कॉविड के मामले सामने आ रहे हैं प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी वायरोलॉजी लैब को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। शासन द्वारा वायरोलॉजी लैब को अभी से प्रमुखता के साथ सभी प्रकार की तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की विपदा के दौरान समस्याओं का सामना न करना पड़े शासन द्वारा वायरोलॉजी लैब में लैब टेक्नीशियन,डीई ओ की व्यवस्था करने और यदि उनकी कमी है तो तत्काल भर्ती करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लैब का संचालन नियमित रूप से हो सके कहा गया है कि वर्तमान में मेडिकल कॉलेज मैं टेक्नीशियन व डीओ की कमी है तो उसकी भरती दैनिक वेतन भोगी के आधार पर की जा सकती है। वायरोलॉजी लैब को सभी प्रकार की जांच के किट हुआ जांच में सहयोगी केमिकल से लैस रहने को कहा गया है। यदि लैब में किट व केमिकल की कमी है तो सीजीएमएससी से सप्लाई कराया जाए और यदि सीजीएमएससी से सप्लाई नहीं है तो स्थानीय रूप से खरीदी जाए। इसके साथ यदि लैब में उपकरण की कमी है तो उनकी खरीदी तत्काल रूप से की जाए ताकि ले नियमित रूप से चल सके।

गैंगरेप के दोषियों को भुगतनी होगी बीस साल की सजा

हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने सूरजपुर जिले के बहुचर्चित गैंगरेप केस में पांच दोषियों को आंशिक राहत दी है। कोर्ट ने पाक्सो, एससी/एसटी और आइटी एक्ट के तहत दोषमुक्त किया, लेकिन आइपीसी की गंभीर धाराओं में सजा को बरकरार रखा। पीड़िता की सुसंगत गवाही, गर्भावस्था और बच्चे का जन्म घटना की पुष्टि करते हैं, ऐसा कहते हुए कोर्ट ने कहा कि केवल वीडियो न मिलना या डीएनए रिपोर्ट मैच न होना दोषियों को नहीं बचा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि, समूह का कोई एक व्यक्ति भी दुष्कर्म करता है और अन्य लोगों की



मंशा भी उसका साथ देने की है, तो सभी दुष्कर्म के दोषी माने जाएंगे। ट्रायल कोर्ट ने सभी को 20 साल तक की सजा दी थी। हाईकोर्ट ने माना कि पीड़िता की उम्र 18 से कम साबित नहीं हुई और जाति प्रमाण पत्र घटना के 10 महीने बाद बना। आइटी एक्ट में कोई वीडियो बरामद नहीं हुआ। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आइपीसी की धाराओं के तहत सजा यथावत रहेगी और ट्रायल कोर्ट को आदेश पालन के निर्देश दिए। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायमूर्ति रजनी दुबे की खंडपीठ ने यह फैसला को सुनाया है। 20 दिसंबर 2023 को विशेष न्यायाधीश सूरजपुर ने सभी आरोपितों को दोषी ठहराते हुए विभिन्न धाराओं में 4 से 20 साल तक की कठोर सजा सुनाई थी। सभी को धारा 363/34 (अपहरण) में 4 वर्ष, धारा 366/34 (युवती को बहला-फुसलाकर ले जाना) में 6 वर्ष, धारा 376 डी (सामूहिक दुष्कर्म) में 20 वर्ष, धारा 6 पाक्सो अधिनियम के तहत 20 वर्ष, एससी/एसटी एक्ट के तहत आजीवन कारावास और धारा 67 बी आइटी एक्ट में 5 वर्ष और एक लाख का जुर्माना की सजा दी गई थी। अदालत ने कहा कि पीड़िता की स्पष्ट, सुसंगत और चिकित्सकीय रूप से पुष्ट गवाही के आधार पर गैंगरेप सिद्ध होता है। 19 दिसंबर 2021 को आरोपी मासूक रजा उसे बुलाकर एक सुनसान जगह ले गया।

अहिल्या बाई की जयंती मनाई गई

बिलासपुर/नवप्रदेश। रानी अहिल्या बाई होलकर की 300वी जयंती पर दक्षिण मंडल में लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में रखा गया था जिसमें नवीन कार्यकारिणी और पार्षदों का सम्मान भी किया गया जिसमें मुख्य वक्त जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि किस प्रकार संघर्ष से निकलकर 28 वर्षों तक शासन कर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा कि किस प्रकार भारतीय जनता पार्टी भारत के महापुरुषों वीरांगनाओं को याद करके जन जन तक उनकी कार्यशैली गाथा जन जन तक पहुंचती है। रानी अहिल्या बाई धार्मिक प्रिय न्यायप्रिय शासीका रही है जो सर्वप्रथम महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ाया है मंच संचालन नारायण गोस्वामी ने किया।

शिविर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ग्राम पंचायत दगोरी में आयोजित समाधान शिविर में हुए शामिल

आमजनों की मांगों और समस्याओं का हो रहा निराकरण: कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत बिल्हा जनपद पंचायत एवं विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत दगोरी कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक शामिल हुए।

श्री कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ तुरंत उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना है। राशन, पेंशन, पेयजल, आवास, शौचालय, नामांतरण एवं सीमांकन से

संबंधित विषयों पर नागरिकों ने आवेदन दिए, जिन पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। शिविर के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे पारदर्शिता और विश्वास को मजबूती मिली। विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रयास किए। साथ ही, शासन की योजनाओं की जानकारी देकर हितग्राहियों को आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया। श्री कौशिक ने इसी अवसर पर जनकल्याणकारी विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा, जिसमें कृषि रथ के माध्यम से जिलेभर के किसानों से संपर्क कर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों, योजनाओं और नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों के सुझावों को संकलित कर उनके स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा।

सरकार महिलाओं, बुजुर्गों व युवाओं के लिए कर रही काम

कार्यक्रम में कौशिक ने कहा कि सरकार महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं के सम्मान के लिए काम कर रही है। देश में महिलाओं का एक अलग सम्मान है। प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। मोदी की गारंटी के तहत सरकार ने सभी वायदे पूरे किये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है, महतारी वंदन योजना से नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित हुए।

■ न्यूज गैलरी

FY25 में NMDC Steel ने दर्ज की 179% की राजस्व वृद्धि - Q4 में भी दिखा सुधार

रायपुर/नवप्रदेश। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी ने 8,503 करोड़ का राजस्व अर्जित करते हुए FY25 में 179% की शानदार वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले वर्ष के 3,049 करोड़ से लगभग तीन गुना है।

Q4 में कंपनी ने 2,838 करोड़ का राजस्व दर्ज किया, जो तिमाही-दर-तिमाही 34त्र और साल-दर-साल 54त्र की बढ़त को दर्शाता है। इसके साथ ही शुद्ध घाटा भी लगातार घट रहा है–Q3 FY25 मे 758 करोड़ से घटकर Q4 FY25 में 473 करोड़ हो गया, यानी 38त्र की कमी। 31 अगस्त 2023 को व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने के बाद NSL ने रिकॉर्ड समय में परिचालन विस्तार कर देश के प्रमुख स्टील निर्माताओं में अपनी जगह बना ली है।

स्थिर संस्थागत निवेश के बीच शेयर बाजार की सपाट शुरुआत

मुंबई। नकारात्मक एशियाई संकेतों के बीच घरेलू बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को सपाट खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी और ऑटो सेक्टर में बिकवाली देखी गई। विश्लेषकों के अनुसार, सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति में भी एफआईआई और डीआईआई दोनों की ओर से स्थिर संस्थागत प्रवाह बाजार को स्थिर बनाए हुए हैं। वर्तमान कंसोलिडेशन फेज के निकट अवधि में जारी रहने की संभावना है। सुबह करीब 9.29 बजे, सेंसेक्स 11.77 अंक या 0.01 प्रतिशत बढ़कर 81,644.79 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 13.20 अंक या 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,846.80 पर था। निफ्टी बैंक 81.20 अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़कर 55,627.25 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 250.40 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,707.65 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 37.75 अंक या 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,927.15 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, निफ्टी ने गुरुवार को कारोबार के अंतिम मिनटों में शानदार रिकवरी दर्ज की, जबकि इससे पहले आधे समय में इंडेक्स लाल निशान में कारोबार कर रहा था। एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख अक्षय चिंचलकर ने कहा, हालांकि निफ्टी अभी भी 24,462 और 25,116 की रेंज वाले बाजार में फंसा हुआ है, लेकिन कल की वापसी ने एक लॉन्ग लोअर शैडो और एक स्मॉल रियल बॉडी का पता लगाया।

आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया ने ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल किया लॉन्च

ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल क्रमशः 15 और 25 वर्षों की वारंटी के साथ उपलब्ध हैं

ये मेक इन इंडिया उत्पाद आर्सेलर मित्तल की पेटेंटेड ऑप्टिगल श्रृंखला का हिस्सा हैं

नई दिल्ली/नवप्रदेश।आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया (ए एम / एन एस इंडिया) ने आज ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल नामक दो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद लॉन्च किए, जो इसके प्रीमियम रंगीन लेपित इस्पात पोर्टफोलियो ऑप्टिगल का हिस्सा हैं। इस लॉन्च के साथ, ए एम / एन एस इंडिया ने पहली बार भारतीय बाजार में यूरोपीय मानकों वाले अत्यधिक जंग प्रतिरोधी इस्पात को पेश किया है, जिसका उपयोग आधुनिक हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, राजमार्गों और बड़े भवन परियोजनाओं जैसे उच्च स्तरीय निर्माण कार्यों में किया जा सकता है। कंपनी ने छ्व4 ग्रेड के उच्च गुणवत्ता वाले विशेष इस्पात के क्षेत्र में एक नई श्रेणी की शुरुआत की है, जो अब तक भारत में उपलब्ध नहीं थी, और जिसमें ए एम / एन एस इंडिया देश की एकमात्र घरेलू उत्पादक कंपनी के रूप में उभर कर सामने आई है।

यह उत्पाद प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए विकसित भारत के आह्वान को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी का लक्ष्य इस विशेष इस्पात क्षेत्र में प्रमुख हिस्सेदारी प्राप्त करना और आने वाले 2-3 वर्षों में संपूर्ण कलर-कोटेड इस्पात क्षेत्र में 25त्र बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। भारत में रंगीन लेपित इस्पात का बाजार वर्तमान में लगभग 3.4 मिलियन टन का है और यह प्रतिवर्ष लगभग 10त्र की दर से बढ़ रहा है। ऑप्टिगल के दो नए विशेष वेरिएंट के जुडऩे से आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया अपने लक्ष्यों की ओर तेज़ी से अग्रसर होगा।

ऑप्टिगल0 प्राइम, जो शहरी और मध्यम स्तर के जंग-प्रवण वातावरण के लिए उपयुक्त है, 15 वर्षों की वारंटी के साथ आता है। यह सिलिकॉन मॉडिफाइड पॉलिएस्टर (एस एम पी), सुपर ड्यूरेबल पॉलिएस्टर (एस डी पी) और पी वी डी एफ जैसी उन्नत फिनिश में उपलब्ध है, और छत, दीवार परत (क्लैडिंग) एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आदर्श विकल्प है।

ऑप्टिगल पिन्नाकल, इस श्रृंखला का सर्वोत्तम वेरिएंट है, जिसे औद्योगिक और तटीय क्षेत्रों जैसी कठिन परिस्थितियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह 25 वर्षों की वारंटी के साथ आता है और इसमें पीयू/पीए कोटिंग्स का प्रयोग किया गया है, जो नमी, ङ्क किरणों और अत्यधिक तापमान से बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है-जिससे यह हवाई अड्डों, गोदामों और समुद्र के सामने स्थित इमारतों के लिए उपयुक्त बनता है।

आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया निदेशक और सेल्स एवं मार्केटिंग के उपाध्यक्ष रंजन धर ने कहा

ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल का शुभारंभ हमारी गुणवत्ता, स्थायित्व और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जैसे-जैसे भारत निर्माण और अवसंरचना के क्षेत्र में 'विकसित भारत' की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हम गर्व के साथ विश्वस्तरीय इस्पात समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं जो विभिन्न जलवायु में औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

हमें एक विशाल अतुल्य भारत अभियान शुरू करने की आवश्यकता है

भारत को दुनिया की समस्याओं का समाधान करने के लिए एआई मॉडल बनाने चाहिए : अमिताभ कांत

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ की बस शुरुआत हुई है और भारतीय एआई मॉडल्स दुनिया की कई समस्याओं का समाधान करेंगे। जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने गुरुवार को यह बयान दिया।

अमिताभ कांत ने सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट 2025 में कहा, हमने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) में ओपन सोर्स, ओपन एपीआई और ग्लोबल इंटरऑपरेबल मॉडल का उपयोग किया है और ये मॉडल हमारे लिए आगे का रास्ता होंगे। कांत ने अपने संबोधन में कहा, भारत को अच्छे फाउंडेशनल मॉडल विकसित करने चाहिए। मुझे लगता है कि देश आने वाले समय में दुनिया की कई समस्याओं के लिए फाउंडेशनल मॉडल उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। अमिताभ कांत के अनुसार, भारत विश्व की अनेक चुनौतियों का समाधान ढूंढने के लिए 22 भाषाओं और हजारों बोलियों का

उपयोग करेगा। व्यापार करने में आसानी के बारे में बात करते हुए जी20 शेरपा ने कहा कि केंद्र सरकार ने आधार बनाने का काम किया है और अब राज्यों की ओर से सुधार लाने का समय आ गया है। उन्होंने उद्योग जगत से भारत के तेज विकास को बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को विकसित करने के लिए अनुसंधान और विकास में निवेश करने का भी आग्रह किया। अमिताभ कांत ने कहा कि भारतीय उद्योग को विकसित करने के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स (क्यूसीओ) का तर्कसंगत उपयोग किया जाना चाहिए। भारतीय उद्योग को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य उद्योग को लंबी अवधि के लिए लीज पर भूमि दें और डिस्कॉम को अधिक कुशल बनाने के लिए उनका निजीकरण करें।

अमिताभ कांत ने कहा कि पर्यटन विकास के लिए एक और बेहतरीन क्षेत्र है। उन्होंने कहा, पर्यटकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करने के लिए हमें एक विशाल अतुल्य भारत अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। यह भारत की सॉफ्ट पावर है। नौकरियों के मामले में इसका बहुत बड़ा गुणक प्रभाव होगा और यह लाखों नौकरियां पैदा कर सकता है। राज्यों को विकास के चालक के रूप में पर्यटन क्षेत्र को आगे बढ़ाना चाहिए। सीआईआई के अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत (2024-25) और ईवाई इंडिया के चेयरमैन और सीईओ राजीव मेमानी ने कहा कि भारत ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बहुत काम किया है और इस क्षेत्र को और बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने दूसरी पीढ़ी के सुधारों की आवश्यकता और वैकल्पिक विवाद समाधान की वकालत की।

अदाणी पोर्ट्स ने 15 वर्ष के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स से 5,000 करोड़ रुपए जुटाए

अहमदाबाद (आईएएनएस)। अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी ने 15 वर्ष के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स (एनसीडी) के जरिए सफलतापूर्वक 5,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इस पूरे इश्यू को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के द्वारा सब्सक्राइब किया गया है। इन डिबेंचर्स की लिस्टिंग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर होगी। अच्छी वित्तीय स्थिति और 'एएए/स्टेबल' घरेलू क्रेडिट रेटिंग वाली कंपनी एपीएसईजेड ने एनसीडी के लिए कूपन रेट 7.75 प्रतिशत तय की है। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा, यह केवल फाइनेंशियल एक्ससाइज नहीं है।

यह एपीएसईजेड के लिए सावधानीपूर्वक विकसित कैपिटल मैनेजमेंट प्लान का सक्रिय एग्जीक्यूशन है, जो कंजर्वेटिव लीवरेज को बनाए रखने, डेट मैच्योरिटी प्रोफाइल का विस्तार करने, लागत कम करने और फंडिंग स्रोतों में विविधता लाने पर केंद्रित है। यह योजना एपीएसईजेड को दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी बनने के अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ समर्थन देने के लिए डिजाइन की गई है। अदाणी पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 30 तक 1 अरब टन कार्गो हैंडल करने का लक्ष्य रखा है, जो वित्त वर्ष 25 के आंकड़े से 2 गुना है। अपने पोर्ट ऑपरेशन के अलावा कंपनी ने अपने लॉजिस्टिक्स और समुद्री व्यवसायों का विस्तार करने की महत्वाकांक्षी योजनाएं भी बनाई हैं।

यह लेनदेन एपीएसईजेड की घरेलू बाजारों तक पहुंच को दर्शाता है और यह भारतीय पूंजी बाजारों के इतिहास में अब तक के सबसे लंबी अवधि के इश्यू में से एक है। इस आय का उपयोग एपीएसईजेड द्वारा यूएस डॉलर बॉन्ड की प्रस्तावित पुनर्खरीद के लिए किया जाएगा, जिसके लिए बोर्ड से मंजूरी मिलनी बाकी है। अदाणी पोर्ट्स भारत में सबसे बड़ी पोर्ट डेवलपर और ऑपरेटर है, जिसके पश्चिमी तट पर सात और पूर्वी तट पर आठ रणनीतिक रूप से स्थित पोर्ट और टर्मिनल हैं। देश के पोर्ट वॉल्यूम्स का 27 प्रतिशत इन्हीं पोर्ट्स पर होता है।

श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है: रश्मिका मंदाना

मुंबई । पुष्पा सिर्फ एक नाम नहीं है, पुष्पा मतलब ब्रैंड।÷ वो फिल्म जिसने सारे रिकॉर्ड तोड़े, दिलों को जीता और लोगों को और देखने के लिए बेकरार छोड़ दिया। बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचाने के बाद अब पुष्पा राज एक बार फिर हमारे दिलों पर राज करने को तैयार है। इस बार पुष्पा राज वाइल्ड फायर बनकर लौटा है, एक ऐसी कहानी के साथ, जो पहले से कहीं बड़ी, ज़्यादा दमदार और जबर्दस्त ड्रामा से भरपूर है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2: द रूल' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है ज़ी सिनेमा पर, शनिवार 31 मई को शाम 7:30 बजे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे पूरा परिवार साथ बैठकर देख सकता है क्योंकि 'पुष्पा 2' में है एंटरटेनमेंट, इमोशंस और एक्शन का वो लेवल जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।

ज़ी सिनेमा पर 'पुष्पा 2 : द रूल' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के मौके पर रश्मिका मंदाना के साथ एक खास चर्चा- - क्या आपको नहीं लगता कि अब आपको आधिकारिक तौर पर अपना नाम श्रीवल्ली रख लेना चाहिए?

ओह, सच कहूं तो मुझे लगता है लोग पहले ही मुझे श्रीवल्ली कहने लगे हैं। और मैं पहले भी अपनी टीम से इस बारे में बात कर चुकी हूं... मुझे ऐसा लगता है कि श्रीवल्ली अब मेरी दूसरी पहचान बन चुकी है, और इससे मैं बहुत खुश हूं, और बहुत गर्व महसूस करती हूं। क्योंकि एक एक्टर के लिए सबसे बड़ी बात यही होती है कि लोग उसके काम को पहचानें। और मेरे लिए, यह सबसे बड़ी तारीफहै जो एक एक्टर को मिल सकती है। आज जब लोग मुझे श्रीवल्ली कहकर बुलाते हैं, तो मुझे सच में बहुत खुशी होती है।

- 'पुष्पा 2' में जथरा वाला सीन आइकॉनिक बन चुका है, खासकर आपका वो पावरफुल मोनोलॉग। इस पर सबका रिएक्शन कैसा था?

मैंने ये सीन पहली बार बड़े पर्दे पर प्रीमियर के दौरान देखा। तब मैं अल्लू अर्जुन सर के बगल में बैठी थी। जैसे ही डायलॉग शुरू हुआ, पूरा थिएटर एकदम शांत हो गया, और जैसे ही सीन खत्म हुआ, लोग सीटी और ताली बजाने लगे। मैं वहीं बैठी रह गई, और हैरान होकर सोचती रही ÷क्या ये सच में हो रहा है?÷ मेरी आंखों में आंसू थे। हर दिन ऐसा नहीं होता कि किसी एक्ट्रेस को उसकी परफॉर्मेंस पर सीटियां और तालियां मिलें और ये मेरे लिए सब कुछ था। मैंने हमेशा खुद से कहा है कि एक दिन ये सारी मेहनत रंग लाएगी और उस पल में, वाकई, पूरे दिल से ऐसा ही लगा।

पुष्पा फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में अल्लू अर्जुन के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?- अल्लू अर्जुन सर के साथ काम करना एक शानदार लर्निंग एक्सपीरियंस रहा। वो सेट पर इतनी एनर्जी और कमिटमेंट लेकर आते हैं, जो वाकई बहुत इंस्पायर करता है। उनके किरदार में जो डीटेलिंग और गहराई होती है, उसे देखकर मैंने बहुत कुछ सीखा। उनका पैशन मुझे भी मोटिवेट करता था कि मैं भी एक परफॉर्मर के तौर पर अपना बेस्ट दूं।

'पुष्पा 2' को उसके म्यूजिक के लिए भी खूब सराहा जा रहा है। गानों की शूटिंग का अनुभव कैसा रहा?- 'पीलिंग्स' सॉन्ग की शूटिंग मेरे लिए एक अलग ही चैलेंज था क्योंकि मुझे किसी के द्वारा उठाए जाने का फोबिया है और इस गाने के कई डांस मूव्स में ऐसा ही करना था। मुझे सच में नहीं पता था कि ये सब कैसे हो पाएगा। लेकिन मैंने पूरी तरह से सुकुमार सर और अल्लू अर्जुन सर पर भरोसा किया, और ना जाने कैसे, सब आसान लगने लगा। उनका सपोर्ट और मुझ पर भरोसा ही मेरी हिम्मत बना। मैं अपने डर से बाहर आ पाई और गाने में अपना बेस्ट देने पर फोकस कर सकी। और हां, इस गाने को ढेर सारा प्यार भी मिला।

नासिर के गोल से कानपुर को तीन अंक से हराकर 36वीं वाहिनी रामनगर ने जीती ट्रॉफी

वाराणसी। वाराणसी में पूर्वी जोन अंतर वाहिनी हॉकी के फाइनल मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही अन्य खेलों में भी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जीते हुए खिलाड़ियां को सम्मानित किया गया। पूर्वी जोन अंतर वाहिनी हॉकी का फाइनल सोमवार शाम खत्म हो गया। बीएचयू के एंफीथियेटर में एस्ट्रोटर्फ पर खेले गए मुकाबले में रामनगर की 36वीं

वाहिनी पीएसी के नासिर के गोल ने कानपुर की 37वीं वाहिनी पीएसी को तीन गोल से हरा दिया। उद्घाटन विवि क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. बीसी कापरी ने किया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब नौशाद ने पांच गोल कर जीता। फाइनल मुकाबले में पहला गोल 7वें मिनट में मोहम्मद सलमान और 23वें मिनट में अयाज ने किया। दूसरे हाफ में एक मात्र गोल 36वीं वाहिनी पीएसी के फॉर्वर्ड खिलाड़ी नासिर अंसारी ने तीन खिलाड़ियों को चकमा देते हुए किया। 37वीं वाहिनी पीएसी टीम के गोलकीपर पवन यादव ने विरोधी टीम के कई अवसरों को बेकार कर दिया। कप्तान नीतेश दूबे ने बताया कि मैन टू मैन मार्किंग और छोटे-छोटे पास से टीम को जीत मिली। मुख्य अतिथि डीआईपी पीएसी मनोज कुमार सोनकर ने ओवरऑल बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार नौशाद को दिया। इस मौके पर राजेश कुमार, कैलाश नाथ यादव, संजयसिंह, अजीत प्रताप सिंह, रवि राय मौजूद रहे। तीन दिन चली प्रतियोगिता÷ तीन दिन तक चली प्रतियोगिता में पूर्वी जोन की दस टीमों ने हिस्सा लिया।

अक्षय ने अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग में जीता गोल्ड

खज्जियार (चंबा)। प्रतियोगिता में 23 देशों के सैकड़ों पैराग्लाइडर पायलटों ने हिस्सा लिया। अक्षय ने हवा में ऐसे रोमांचक करतब दिखाए कि दर्शक तालियां बजाते रह गए। कजाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में चंबा के अक्षय कुमार ने जूनियर वर्ग में पहला स्थान और ओवरऑल वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में 23 देशों के सैकड़ों पैराग्लाइडर पायलटों ने हिस्सा लिया। अक्षय ने हवा में ऐसे रोमांचक करतब दिखाए कि दर्शक तालियां बजाते रह गए।

लंबे समय से कर रहे थे कड़ी मेहनत

अक्षय ने बताया कि वह लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। जैसे ही उन्हें कजाकिस्तान में भाग लेने का मौका मिला, उन्होंने पूरे समर्पण और ऊर्जा के साथ भाग लिया। उन्होंने खुशी जाहिर की कि उनके प्रदर्शन से देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल चंबा, बल्कि पूरे हिमाचल और भारत के लिए गर्व की बात है।

केनरा बैंक Canara Bank — सिंडिकेट Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक 20.06.2025

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **20.06.2025** को **12.30** बजे से दोपहर **2.30** बजे तक **केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **"जैसा है जहां है, जो है जैसा है"** एवं **"जो कुछ भी है"** के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 19.06.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 20.06.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
श्री हेमंत कुमार पटेल (ऋणी) पुत्र- श्री शिवशंकर पटेल, 41/1063, साहूपारा, सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा, रायपुर -492001.	खसरा नं. 421/82, मौजा- मठपुराना, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नं. 52, प.ह.नं. 105/61, आरएनएम- रायपुर-14, तहसील व जिला- रायपुर। क्षेत्रफल- 500 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी- उत्तरः अनुराग मसीह का मकान, दक्षिणः विक्रेता का मकान, पूर्वः केदार धनकर का मकान, पश्चिमः सड़क।	29.10.2024 / 15.01.2025 / ₹ 20,46,036.32 29.10.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 16,24,000/- / ₹ 1,62,400/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 01 Santoshi Nagar Branch, Raipur (Mo. 8248299210)
श्री शेख कासीम पुत्र- शेख दाउद, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773. एवं श्रीमती शमसुन निशा मुसलमान पत्नी- शेख कासीम, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773.	शहर सर्वे पं. 21सी, प्लॉट नं. 166, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, धमतरी, क्षेत्रफल- 118.50 वर्गफीट में स्थित शामिल संपत्ति के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- मंगल प्रसाद का मकान, दक्षिण- नदीम का मकान, पूर्व- मंगल प्रसाद का मकान, पश्चिम- नगर निगम रोड.	17.02.2020 / 12.10.2020 / ₹ 9,87,471.00 17.02.2020 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 10,00,000/- / ₹ 1,00,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 02 Dhamtari Branch (Mo. 9589172700)
1. मेसर्स अशोक कन्स्ट्रक्शन, प्रोप. श्री अशोक शर्मा, ब्लॉक नं. 27, प्लॉट नं. 15, मोतीलाल नेहरु नगर, (पूर्व) भिलाई, 2. श्री अशोक शर्मा, ब्लॉक नं. 27, प्लॉट नं. 15, मोतीलाल नेहरु नगर, (पूर्व) भिलाई, 3. श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, ब्लॉक नं. 27, प्लॉट नं. 15, मोतीलाल नेहरु नगर (पूर्व) भिलाई.	श्री अशोक शर्मा के नाम पर खसरा नं. 492/2 (भाग), प.ह.नं. 36, ग्राम- सांकरा, तहसील व जिला- राजनांदगांव, क्षेत्रफल- 10000 वर्गफीट में स्थित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर- शासकीय भूमि, दक्षिण- तोरन की भूमि, पूर्व- सुरेन्दर की भूमि, पश्चिम- धरसा।	02.04.2022 / 08.06.2022 / ₹ 8,77,447.00 02.04.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 8,00,000/- / ₹ 80,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Smriti Nagar Branch (Mo. 9425503197)

EMD Deposit Details : EMD amount of 10% of the Reserve Price is to be deposited in E-Wallet of M/s PSB Alliance Private Limited (baanknet) portal directly or by generating the Challan therein to deposit the EMD through RTGS/NEFT in the account details as mentioned in the said challan on or before 19/06/2025.

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट **www.baanknet.com** माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (1) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **19.06.2025**, दोपहर **03.00** से सायं **5.00** बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता **M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com** अथवा **Website: https://baanknet.com** पर संपर्क करें। (5) भविष्य में उत्पन्न होने वाले संपत्ति कर या सोसायटी रखरखाव से संबंधित सभी खर्च, जहां भी लागू हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 31.05.2025 सम्पूर्ण छ.ग. में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 29.05.2025 स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

संक्षिप्त खबरें

पति निकला पत्नी का हत्यारा, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। बीएसयूपी कालोनी भाठागांव में एक अधेड़ ने अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह कर शराब व फ्लोर क्लीनर पिलाकर हत्या कर दी। मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका गीता यादव 40 वर्ष बीएसयूपी कालोनी भाठागांव की रहने वाली थी। बताया जाता है कि गीता विधवा होने के बाद आरोपी रमेश कुमार गुप्ता 59 वर्ष की पत्नी बनकर ब्लाक 12 बीएसयूपी कालोनी भाठागांव में रहती थी। इस दौरान 12 फरवरी 2025 को आरोपी ने मृतका के चरित्र पर संदेह कर शराब एवं फ्लोर क्लीनर पिलाकर हत्या कर दी। मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने मामले को जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

अस्पताल में खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। मेकाहारा के आंबेडकर मूर्ति के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप कुमार नागपुरे 26 वर्ष गणपति नगर चंगोराभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएच 7624 को आंबेडकर मूर्ति के पास मेकाहारा में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सुपरवाइजर ने किया 10 लाख का गबन, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। मारूति लाईफ स्टाइल वेलफेयर सोसायटी के सुपरवाईजर ने कालोनी के मेंटनेस राशि 10 लाख का गबन कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अशोक बाजोरिया 67 वर्ष मारूति लाईफ स्टाईल वेलफेयर सोसायटी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि कालोनी के सुपरवाईजर अनुराग चौबे ने कालोनी के रहवासियों से मेंटनेस राशि 10 लाख रुपए लेकर प्रबंधक कुसाग्र वर्मा के पास जमा ना कर स्वयं खर्च कर गबन कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से लाखों का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। सेक्टर 4 कमल विहार स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नरे हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सतीश कुमार सूर्यवंशी 47 वर्ष सेक्टर 4 कमल विहार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर 1 नग टीवी, इंडेक्शन चुल्हा, गैस सिलेण्डर, सिलाई मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा पुलिस ने शक्तिधाम के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शक्तिधाम के पास चाकू लहराते आरोपी समीर नागरिया 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

हाथी के हमले में एक की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज अंतर्गत आने वाले ग्राम बनिया में एक युवक तीजराम निवासी ग्राम मुरली को हाथी ने अपनी चपेट में ले लिया। उसे कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। खबर मिलते ही वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर रवाना हुए। स्थानीय चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर वैधानिक कार्रवाई प्रारम्भ की। ग्राम के संतोष महंत ने बताया कि दंतैल हाथी अभी घटनास्थल के आसपास मंडरा रहा है, जिससे ग्राम में दहशत व्याप्त हैं।

कबाड़ भरी पिकअप पकड़ी गई

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में आज सुबह कुसमुंडा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कबाड़ से भरी पिकअप गाड़ी को पकड़ा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही की है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने चोरी के लोहे से भरी एक गाड़ी को पकड़ा है। पुलिस अब जांच के बाद पता लगाएगी कि यह कबाड़ चोरी का है या नहीं। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है और जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह कबाड़ कहां से लाया गया था और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं।

पुलिस इस मामले में गहन जांच कर रही है और जल्द ही इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की संभावना है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और लोगों को सुरक्षा का एहसास होगा।

फिलहाल मौसम की गति धीमी पड़ने से मध्यम से हल्की वर्षा हो रही

- दंतेवाड़ा से प्रतिकूल परिस्थिति होने कारण मानसून आगे नहीं बढ़ पा रहा
- छत्तीसगढ़ मध्य, उत्तर तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ क्षेत्र में हो रही वर्षा

रायपुर/नवप्रदेश। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की गतिविधियां फिलहाल धीमी पड़ गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार मध्य उत्तर तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा हो रही है। आज राजधानी में भी हल्की बूंदाबांदी हुई है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ.चन्द्रा के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसून समय पूर्व आ गया है। लेकिन दंतेवाड़ा से आगे नहीं बढ़ रहा है। इसका मतलब है कि खाड़ी में एक सिस्टम नहीं बन पा रहा है। इधर राजधानी कल और आज हल्की से मध्यम वर्षा हुई। तेज धूप और उमश के कारण लोग यहां पर बेचैन हैं। कृषि विभाग और बीज विकास निगम ने भी अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी। किसान समितियों खाद उठा रहे हैं तथा प्रमाणित बीज का वितरण किया जा रहा है।

मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर चंद्रा के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। अगले एक-दो दिनों में दक्षिण पश्चिम मानसून पश्चिम बंगाल के कुछ और भाग और बिहार के कुछ भाग में पहुंचने की संभावना है। एक अवदाब उत्तर पश्चिम बंगाल के खड़ी पश्चिम बंगाल तट से दूर बांग्लादेश तट के पास लगभग उत्तर दिशा में 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है इसके और अधिक प्रबल होकर गहरा अवदाब दाब के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है । इसके लगातार उत्तर दिशा में आगे बढ़ते हुए पश्चिम बंगाल तट-बांग्लादेश तट के बीच सागरद्वीप और खेपूपारा के बीच 29 मई को पार करने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ 75 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ अफ़ग़ानिस्तान और उसके आसपास स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से गहरा अवदाब के केंद्र तक उत्तर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल दिनांक 30 मई को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा के गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है।

सहकारी समितियों में खाद वितरण शुरू

पर्याप्त स्टाक नहीं होने से किसानों को हो रही परेशानी

- किल्लत के चलते खाद की कालाबाजारी

धमतरी/नवप्रदेश। मानसून की आमद कुछ ही दिन होने वाली है जिसके मद्देनजर किसान पूरी तरह से किसानी हेतु तैयारी प्रारंभ कर दिए हैं। आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों ने खाद का स्टाक रखना प्रारंभ कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में यूरिया, डीएपी, पोटाश,एनपीके का कुल 14750टन खाद का स्टाक है साथ आज की स्थिति में 10350 टन का वितरण किया जा चुका है। शेष स्टाक अभी बचा हुआ है। पिछले सीजन 34797 टन खाद की आवश्यकता पड़ी थी जिसके चलते कहा जा सकता है कि इस वर्ष भी किसानों को खाद की किल्लत से दो चार होना पड़ सकता है।

जिले में अभी से खाद की कालाबाजारी प्रारंभ हो गई है। 280रूपये में मिलने वाली खाद खुले बाजार में 350से 375 रूपये तक बिक रही है । वहीं डीएपी प्रति बैग 1800से 1900रूपये में बिक रही है। सहकारी समितियों में खाद की किल्लत से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस 1.42 लाख हेक्टेयर में धान की फसल लेने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कुल 1लाख658 हजार 180 किसान है। इनमें से 1 लाख 21 हजार 288 किसान सहकारी समितियों में पंजीकृत है तथा इतने ही किसान समर्थन मूल्य में धान बेचते है।

वहीं शहर से लगे हुए ग्राम सरसोपुरी, बलियारा, कंडेल सहित अनेक ग्रामों में खाद की किल्लत महसूस की जा रही है। खाद की किल्लत के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से फोन में चर्चा की गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कहीं भी खाद की किल्लत नहीं है हो सकता कहीं कहीं खाद वितरण में लेटलतीफी हो सकती है। किसानों की मांग के अनुसार उन्हें खाद मुहैय्या करायी जा रही है

पंडरिया क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ शुरू

- किरायेदारों की जांच, मकान मालिकों को हिदायत, बाहरी तत्वों पर कसा शिकंजा

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में बढ़ती बाहरी गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से दिनांक 29 मई 2025 को थाना पंडरिया क्षेत्र में पुलिस द्वारा सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान थाना प्रभारी पंडरिया नितिन तिवारी एवं छत्रक्ल बल, पुलिस लाइन कबीरधाम से प्राप्त अतिरिक्त बल तथा थाना पंडरिया के पुलिस स्टाफ ने समन्वयित रूप से भाग लिया। यह विशेष तलाशी अभियान पंडरिया नगर के विभिन्न वार्डों, गली-मोहल्लों एवं किराए के मकानों में चलाया गया, जिसमें बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच-पड़ताल की गई।

गश्त के दौरान पुलिस दल ने कई घरों में दस्तक देकर किरायेदारों की पहचान, दस्तावेजों की वैधता एवं उनके निवास के उद्देश्य की जांच की। इस दौरान कुछ स्थानों पर ऐसे किरायेदार भी पाए गए जिनकी जानकारी मकान मालिकों ने स्थानीय पुलिस को नहीं दी थी। इस पर पुलिस ने संबंधित मकान मालिकों को सख्त हिदायत दी है कि भविष्य में किसी भी किरायेदार को रखने से पूर्व उसका पूरा सत्यापन कर नजदीकी थाना/चौकी में सूचना दें, अन्यथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अपराधियों की संभावित घुसपैठ को रोकना तथा स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया है कि ऐसे तलाशी एवं स्विचिंग अभियान समय-समय पर जारी रहेंगे, ताकि जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि अपने मोहल्ले, कॉलोनी या आसपास किसी भी अज्ञात, संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें, तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। यह अभियान यह भी दर्शाता है कि पुलिस अब हर स्तर पर सतर्क है और कानून को चुनौती देने वालों पर कठोर कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

आकाशीय बिजली का कहर एक की मौत, आठ घायल

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार तहसील के ग्राम पहंदा में बुधवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से 26 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना बुधवार को उस वक्त हुई जब पहंदा गांव में बारिश शुरू हो गई थी। बारिश से बचने के लिए प्रतीक कोसले (26) और आठ

अन्य ग्रामीण पुराना आंगनबाड़ी भवन के पास रुके हुए थे। इसी दौरान उन पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से प्रतीक कोसले की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों का हालचाल पूछा और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. अवस्थी ने बताया कि भर्ती सभी आठ लोगों का इलाज जारी है और उनकी स्थिति स्थिर है।

एमपी-गुजरात तक बिक रहे धमतरी के केले

- कुण्डेल के सुरेश को केले की खेती ने दिलाई अलग पहचान

धमतरी/नवप्रदेश। अगर गंगरेल की तिलपिया मछली अमेरिका तक बिक सकती है, तो धमतरी के केले भी मध्यप्रदेश और गुजरात राज्यों के बड़े शहरों में बिक रहे हैं। जिले के कुण्डेल गांव के प्रगतिशील किसान सुरेश कुमार नत्थानी के खेत से उत्पादित केले मध्यप्रदेश, गुजरात तक जा रहे हैं। इससे सुरेश को आर्थिक लाभ तो हो ही रहा है, साथ ही धमतरी जैसे छोटे जिले में केले की खेती से दूसरे किसानों के लिए भी संभावनाएं बढ़ रहीं हैं। केले की खेती के लिए सुरेश नत्थानी को शासकीय योजनाओं का भी भरपूर लाभ मिला है। खुद सुरेश कहते हैं कि यदि इच्छा शक्ति हो और सरकार की योजनाओं का ठीक ढंग से उपयोग किया जाए, तो खेती एक लाभदायक व्यवसाय बन सकती है। खेती से आप खुद के लिए आय तो पा ही सकते हैं, दूसरे लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं। मगरलोड विकासखण्ड के कुण्डेल के युवा किसान श्री सुरेश नत्थानी के पास लगभग 24 एकड़ कृषि भूमि है। इसमें से लगभग 14 एकड़ रकबे में वे टिशू कल्चर वाले केले के पौधों का रोपण कर उन्नत खेती कर रहे हैं। इसके साथ ही बाकी बची भूमि पर वे खीरा, लौकी, मिर्ची, टमाटर जैसी साग-सब्जियां भी लगा रहे हैं।

त्थानी ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में उद्यानिकी विभाग से मार्गदर्शन और कृषि विकास योजना के तहत शासकीय अनुदान पर केले की खेती शुरू की थी और एक एकड़ में लगभग 20 टन उत्पादन भी लिया था। सुरेश नत्थानी अभी लगभग 14 एकड़ में टिशु कल्चर आधारित केले की खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि केले की फसल दो साल तक चलती है। एक बार पौधे रोपने के बाद फसल से दो साल तक उत्पादन मिलता है। इससे दूसरे साल पौधे रोपने की लागत बच जाती है और किसानों को शुद्ध लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि उनके खेत में 20 टन प्रति एकड़ केले का उत्पादन हो रहा है। पहले साल लगभग एक लाख रूपये प्रति एकड़ और दूसरे साल लगभग डेढ़ लाख रूपये प्रति एकड़ का शुद्ध फायदा मिला है। सुरेश अपने खेत के केलों को ना सिर्फ धमतरी, रायपुर, बिलासपुर के स्थानीय बाजार में बेचते हैं, बल्कि थोक फल व्यापारियों के माध्यम से मध्यप्रदेश-गुजरात जैसे अन्य राज्यों तक भी भेज रहे हैं। सुरेश ने बताया कि उनके खेत में काम करने के लिए आसपास के गांवों के 100 से ज्यादा लोग भी आते हैं, जिससे उन्हें गांव के पास ही रोजगार मिल जाता है। केले की खेती ने सुरेश को जिले ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्रगतिशील किसान के रूप में अलग पहचान दी है।

पति की संदिग्ध मौत, जांच की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

कोरबा/नवप्रदेश। एक महिला आनंद बाई ने अपने पति की मौत की जांच के लिए कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी से मुलाकात की और निवेदन किया कि उनके पति की मौत के संबंध में उचित जांच की जाए। एसपी ने जांच का आश्वासन दिया है।

आनंद बाई ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पति राजकुमार यादव 14 मार्च 2025 को शाम 5:30 बजे घर से निकले थे और रात में घर नहीं लौटे। अगले दिन सुबह 8:00-8:30 बजे उन्हें फोन के माध्यम से जानकारी मिली कि उनके पति ग्राम दादर निवासी भगवान सिंह राठिया के मकान में बेहोश पड़े हैं। जब वे वहां पहुंचीं तो देखा कि उनके पति की मृत्यु हो गई थी और उनके चेहरे, पीठ और गले में चोट के निशान थे।

रफ्तार का कहर ... दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे है ये वाहन चालक, भयावह स्थिति, पुलिस कार्रवाई का कोई भय नहीं

नशेड़ी व नाबालिग वाहन चालक मार रहे हैं फर्राटे

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। नगर में इन दोनों तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के कारण दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ गई है नगर में 15 वार्ड क्षेत्र आते हैं जिनमें कई युवा नशे की हालत में व छोटे-छोटे बच्चे दो पहिया वाहन चार पहिया वाहनों को बहुत तेजी से नगर में घूमते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं जिनके कारण से नगर में दुर्घटनाओं की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है नगर के आसपास के गांव क्षेत्र में भी बच्चों को इस तरह से वाहन चलाते अधिकांश देखा जा सकता है गंडई के मुख्य चौक में कई बार पुलिस कार्यवाही करते देखी गई है लेकिन निरंतर पुलिस के द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पहल नहीं होने के कारण ऐसे नशेड़ी व नाबालिक बच्चों को आसानी से तेज वाहन चलाते मिल जाते हैं कुछ रसूखदार लोग पुलिस की कार्यवाही को भी मजाकिया लेते हुए अपने बच्चों को और वाहन देते है उन्हें रोकने के बजाय आम नागरिकों से झगड़ा करते हैं,नगर के चौक चौराहा रास्ते पर वहां चलवाते हैं गंडई से पंडरिया मार्ग पर भी जो कि नगर का सबसे सघन क्षेत्र है वहां भी कई वाहन चालक दो पहिया और चार पहिया वाहनों को बहुत तेजी से चलाते हैं आसपास के लोगों के द्वारा आपत्ति करने पर उनसे ही उलझ कर लोगों को कई बार गाली गलौज करने लग जाते हैं ऐसे वाहन चालकों को कोई भी समझाएं तो वह अपनी गलती मानने के बजाय उनसे झगड़ा करने लगते हैं धीरे-धीरे यह समस्या नगर में व आसपास में काफी बढ़ रही है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है और लोगों की जान जोखिम में आ गए हैं गंडई से पंडरिया मुख्य चौक से

गांधी चौक तक नगर का एक अति महत्वपूर्ण मार्ग है जिसमें छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग तक गुजरते हैं खासकर महिलाओं व छात्राओं को इन मार्गों पर काफी दिक्कत होती है,इस मार्ग में नगर के अधिकांश स्कूल,बैंक आते हैं जहां हमेशा भीड़ बनी रहती है आए दिन इन नाबालिक बच्चों व नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से इनके हसले बुलंद हो गए हैं रात में भी पुलिस की गस्त नहीं होने के कारण मैदान के आसपास नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है गंडई के मुख्य चौक में कवर्धा की ओर से आने वाली गाड़ियां भी ,रायपुर दुर्ग से होकर आने वाली गाड़ियां, राजनांदगांव की ओर से आने वाली गाड़ियां और पंडरिया की ओर से आने वाली गाड़ियों का चौराहे पर मिलन हो जाता है जिससे कि कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है व्यावसायिक दृष्टिकोण से गंडई नगर जिले का प्रमुख नगर है लेकिन यातायात व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण यहां यातायात व्यवस्था सुगम होने के बजाय परेशानियों से भरा हो जाता है कई बार यात्री बसें इस चौक पर फंसकर अपने समय से विलंब हो जाती है जिससे यात्रियों को बस स्टैंड नहीं पहुंच कर अपने-अपने मार्ग पर उतार कर चली जाती है जिससे यात्री पुन अपने बस को पकड़ने के लिए भटकते नजर आते हैं जिन्हें ऑटो रिक्शा के सहारे अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ती है बस के विलंब से बस स्टैंड पहुंचने पर बस मुंशी उन्हें बस स्टैंड में खड़ा नहीं होने देते क्योंकि दूसरे बस का समय हो जाता है नगर में इन में इन दिनों वाहनों की स्थिति भयवाह हो गई है इसलिए आम नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि नगर के मुख्य चौक तिरंगा चौक गंडई व अन्य जगहों पर निरंतर नाबालिगबच्चों व नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफकैंप लगाकर कार्यवाही की जाए तो बहुत जल्दी इस तरह के बेवजह होने वाली दुर्घटनाओं से व दिक्कतों से नगर व क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सकती है नगर पंचायत व पुलिस विभाग संयुक्त रूप से नगर के यातायात व्यवस्था पार्किंग व्यवस्था को चिन्हित कर सुंदर ढंग से नगर के व्यापार व्यवसाय में बढ़ोतरी कर विभाग का राजस्व बढ़ाया जा सकता है बिना किसी भेदभाव के सभी के साथ समानता के साथ ऐसे चालकों को समझाइस व कार्रवाई के माध्यम से नगर , आसपास के लोगों को एक बेहतर आवागमन के लिए आमंत्रित कर सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com